नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि शनि ग्रह देवी कालरात्रि द्वारा शासित हैं।

नवरात्रि का सातवां दिन

कालरात्रि

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 353 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | बुधवार | 09 अक्टूबर, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

हरियाणा में 'कमल' खिला

कांग्रेस ने कहा, नतीजे चौंकाने वाले, सीएम नायब सैनी बोले, कांग्रेस का झूठ नहीं चला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा में बीजेपी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। राज्य में ऐसा करने वाली वह पहली पार्टी होगी। राज्य की कुल 90 सीटों में से पार्टी ने 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 8 सीटों का फायदा हुआ है। उधर, कांग्रेस ने 37 सीटें जीती हैं। इसे भी इस चुनाव में 6 सीटों का फायदा हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी लाडवा और कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा गढ़ी-सांपला सीट से जीत गए हैं। कांग्रेस ने रिजल्ट को चौंकाने वाला बताया है। वहीं सीएम सैनी ने कहा कि जनता ने कांग्रेस के झूठ को नकार दिया है। क्क्क्क की बढ़त के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नायब सिंह सैनी को फोन किया और जीत पर बधाई दी। इस बीच खबर आ रही है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण दशहरा यानी 12 अक्टूबर को हो सकता है।

डेढ़ घंटे में रुझान कांग्रेस के हाथ से निकले

मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। रुझान आते ही कांग्रेस ने बढ़त बना ली थी और कुछ देर तक एक तरफा जीत की ओर थी। पार्टी ने 65 सीटों को छू लिया था। भाजपा कम होकर 17 सीटों पर आ गई थी। लेकिन 9:30 बजे भाजपा टक्कर में आई और दोनों पार्टियों में दो सीटों का अंतर रह गया। सुबह 9:44 बजे एक समय ऐसा भी आया जब दोनों पार्टी 43-43 सीटों पर आ गईं। इसके बाद भाजपा 51 सीटों तक पहुंच गई। करीब 11 बजे से भाजपा की सीटें 47 से 51 के बीच रही। बाद में 48 सीटें हासिल की। हरियाणा में इस बार 67.90 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पिछले चुनाव में 68.20 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

हरियाणा की जनशक्ति को नमनः पीएम

हरियाणा का हृदय से आभार। भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

जम्मू-कश्मीर के चुनाव बेहद खासः पीएम

जम्मू-कश्मीर के चुनाव बेहद खास रहे। अनुच्छेद 370 और आर्टिकल 35 ए हटने के बाद पहली बार चुनाव हुए थे। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे साफ है कि लोगों का लोकतंत्र में विश्वास कायम है। मैं इसके लिए जम्मू-कश्मीर के प्रत्येक व्यक्ति को बधाई देता हूं।

'कश्मीर घाटी में फिर जिंदा हो गया लोकतंत्र, कभी कांग्रेस ने धांधली कर उड़ाया था मजाक'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने का वादा किया था। अस्सी के दशक में आतंकवाद आने के बाद वहां की जनता ने पहली बार पारदर्शी चुनाव होते देखे हैं। शाह ने इसके लिए चुनाव आयोग, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, सुरक्षा बलों और जनता को सफल व ऐतिहासिक चुनावों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर की जनता ने भाजपा को इस विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद दिया है और भाजपा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक सीट दी हैं। इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही, जम्मू-कश्मीर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई देता हूं।

जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस की सरकार

फारूक अब्दुल्ला बोले, उमर अब्दुल्ला सीएम बनेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की। गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा 42, कांग्रेस को 6 और सीपीआई (एम) को एक सीट मिली। सरकार बनाने के लिए 46 सीटों की जरूरत है। भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं। पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले 4 सीटों का फायदा हुआ है। हालांकि जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना नौशेरा सीट से एनसी कैंडिडेट से करीब 8 हजार वोटों से हार गए। उन्होंने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी ने 3 सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में पार्टी को 28 सीटें मिली थीं। पहली बार चुनाव लड़ रहीं महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा बिजबेहरा सीट से करीब 9 हजार से ज्यादा वोटों से हार गईं। जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने पहली बार जीत दर्ज की है। डोडा सीट से मेहराज मलिक ने भाजपा के गजय सिंह राणा को 4500 से ज्यादा वोटों से हराया। वहीं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को एक सीट पर जीत मिली। 7 पर निर्दलीय जीते। संसद पर हमले के आरोपी अफजल गुरु के भाई ऐजाज गुरु को सोपोर सीट पर 129 वोट मिले।

11 या 12 अक्टूबर को शपथ ग्रहण हो सकता है

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले सीएम होंगे। 11 या 12 अक्टूबर को शपथ ग्रहण हो सकता है। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर पीडीपी कैंडिडेट को हराया।

पत्रकारों के हित में शासन से मिलेगा उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का प्रतिनिधिमंडल

समिति का पंजीयन होने के बाद प्रथम बैठक में लिया गया निर्णय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- समिति के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सूचना से विस्तार से चर्चा करेगा
- तय हुआ, प्रदेश के सभी जनपदों में जिला संयोजकों का मनोनयन कर दिया जाए ताकि वे जल्द जिला कमेटी का गठन कराया जा सकें

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का पंजीयन होने के बाद प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही समिति का प्रतिनिधिमण्डल समिति के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सूचना/मुख्यमंत्री व निदेशक सूचना से शीघ्र मिलकर वार्ता करेगा। बैठक मनोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति के महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों को समिति के नियमों, उद्देश्यों व पंजीयन के बारे में समिति के संरक्षक अशोक कुमार नवरत्न ने जानकारी दी। बैठक में समिति के उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने एकमत होकर निश्चित किया कि प्रदेश के सभी जनपदों में जिला संयोजकों का मनोनयन कर दिया जाए ताकि वे शीघ्र से शीघ्र जिला कमेटी का गठन करके प्रदेश कमेटी को अवगत करा सकें।

समिति का प्रतिनिधिमण्डल समिति के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सूचना/मुख्यमंत्री व निदेशक सूचना से शीघ्र मिलकर वार्ता करेगा।

बैठक में नीरज श्रीवास्तव, योगेंद्र विश्वकर्मा, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, राज बहादुर, श्रीप्रकाश तिवारी, विजय कुमार यादव, अश्वनी गुप्ता, मो0 शरीफ, अनिल कुमार सिंह, आशिफ अहसान जाफरी, मंजू श्रीवास्तव, राहुल कुमार मिश्रा, नितिन श्रीवास्तव, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों का बढ़ सकता है मानदेय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के 1.40 लाख शिक्षामित्रों, 25 हजार अनुदेशकों और रसोइयों को दीपावली से पहले मानदेय वृद्धि का तोहफा मिल सकता है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के साथ विभिन्न संगठनों की बैठक में इस पर सकारात्मक सहमति बनी है। मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव सीएम के सामने रखा जाएगा। विधानभवन स्थित मंत्री के कार्यालय में हुई वार्ता में शिक्षामित्र संगठनों ने मूल विद्यालय वापसी, मेडिकल सुविधा व मृत शिक्षामित्रों के परिजनों के समायोजन की मांग की। इस पर मंत्री ने कहा कि मूल विद्यालय में वापसी पर जल्द निर्णय होगा। उप्र. प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला व महामंत्री सुशील कुमार ने बताया कि मृत शिक्षामित्रों के परिजनों को भी आंगनबाड़ी में समायोजित करने पर विचार किया जाएगा। आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के विश्वनाथ सिंह कुशवाहा व उमेश कुमार पांडेय ने शिक्षामित्रों को 12 माह का मानदेय देने, शिक्षक की योग्यता पूरी करने वाले शिक्षामित्रों को अतिरिक्त छूट देने की मांग उठाई। इस पर मंत्री ने मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान की बात कही।

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में उतरी बस, एक की मौत, 13 घायल

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

यूपी के कांट-जलालाबाद रोड पर पिपरोला चौकी के पास शाहजहांपुर डिपो की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। हादसे में तीन महिलाओं समेत 14 लोग घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में कांट थाना क्षेत्र के गांव गुरथना निवासी राजीव (55) की मौत हो गई। यात्रियों के मुताबिक, चालक नशे में था। शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद को जाने वाली अनुबंधित बस में 42 यात्री थे। बरेली मोड़ से रोडवेज बस कांट की ओर रवाना हुई।

महाकुंभ में शामिल हो सकते हैं 50 करोड़ श्रद्धालु, पर्यटन मंत्री बोले

10 दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे सारे काम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ अगले साल प्रयागराज में होगा। 2019 में हुए अर्ध कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में 50 करोड़ श्रद्धालु आएंगे। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा के काम हो रहे हैं। दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों की समीक्षा की है। 10 दिसंबर तक सारे काम पूरे होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भी 10 दिसंबर के बाद कभी भी आ सकते हैं। पर्यटन मंत्री मंगलवार को लोकभवन में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कृति विभाग पूरे विश्व में कुंभ का प्रचार करेगा। हर राज्य व उसकी राजधानी में, यूपी के सभी मंडल पर आयोजन होंगे। सभी अकादमियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। पूरे प्रदेश में रोड शो, बाल कुंभ, कवि कुंभ, भक्ति कुंभ और कला संस्कृति कुंभ का आयोजन होगा। फोटो प्रतियोगिता और प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। उप शास्त्रीय गायन, वादन होगा। पेंटिंग और छायांकन प्रदर्शनी भी होगी। भारतीय नाट्य अकादमी नाट्य प्रस्तुति का आयोजन करेगा। लोक जनजाति संस्थान प्रस्तुति देगा। रंगोली बनाएगा। पुरातत्व निदेशालय कुंभ पर ओपन क्विज कराएगा। मंडल स्तर कार्यक्रम में पर्यटन, धर्मार्थ कार्य, सूचना विभाग और शैक्षिक संस्थान को जोड़ेंगे। आयोजन में कलाकार भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार से कार्यक्रम प्रारंभ हो रहे हैं। जीपीओ पार्क से अभिनंदन रोड शो निकलेगा। शाम 6 बजे 1090 मरीन ड्राइव पर समापन होगा। नेपाल, मॉरीशस, इंडोनेशिया, श्रीलंका कंबोडिया, गुयाना, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनाड़ी, फिजी, सूरी नाम, थाईलैंड और सिंगापुर समेत आधा दर्जन देशों में रोड शो होंगे।

अफसर और विधायक बैठेंगे 'भली-भली' जनता कब तक रहेगी 'खड़ी-खड़ी'

विधायकों की शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने निर्देश दिए हैं कि अफसर को ठीक वैसी ही कुर्सी विधायकों को उपलब्ध करानी होगी जैसी पर वे खुद बैठे हैं

- अफसरों के पास अपनी समस्या लेकर जाने वाली जनता को लोकतंत्र में जीने का सम्मान कब मिलेगा
- अफसरों के दफ्तरों में लोग इस तरह न्याय के लिए गिड़गिड़ाते हैं जैसे वह अपराधी हों या किसी राजा के सामने फरियादी हों
- अधिकारियों और कर्मचारियों में जनता के प्रति भी सेवा और आदर भाव विकसित किया जाना चाहिए

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। प्रदेश के अफसर अब विधायकों को अपनी कुर्सी का जलवा दिखाने से बचेंगे। दरअसल, विधायकों की शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने निर्देश दिए हैं कि अफसर को ठीक वैसी ही कुर्सी विधायकों को उपलब्ध करानी होगी जैसी पर वे खुद बैठे हैं। इस निर्देश का सख्ती से पालन करना होगा। निश्चय ही यह एक स्वागत योग्य कदम है। सवाल उठता है कि अफसरों के पास अपनी समस्या लेकर जाने वाली जनता को लोकतंत्र में जीने का सम्मान कब मिलेगा। अफसरों के दफ्तरों में लोग इस तरह न्याय के लिए गिड़गिड़ाते हैं जैसे वह अपराधी हों या किसी राजा के सामने फरियादी हों। जबकि नियमानुसार सरकारी अफसर जनता की सेवा और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए नियुक्त किए गए हैं। इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों में जनता के प्रति भी सेवा और आदर भाव विकसित किया जाना चाहिए।

डीएम, एसपी, कमिश्नर और पुलिस आयुक्त सभी पर नियम लागू होगा

अब यूपी के डीएम, एसपी, कमिश्नरों और पुलिस आयुक्तों समेत अन्य सभी अधिकारियों को विधायकों को बराबर का सम्मान देना होगा। उन्हें ठीक वैसी ही सुसज्जित कुर्सी पर बैठाना होगा, जिस पर वे खुद विराजमान रहते हैं। अगर ऑफिसर की कुर्सी पर तौलिया पड़ी है तो उन्हें विधायकों के लिए भी तौलिया लगी कुर्सी का इंतजाम करना होगा। अगर अधिकारी सोफे पर बैठे हैं तो विधायकों को भी सोफे पर बिठाना होगा।

संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र

इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह द्वितीय ने सभी अपर मुख्य सचिवों व प्रमुख सचिवों, डीएम और कमिश्नरों को पत्र भेज कर ये व्यवस्था लागू करने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि सदस्यों की प्रोटोकॉल से जुड़ी बैठक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में पिछले महीने हुई थी।

विधायकों ने बताया था अपना दर्द

इस बैठक में ये जिक्र किया गया कि शासन व जिलों में आयोजित बैठकों में विधायक को जब आमंत्रित किया जाता है, उनमें अधिकारी अपेक्षाकृत ऊंची एवं सुसज्जित (टॉवेलयुक्त) कुर्सियों पर बैठते हैं। जबकि सदस्यों के बैठने के लिए सामान्य कुर्सियां लगी होती हैं या अधिकारी सोफे पर बैठकर मीटिंग करते हैं और सदस्य कुर्सियों पर बैठे रहते हैं। यह घोर आपत्तिजनक है।

जनप्रतिनिधियों का कद तो पहले ही अफसरों से ऊपर

जनप्रतिनिधि (सांसद एवं विधान मंडल के सदस्य) का कद तो पहले से ही अफसरों के ऊपर है। इसका स्पष्ट उल्लेख राज्य सरकार द्वारा निर्गत सब्सिडियरी वारंट ऑफ प्रिसीडेंस में किया हुआ है। मौजूदा व्यवस्था और अधिकारियों का रवैया इसका खुला उल्लंघन है। नए दिशा निर्देशों के बाद अब अधिकारी बैठकों में आमंत्रित सांसद और विधायक के प्रोटोकॉल के हिसाब से बैठने की सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

रिपोर्ट प्रदेश की बेटियों को मिलेगा प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव, निपुणता और नेतृत्व क्षमता का होगा विकास

योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को मिलेगा अनूठा अवसर
- पहल के तहत प्रत्येक जनपद से चयनित की जाएंगी 100-100 बालिकाएं
- ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर बनेंगी एक दिन की अधिकारी
- हर वर्ग, जाति और श्रेणी की बालिकाओं को मिलेगा एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर

योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए

प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इन छात्राओं को भी मिल चुका है अवसर

इसी तरह से चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। मनोरमा ने इस दौरान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और विभिन्न मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है। बता दें कि चित्रकूट जनपद के पारो नाम की छात्रा को भी एक दिन का बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) बनाया गया था, जिस दौरान पारो ने भी इन बालिकाओं की तरह विभागीय सुनवाई जैसे कार्यों का निर्वहन किया और उनके समाधान के निर्देश दिए।

लोगों की समस्याओं का करेंगी निस्तारण

इस योजना के तहत चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह अनुभव उन्हें निर्णय लेने की क्षमता और सामर्थ्य को निखारने में मदद करेगा, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

शालू और भूमिका बन चुकी हैं एक दिन की डीएम

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। इस दौरान शालू ने मिशन शक्ति की बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किया, अधिकारियों का परिचय लिया और मिशन शक्ति के कार्यों की रूपरेखा पर निर्देश दिए थे तो कासगंज की टॉपर भूमिका ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कासगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिन का जिलाधिकारी बन जनसमस्याओं की सुनवाई की और उनके समाधान के निर्देश दिए।

77वें समागम की सेवाओं का विधिवत शुभारंभ

✻ सेवा को भेदभाव की दृष्टि से न देखकर निष्काम भाव से करें

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

इस संसार में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं, जिनकी अलग-अलग भाषा, वेश-भूषा, खान-पान, जाति, धर्म और संस्कृति आदि हैं। पर इतनी विभिन्नताओं के रहते हुये भी, हम सब में एक बात सामान्य है कि हम सब इंसान है। कैसा भी हमारा रंग हो, वेश हो, देश हो या खान-पान, सबकी रंगों में एक सा रक्त बहता है और सब एक जैसी सांस लेते है। हम सब परमात्मा की संतान हैं। इसी भाव को अपने संतो ने अलग-अलग समय और स्थानों पर अपनी भाषा और शैली में 'समस्त-संसार, एक परिवार' के संदेश के रूप में व्यक्त किया। पिछले लगभग 95 वर्षो से संत निरंकारी मिशन भी इसी संदेश को न केवल प्रेषित कर रहा है, बल्कि अनेक सत्संग और समागम का नियमित रूप से आयोजन कर, इस संदेश का जीवंत उदाहरण भी पेश कर रहा है। मिशन के लाखों भक्त इस वर्ष भी 16, 17 और 18 नवम्बर 2024 को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, हरियाणा में होने वाले 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में पहुँचकर मानवता के महाकुम्भ का एक बार फिर से नजारा सजाने जा रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले ये भक्त जहाँ सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज और सत्कारयोग निरंकारी राजपिता रमित के पावन दर्शन करके स्वयं को कृतार्थ अनुभव करेंगे, वही मिलजुलकर संत समागम की शिक्षाओं से अपने मन को उज्जवल बनानें का प्रयास भी करेंगे। यह जानकारी ब्रांच चित्रकूट के मुखी शिवभवन द्वारा दी गयी।

इस संत समागम की भूमि को समागम के लिये तैयार करने की सेवा का शुभारम्भ हर वर्ष की भाँति सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी के सभी सदस्य, केन्द्रीय सेवादल के अधिकारी और सत्संग के अन्य हजारो अनुयायी मौजूद रहे। समागम सेवा के शुभ अवसर पर सतगुरू माता ने बताया कि सेवा करते समय सेवक को भेद-भाव की दृष्टि से नहीं देखना चाहिये अपितु सदैव निरिच्छत, निष्काम भाव से ही की जानी चाहिये। सेवा कभी वरदान साबित होती है। जब उसमें कोई किन्तु, परन्तु नहीं होता। इसकी कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिये कि समागम के दौरान तथा समागम के समाप्त होने तक की सेवा करनी है, बल्कि अगले समागम तक भी सेवा का यही जब्बा बरकरार रहना चाहिये। यह तो निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। सेवा सदैव सेवाभाव से युक्त होकर ही करनी चाहिये फिर चाहे हम शारीरिक रूप से अक्षम हो असमर्थ हो सेवा परवान होती है क्योंकि वह सेवा भावना से युक्त होती है।

सदगुरु नवरात्रि उत्सव में दिखे गुजरात के गरबा के रंग

✻ विभिन्न टीमों के 300 से अधिक प्रतिभागी प्रतिदिन दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

परमहंस संत रणछोड़दास महाराज द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय नेत्र सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्री उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का समस्त आयोजन सदगुरु महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन के संचालन में आयोजित हो रहा है।

सदुरू महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि विगत लगभग 40 वर्षों से नवरात्री उत्सव सदगुरु परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार से माँ भगवती की आराधना का क्रम चलता आ रहा है। पहले ढोलक की थाप पर महिलाएं गरबा नृत्य कर माँ की आराधना करती थी। समय के साथ इस पर्व का स्वरुप और बढ़ गया एवं आज सदगुरु परिवार के छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं के साथ सभी प्रकार के कार्यकर्ता भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस वर्ष कुल 16 टीमों में 300 से भी अधिक हर उम्र के प्रतिभागी डंडिया-गरबा की प्रस्तुति नौ दिवसों तक दे रहें हैं। इनमें से कुछ टीमों का महाष्टमी को फाइनल प्रतियोगिता होगी। इस वर्ष की प्रतिभागी टीमों में नन्ही परियाँ, बालगोपाल, सनातनी, माँ अम्बे, जगदम्बे, ईश्वरी, वैशाली, विनायक, छलिया, सिद्धि, वीणावादिनी, वैदेही, अनन्ता, वैष्णवी, विराटेश्वरी एवं गुरुकृपा हैं। प्रतिदिन सर्वप्रथम सभी माताजी का थाल और आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसके बाद टीमों की प्रस्तुति का क्रम आरम्भ होता है। शक्ति आराधना के इस महापर्व नवरात्री पर ट्रस्टी डॉ. बी.के. जैन, डॉ. इलेश जैन, महिला समिति अध्यक्ष उषा जैन ने समस्त चित्रकूट वासियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

संयुक्त जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चित्रकूट मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय में किया गया। जिसमें 11 नवजात जन्मी बच्चियों में जिसमें अनिका, अदिति, आँचल, विनीता, अविका, नाव्या, रिया, मानसी, मानवी एवं वैनसी का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने एक बच्ची से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया। साथ ही मां बेटी को उपहार एवं मिष्ठान वितरण करके धूमधाम से कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि लडका-लडकी में भेदभाव न करें। दोनों को समान शिक्षा दें, जिसमें बेटियां भी अपने पैरों पर खडे होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। बेटी बचाओं, बेटी पढाओं अभियान भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। साथ ही समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढावा देना है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि अपने बालक और बालिका में किसी प्रकार का भेदभाव न करते हुए दोनों को आगे बढने के समान अवसर प्रदान करें। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरुक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह द्वारा रघुबीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलिज पहाडी में, थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज द्वारा चित्रकूट इण्टर कॉलिज में, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी द्वारा सनराईज पब्लिक स्कूल सरधुवा में, प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश कुमार मौर्य द्वारा कार्तिकेय विद्यालय बरगढ में तथा थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह द्वारा शारदा इण्टर कॉलिज भरतकूप में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्राओं को समाज में चल रहे साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुये बताया गया कि सोशल मीडिया के प्रयोग करते समय अपने पासवर्ड किसी से साझा न करें। साथ ही किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी न बतायें। साइबर सम्बन्धी अपराध की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल कॉल करें। इस दौरान छात्राओं को मोबाइल कम्पनी से कॉल, टू-कॉलर का दुरुपयोग, सोशल मीडिया के माध्य से आने वाली वीडियो कॉलिंग, सेल्फी से बायोमैट्रिक, डिजिटल अरेस्ट, वॉयस क्लोनिंग या कहें आवाज की मिमिक्री द्वारा साइबर फ्रॉड, स्कूल गये बच्चों के नाम पर मैसेज, कॉल करके, कोरोना वैक्सीन के नाम पर कॉल करके, वाहन सीज कराने के नाम पर कॉल आदि के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

एचआईवी पॉजिटिव रोगियों को वितरित किया गया पोषण किट

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अग्रणी संस्था सेवा भारती द्वारा एचआईवी पॉजिटिव रोगियों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को पोषण किट वितरण कर समाज से जोडने का कार्य किया गया।

जिला अस्पताल सोनेपुर के सभागार में सभी रोगियों को दलिया, केला, बिस्किट, पानी की बोतल, कॉपी, पेंसिल, खेल किट, टिफिन सोयाबीन की बडी आदि सामग्री मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा वितरित की गई। साथ ही सभी रोगियों को सरकार से मिलने वाली योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गयी।

सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे ने कहा कि यदि बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य में किसी तरह की आवश्यकता हो तो खुले मन से अपनी बात को कहें, जिससे वह इन होनहारों की मदद कर पाएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि शासन से मिलने वाली विभाग द्वारा मदद के लिए किसी भी समय फोन या ऑफिस में आकर संपर्क कर सकते हैं, जो पात्र हैं उन्हें विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली राशि आदि के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सभी रोगी अपना इलाज नियमानुसार नियमित रूप से करवाएं। किसी तरह का कोई संकोच न करें। यह संकोच जीवन के लिए खतरा बन सकता है। अस्पताल में दवाओं की कोई कमी नहीं है। इस बीमारी को दिमाग में न पनपने दें।

इस मौके पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला, जिला प्रचार प्रमुख शंकर यादव, कोषाध्यक्ष राज किशोर त्रिपाठी,, काउंसलर रवि मिश्रा, एसटीआई संदीप कुमार, जीपीटीसीटी अशोक कुमार गुप्ता, एएनपी गुडिया, स्टाफ नर्स सुमित्रा गर्ग, पीपीटीसीटी राखी शुक्ला, परिवार कल्याण सुषमा खरे, आईसीटीसीटी अंजयन सिंह, एलटी सत्य प्रकाश, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

चार धाम के लिए निकली बस अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी

जन एक्सप्रेस । उरई। एट थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी बस टोल के समीप आगे चल रहे ट्रक के ब्रेक लगाने के कारण अनियंत्रित होकर गंधक में पलट गई। एट थाना झांसी कानपुर हाईवे के टोल के पास दोपहर चित्रकूट से उज्जैन जा रही तीर्थ यात्रियों की बस आगे जा रहे ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने के कारण अनियंत्रित होकर बांई तरफ खाई में चली गई। जिससे उसमें सवार मनीषा पत्नी शैलेश सरदारा निवासी स्वामीनारायण मंदिर लॉयज मगरोल गुजरात, फाल्गुनी बेन पत्नी विपुल, शैलेश पुत्र मोहन सरदार करीब 45 वर्ष, प्रकाश पुत्र मनसुख लाल 40 वर्ष निवासी. चालक भारत सिंह पुत्र कांची निवासी भुज कच्छ थाना भुज जनपद भुज गुजरात 46 वर्ष मामूली रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल उरई भिजवाया गया। बस में कुल चालक सहित 19 लोग (03 पुरुष 16 महिलाएं) सवार थे। शेष लोगों को टोल प्लाजा के हाल में सुरक्षित ठहराया गया है। तथा उनकी अन्य वाहन द्वारा भेजा जा रहा है स्वामीनारायण मंदिर गुजरात से चार धाम की यात्रा पर निकले थे।

कालाकारों का शानदार नाट्य मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मानिकपुर। तहसील क्षेत्र के ऐंचवारा गांव में हो रही रामलीला के दौरान सोमवार की रात राम धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ। रामलीला मंचन का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने किया। जनक का अभिनय कर रहे आदित्य कुमार ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंबर की घोषणा किया। जिसमें कहा कि जो वीर योद्धा भगवान शिव के धनुष खंडन करेगा। वह उसके साथ ही अपनी पुत्री का विवाह करेगें। यहां वीर योद्धाओं के धनुष को उठा तक न पाने पर जनक ने विलाप करना शुरू कर दिया। इसके बाद भगवान राम बने कान्हा ने गुरू विश्वामित्र की अनुमति पर धनुष का खंडन किया। जिसके बाद सीता ने जयमाला डालकर भगवान राम को वर चुना। वहीं धनुष खंडन होने की टंकार सुनकर परशुराम बने रविकांत पांडेय अपना फरसा लेकर क्रोधित भाव में प्रगट हुए। जहां पर भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण बने प्रतीक से उनका जमकर संवाद हुआ। इस दौरान परशुराम-लक्ष्मण संवाद का आनंद लोगों ने सुबह तक उठाया। वहीं पेटूराजा बने पूर्व प्रधान त्रिवेणी प्रसाद भास्कर ने लोगों को हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुनील शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, रामकिशोर मिश्रा, बुआराम शुक्ला, जागेश्वर तिवारी, डा दिनेश मिश्रा, पूर्व प्रधान अवधेश शुक्ला, विजय शुक्ला, कमलेश मिश्रा, डा सुरेंद्र अग्रवाल, अजय मिश्रा, विनोद द्विवेदी, अरविंद राय आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने झांसी जाते समय रास्ते में तोड़ादम

जन एक्सप्रेस । उरई। सड़क हादसे में घायल हुई वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। झांसी जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंधा निवासी 60 वर्षीय संतोष अहिरवार किसी काम से झांसी गया हुआ था। इसी दौरान उसे झांसी शहर के अंदर हनुमान सखी मंदिर के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वहां के लोगों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर उसके स्वजन व पुलिस को भी सूचना दी थी। वृद्ध का एक महीने तक मेडिकल कालेज में इलाज चला लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो सोमवार को डाक्टरों ने जवाब दे दिया था। इसके बाद स्वजन उन्हें घर लेकर आ रहे थे और पूंछ जिला झांसी के पास पहुंचते ही वृद्ध की मौत हो गई। इसके बाद स्वजन शव घर ले गए जहां पर सूचना के बाद कोटरा थानाध्यक्ष विजय पांडेय ने शव का पंचनामा भरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कलेक्ट में हुआ मतदान

जन एक्सप्रेस । उरई

जिला अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। सुबह 10 से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और देर शाम 5 बजे तक मतदान पड़े। अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने की टक्कर दिखाई पड़ रही है, हालांकि देर शाम तक रिजल्ट घोषित किया जाएगा। जनपद में 1475 मतदाता है, जिसमें 1125 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में अधिवक्ता अध्यक्ष पद के लिए तीन, कोषाध्यक्ष, महासचिव और कनिष्क उपाध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी मैदान में है। वही कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष के लिए तीन तथा संयुक्त सचिव के लिए पांच उम्मीदवारों के लिए मताधिकार का प्रयोग किया गया। बता दें की 16 सितंबर से जिला अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हुई थी,

27 सितंबर को इसके लिए मतदान होना था, मगर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा मतदान के लिए रोक लगा दी गई थी, इसके बाद 8 अक्टूबर की तिथि मतदान के लिए निर्धारित की गई थी। मंगलवार को सुबह 10 बजे से पांच तहसील जिसमें कोंच, कालपी, माधौगढ़, उरई, जालौन के 1475 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उरई के कलेक्ट्रेट में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं के सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस (ष्पश्च) नंबर जांच करने के बाद ही उन्हें मतदान करने दिया जा रहा है, जिन अधिवक्ताओं के सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस कार्ड नहीं है उन अधिवक्ताओं को मतदान कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। वहीं मतदाता सूची देखने के बाद ही अधिवक्ताओं को मतदान करने दिया जा रहा है।

वहीं एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन लाजपत राय सक्सेना ने बताया कि शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी, 1 घंटे की विश्राम होने पर 6 बजे से मतगणना का काम शुरू हो जाएगा, जो परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगा।

फास्ट फॉरवर्ड

जीजा ने भतीजे के साथ मिलकर साले का फोड़ा सर उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उरई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरसी में मामूली कहां सनी के बाद जीजा ने अपने भतीजे के साथ मिलकर साले की मारपीट कर दी। जिससे सर में डंडा लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्राम चौरसी में 22 सितंबर की शाम को दयाशंकर व उसका भतीजा मनोज उर्फ वकील घर में शराब पी रहे थे। इसी दौरान दयाशंकर का साला 48 वर्षीय हरनारायण घर पर आया उसका घर भी बगल में था। इसी दौरान हरनारायण की अपने जीजा दयाशंकर के साथ कुछ कहासुनी हो गई। जिस पर तैश में आकर दयाशंकर व उसके भतीजे मनोज ने हरनारायण के साथ मारपीट कर उसके सिर में डंडा मार दिया। जिससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद उसकी पत्नी जयदेवी व पुत्र 15 वर्षीय पुष्पेंद्र ने पिता को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। साथ ही कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनसीआर दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया था। हरनारायण की हालत खराब होने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज फिर वहां से ग्वालियर रेफर कर दिया था। 15 दिनों तक चले इलाज के बाद हालत में सुधार नहीं हुआ तो डाक्टरों ने जवाब दे दिया था। इसके बाद स्वजन उसे घर ले आए थे। जिस पर सोमवार की हरनारायण की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंचे चौकी इंचार्ज गौरव कुमार मिश्रा ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

डीएम व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जनपद आगमन पर एयरपोर्ट में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल ने पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद राज्य मंत्री ने भगवान कामतानाथ के दर्शन व पूजा अर्चन किया। इसके पूर्व कृषि मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों से जनपद की फसलों, बीज, उर्वरक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी की।

जनसुनवाई, आईजीआरएस में प्रदेश के 75 जिलों में चित्रकूट को मिला प्रथम स्थान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। माह सितम्बर 2024 में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों एवं उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा में जनपद पुलिस को उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में से प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी आईजीआरएस पर्यवेक्षण में निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव प्रभारी आईजीआरएस द्वारा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों का पालन कराते हुए की गयी। माह सितम्बर में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी जनसेवा, संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में जनपद पुलिस द्वारा सभी संदर्भों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी अनीशा बानो, मीरा तथा जनपद के समस्त थानों, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों ने सभी संदर्भों की ऑनलाईन फीडिंग की। साथ ही प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जिस कारण से जनपद को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सभी संदर्भों की ऑनलाईन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद के सभी 12 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

तेलू भोज खाने से करीब 5 दर्जन से अधिक लोग हुए फूड प्वाइजनिंग के शिकार

जन एक्सप्रेस । उरई

तेलू भोज खाने गए 60 से 70 लोगों को रात्रि में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर उन्हें फूड प्वाइजनिंग का एहसास हुआ। जिस पर तत्काल ही उनके परिवारीजनों ने एम्बुलेंस सहायता मांगी, तो सूचना मिलते ही मौके पर चार एम्बुलेंस सहायता पहुंच गईं और बीमार लोगों को उपचाए हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं कुछ लोग अपने निजी साधनों से ही बीमार लोगों को लेकर प्राईवेट डॉक्टरों की ओर दौड़ पड़े, जैसे ही मामले की सूचना स्थानीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को हुई तो वह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और मरीजों से मिलकर उनका हाल चाल जानते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला निवासी साहव सिंह पुत्र हरी प्रकाश ने अपनी भैंस के बच्चा हो जाने के बाद भैंस की तेलू भोज का आयोजन दिन सोमवार समय करीब रात्रि 8 बजे किया और गांव के लोगों को अपने घर पर तेलू भोज में सम्मलित होने के लिए बुलाया। जहाँ पर 60 से 70 लोगों ने तेलू भोज खाया और खाकर अपने अपने घर चले गए। तभी मध्य रात्रि के उपरांत करीब 2 बजे तेलू खाने बाले लोगों की हालत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गयी। जब ज्यादा हालत गम्भीर हुई तो उनके परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। जिस पर कंट्रोल रूम से तत्काल ही चार एम्बुलेंस सेवा ग्राम बरोदा कला पहुंच गईं। जिनमें मरीजों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं कुछ लोग अपने निजी संसाधनों से भी अपने परिजनों के साथ अस्पतालों में पहुंच गए। जहां पर तत्काल ही डॉक्टरों ने फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए मरीजों का उपचार शुरू कर दिया और स्थानीय प्रशासन व स्वस्थ्य बिभाग के उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और जिन लोगों की हालत गम्भीर दिखी उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों से मिले आलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

कोंच। ग्राम बरोदा कला में देर रात्रि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें 60 से 70 लोगों की बीमार होने की सूचना जैसे ही स्थानीय व जिला स्तर के अधिकारियों को हुई, तो जिले से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार सी एम ओ एनडी शर्मा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंच गए। जहाँ पर पहले से ही उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह तहसीलदार बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय मरीजों की देख भाल में लगे हुए थे। वहीं जनप्रति निधि क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन सुवह से ही मरीजों का हाल चाल लेते रहे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डटे रहे। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद नारायण दास अहिरवार ने भी स्वाथ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों का हाल चाल जाना। जिले से आये अधिकारियों में चिकित्सा प्रभारी से बात करते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही और जरूरत पड़ने पर सभी विकल्प चालू रखने को निर्देशित किया।

फूड प्वाइजनिंग शिकार लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं दी जा रहीं है- जनप्रतिनिधि

कोंच। थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला में बीती रात्रि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर सूचना मिलते ही सबसे पहले भा ज पा के क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन पहुंच गए और उन्होंने मरीजों से मिलकर उनका हाल चाल जाना और उनके तीमारदारों से मिलते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाने की बात कही वहीं शाम होते होते समाजवादी पार्टी के सांसद नारायण दास अहिरवार भी मरीजों से मिलने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और उन्होंने डॉक्टरों से मिलकर मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मीडिया से कहा कि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है जिन्हें और बेहतर इलाज की आवश्यकता है उन्हें जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जा रहा है।

फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए मरीजों में

कोंच। सुखलाल शिवम हरिमोहन रोशन कुमार फूल कुंअर कैलाश कुमार कोमल गौतम रामेश्वर दयाल राधिका राजकुमार प्रीति दिव्यांशी ऋतिक अर्चना वंश कुमार आरव फूला देवी मीरा गोमती अरुण कुमार राजेंद्र सोनम जसवंत राठौर गणेश जी राधिका गुड्डी देवी घनश्याम निशा अभिनय सोनाली सिद्धार्थ अचूक रंजीत लव रागिनी मोजीलाल सुनीता दिशा सुजीत सुप्रिया दीक्षा भूमि पंकज आस्था सुनील राजेश्वरी पिंडारी वाली वंदना नैतिक कार्तिक साहब सिंह राधा लव आर्यन आदि मरीज सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए जिसमें आर्यन पुत्र अनिल कुमार उम्र करीब 9 बर्ष को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां पर उसकी मृत्यु होने का समाचार प्राप्त हो रहा है।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 09 अक्टूबर 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	33°C	23°C
कानपुर	33°C	23°C
देहरादून	29°C	20°C
नई दिल्ली	34°C	23°C

कश्मीर से लेकर पंजाब तक लोगों को रास आ रही कुशीनगर के केले की मिठास

- दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, चंडीगढ़, लुधियाना और भटिंडा तक होती है आपूर्ति
- गोरखपुर मंडल से संबद्ध सभी जिलों और कानपुर में भी कुशीनगर के केले की धूम
- नेपाल और बिहार के लोग भी बुद्ध की धरती के केले के मुरीद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित बुद्ध महापरिनिर्वाण की धरती कुशीनगर के केले की मिठास पंजाब से लेकर कश्मीर तक के लोग ले रहे हैं। दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, चंडीगढ़, लुधियाना और भटिंडा तक जाता है कुशीनगर का केला। यही नहीं गोरखपुर मंडल से संबद्ध सभी जिलों और कानपुर में भी कुशीनगर के केले की धूम है। नेपाल और बिहार के भी लोग कुशीनगर के केले के मुरीद हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध कुशीनगर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अशोक राय के मुताबिक यहां के किसान फल और सब्जी दोनों के लिए केले की फसल लेते हैं। इनके रकबे का अनुपात 70 और 30 फीसद का है। खाने के लिए सबसे पसंदीदा प्रजाति जी-9 और सब्जी के लिए रोबेस्टा है।

कुशीनगर के केले को लोकप्रिय बनाने में गोरखपुर की अहम भूमिका

कुशीनगर, गोरखपुर मंडल में आता है। यहां फलों और सब्जियों की बड़ी मंडी है। शुरू में कुशीनगर के कुछ किसान केला बेचने यहां की मंडी में आते थे। फल की गुणवत्ता अच्छी थी। लिहाजा गोरखपुर के कुछ व्यापारी कुशीनगर के उत्पादक क्षेत्रों से जाकर सीधे किसानों के खेत से केला खरीदने लगे। चूंकि सेब, किन्नू और पलटी के माल के कारोबार के लिए गोरखपुर के व्यापारियों का कश्मीर, पंजाब और दिल्ली के व्यापारियों से संबंध था, लिहाजा यहां के कारोबारियों के जरिये कुशीनगर के केले की लोकप्रियता अन्य जगहों तक पहुंच गई। मौजूदा समय में कुशीनगर का केला कश्मीर, पंजाब के भटिंडा, लुधियाना, चंडीगढ़, भटिंडा, लुधियाना, कानपुर, दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ समेत कई बड़े शहरों तक जाता है।

प्रशासन ने की थी केले की खेती को उद्योग का दर्जा देने की पहल

केले की खेती की ओर जिले के किसानों का झुकाव देख पूर्व डीएम उमेश मिश्र ने केले को खेती को उद्योग का दर्जा दिलाने की कवायद शुरू की थी। इस बाबत उन्होंने बैंकर्स की मीटिंग भी की थी। साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत केला उत्पादकों को आसान शर्तों पर ऋण मुहैया कराने के निर्देश दिए थे।

दशहरा और छठ होता है बिक्री का मुख्य सीजन

सिरसियां दीक्षित निवासी मुरलीधर दीक्षित, भरवलिया निवासी मृत्युंजय मिश्रा, विजयीछपरा निवासी शिवनाथ कुशवाहा केले के बड़े किसान हैं। देश और प्रदेश के कई बड़े शहरों में कमीशन एजेंटों के जरिये इनका केला जाता है। इन लोगों के अनुसार नवरात्र के ठीक पहले त्योहारी मांग की वजह से कारोबार का पीक सीजन होता है।

स्थानीय स्तर पर रोजगार भी दे रहा केला

केले की खेती श्रमसाध्य होती है। रोपण के लिए गड्ढे खोदने, उसमें खाद डालने, रोपण, नियमित अंतराल पर सिंचाई, फसल संरक्षा के उपाय, तैयार फलों के काटने उनकी लोडिंग,अनलोडिंग और परिवहन तक खासा रोजगार मिलता है।

फरवरी और जुलाई रोपण का उचित समय

कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार (गोरखपुर) के सब्जी वैज्ञानिक डॉ. एसपी सिंह के मुताबिक केले के रोपण का उचित समय फरवरी और जुलाई-अगस्त है। जो किसान बड़े रकबे में खेती करते हैं उनको जोखिम कम करने के लिए दोनों सीजन में केले की खेती करनी चाहिए।

ओडीओपी घोषित होने के बाद और बढ़ा केले की खेती का क्रेज

योगी सरकार द्वारा केले को कुशीनगर का एक जिला एक उत्पाद घोषित करने के बाद केले की खेती और प्रसंस्करण के जरिये सह उत्पाद बनाने का क्रेज बढ़ा है। कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं केले का जूस, चिप्स, आटा, अचार और इसके तने से रेशा निकालकर चटाई, डलिया एवम चप्पल आदि भी बना रहीं हैं। इनका खासा क्रेज और मांग भी है।

17 साल में 32 गुना बढ़ा खेती का रकबा

अशोक राय बताते हैं कि 2007 में कुशीनगर में मात्र 500 हेक्टेयर रकबे में केले की खेती होती होती थी। अब यह 32 गुना बढ़कर करीब 16000 हेक्टेयर तक हो गया है। जिले का ओडीओपी घोषित होने के बाद इसके प्रति रुझान और बढ़ा है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 31 हजार रुपये का अनुदान भी किसान को देती है।

फैक्ट्री में आग लगने से करोड़ों का माल जलकर हुआ ख़ाक

- दर्जनों गाड़ियों से पानी डालने के बाद आग पर पाया काबू, करोड़ों रुपए का जाल समान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुबह तड़के चार बजे एक गोदरेज पैनासोनिक के वेयर हाउस मे अज्ञात कारणो से भीषड़ आग लग गई। बता दें कि आग का धुआँ तीन किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा और गोदाम मे इलेक्ट्रॉनिक का सामान होने के चलते अग्निकांड से एक के बाद एक कई धमाके भी हुए जिससे इलाके मे दहशत फैल गयी। वहीं आग की लपटो को उठता देख वेयर हाउस पर तैनात गार्ड ने मालिक को फ़ोन कर सूचना दी। तभी मौक पर दर्जनों दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया, लेकिन टीन के गोदाम से निकलती ऊँची-ऊँची आग की लपटे पर दमकल का पानी बेअसर साबित होता नजर आ रहा था आग लगने की सूचना पर सबसे पहले पहले बीकेटी फायर स्टेशन से दो गाड़िया पहुंची लेकिन दोनो गाड़ियो से आग पर काबू पाना काफी मुश्किल हो रहा था। जिसके बाद चौक, आलमबाग, पीजीआई, इंदिरानगर और हज़रातगंज फायर स्टेशनो की मदद लेकर वहां से दमकल की दर्जनों गाड़ियां मांगई गयी तब जाकर 15 से ज़्यादा दमकल की गाड़ियों ने गोदाम की घेराबंदी करते हुए टीन शेडो को ठंडा करने का काम शुरू किया। लगातार प्रयास और हाईड्रॉलिक प्लेटफार्म की मदद से वेयरहाउस के ऊपरी हिस्से से पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं वेयरहाउस के मैनेजर अनिल वैश्य के मुताबिक करीब 10 करोड़ का इलेक्ट्रिक सामना जलकर खाक हो गया है। जिसमे एसी,फ्रिज,वासिंग मशीन,फेन कूलर और अन्य इलेक्ट्रिक सामान शामिल है। उनका कहना था कि,आग किस कारण से लगी इसका अभी पता नही चल सका है। आग किस कारण लगी इसका पता लगाया जा रहा हैं। इस हादसे में कोई भी व्यक्ति घायल व चोटिल नहीं हुआ, कम समय में दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

इटौंजा कस्बे में चोर समझकर दो युवकों को पकड़ा, रात में लोग घरों की करते हैं निगरानी

- कस्बे के कई नागरिकों ने दो युवकों को पकड़कर इटौंजा के पुलिस के किया हवाले, जांच-पड़ताल जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटौंजा नगर पंचायत कस्बे में वार्ड नंबर 2 व 3 में दो दिनों से चोरों के शक में कई नागरिक लाठी-डंडे लेकर अपने मोहल्ले की निगरानी करते दिखाई दिए। बता दें कि बीते दो दिनों में चोरों के आतंक से कस्बे के नागरिकों ने खुद लाठी डंडा लेकर अपने मोहल्ले की निगरानी की और सोमवार रात्रि 2:30 बजे इटौंजा नागरिक हिमांशु गौतम, अंकुर गुप्ता, हिमांशु यादव ,मुकरी यादव, अर्पित सैनी,बिल्लू लोधी, इटौंजा वार्ड नंबर 3 सभासद गजेन्द्र ,वार्ड नंबर 2 के सभासद ऑफक मियां अन्य नागरिकों ने मिलकर दो लड़कों को ठेलिया समेत पकड़ लिया और पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को पुलिस में सूचना कर इटौंजा पुलिस के हवाले कर दिया। वही अंकुर गुप्ता निवासी इटौंजा ओबीसी मोर्चा भाजपा के इटौंजा मंडल उपाध्यक्ष ने बताया कि, दो-तीन दिनों से चोर प्रवृत्ति के युवक वार्ड नंबर दो और तीन में आते जाते दिखाई दिए,जिससे 3 व 2 वार्ड के नागरिक जागकर लाठी डंडा लेकर अपने मोहल्ले की निगरानी कर रहे थे तभी सोमवार रात्रि लगभग 2:30 दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में पड़कर दर्जनों नागरिकों ने इटौंजा पुलिस के हवाले कर दिया था। वह दोनों युवक चोर जैसे लग रहे थें। वहीं इस मामले पर पुलिस का कहना है कि पकड़े गए दोनों युवक कबाड़ बिनने का काम करते हैं रात में कूड़ा करकट कबाड़ बिन रहे थे जांच पड़ताल की जा रही है।

लखनऊ विश्वविद्यालय मे 'इंट्रोडक्शन ऑन टीसीएस कोडिवीटा' पर हुआ सेमिनार का आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा टीसीएस कोडविटा सीजन 12 पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह द्वारा टीसीएस,दिल्ली से मुख्य वक्ता मानसी जायसवाल एवं अभय अवस्थी को पुष्पगुच्छ देकर किया गया। संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि टीसीएस कोडवीटा न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा, ÷चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में हों, डेटा एनालिसिस में, या फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में - कोडिंग एक बुनियादी और अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल है। सेमिनार की मुख्य वक्ता टीसीएस दिल्ली के टैलेंट एक्विजिशन ग्रुप नॉर्थ की प्रमुख सदस्य मानसी जायसवाल ने छात्रों को टीसीएस कोडवीटा, प्रतियोगिता के नवीनतम संस्करण के बारे में जानकारी और पंजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि टीसीएस कोडवीटा एक ग्लोबल कोडिंग प्रतियोगिता है जिसमें प्रतिभागी सी, जावा, पाइथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का उपयोग करके एल्गोरिदम और समस्याओं का समाधान करते हैं। यह प्रतियोगिता प्रारंभिक राउंड, क्षेत्रीय/जोनल राउंड और ग्रैंड फिनाले के रूप में आयोजित की जाती है। इसमें इंजीनियरिंग के छात्र, स्नातकोत्तर और अनुभवी पेशेवर भाग ले सकते हैं। यह प्रतिभागियों को कोडिंग कौशल बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है, जहाँ शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को टीसीएस से नौकरी, इंटर्नशिप और नकद पुरस्कारों के साथ वैश्विक पहचान प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि ÷हम ऐसे युवा प्रतिभाओं की तलाश में हैं, जो न केवल तकनीकी चुनौतियों का समाधान कर सकें, बल्कि भविष्य के लीडर भी बनें। इसके बाद, श्री अभय अवस्थी (एच.आर मैनेजर, टीसीएस) ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को कोडिंग की वास्तविक दुनिया में उतरने का एक सुनहरा अवसर देती है। यह सिर्फ एक तकनीकी प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जहां छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के संरक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह थे। इस सेमिनार के संयोजक डॉ. हिमांशु पांडेय, इंचार्ज, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल थे। साथ ही, इस कार्यक्रम में छात्रों का समन्वयन अमित पाल, अरिंदम शुक्ला और पवन तिवारी द्वारा किया गया। सेमिनार मे 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

उद्यान मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभागीय अधिकारियों के साथ जिला उद्यान विकास निधि की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के राजकीय सार्वजनिक अलंकृत उद्यानों पार्कों के विकास एवं प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई।उद्यान मंत्री ने निर्देश दिए कि राजकीय सार्वजनिक अलंकृत उद्यानों पार्कों में समितियों का गठन शीघ्र किया जाए ताकि इनका समुचित प्रबंधन और रख-रखाव हो सके। इन उद्यानों का स्वामित्व राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया जाए, जिससे इनके विस्तार और विकास की प्रक्रिया बाधारहित हो सके। अलंकृत उद्यानों पार्कों में नवाचार के प्रस्ताव अति शीघ्र भेजे जाएं। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उद्यानों का विस्तार केवल हरियाली तक सीमित न रहे बल्कि इन्हें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के साथ जोड़ा जाए।

श्रीराम कथा आयोजन की प्रथम बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

25 दिसंबर से 2 जनवरी तक लखनऊ में बाल्मीकीय रामायण की दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। रामकथा की तैयारियों को लेकर मोती महल लॉन में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक बाजपेई की अध्यक्षता में श्रीराम कथा सेवा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्यावासी विश्व विख्यात कथा व्यास स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से एक सप्ताह तक श्रीराम कथा महोत्सव में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा बहेगी। 25 दिसम्बर को कथा का शुभारंभ लोक विख्यात आचार्य अजय याग्निक जी द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ से होना सुनिश्चित है।

बैठक में एक विशिष्ट निर्णय लिया गया कि आज से श्रीराम कथा सेवा समिति का मुख्य कार्यालय भारत सेवा संस्थान, मोती महल लान, लखनऊ होगा। श्रीराम कथा से सम्बंधित जानकारी भक्तजन वहां से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में भारत सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ जे एन मिश्र,वेद प्रकाश त्रिपाठी,श्रीमती प्रज्ञा सिंह ओंकार नाथ सिंह, सुशील दुबे,कैप्टन बंशीधर मिश्र, उदय शुक्ल, संजय मिश्रा,जे पी मिश्र आदि मौजूद रहे।

पशुधन मंत्री ने किया दर्जन भर नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 07 जनपदों के 12 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। प्रदेश के जनपद आगरा, शाहजहांपुर, उन्नाव में दो-दो, संभल में तीन तथा अमेठी, गोंडा एवं झांसी में एक-एक वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन केंद्रों के निर्माण में राज्य सरकार द्वारा प्रति केंद्र 160.12 लाख अर्थात कुल 1921.44 लाख की धनराशि व्यय की गई है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।पशुधन मंत्री ने जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण के कार्यों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए केन्दों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे और चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। राज्य सरकार निराश्रित गोवंशों के कारण गरीब किसानों की फसलों को नुकसान तथा मार्ग दुर्घटनाओं के कारण जनहानि को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु नीति का प्रख्यापन कर ग्रामीण क्षेत्रों में 6,672 अस्थायी, गो आश्रय सहित 7,589 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है।

इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय पर हरियाणा में भाजपा की जीत पर, बांटी गई मिठाइयां, मनाई जीत की खुशी

- विधायक ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर, मनाई भाजपा की जीत की खुशी, केंद्रीय नेतृत्व को दी जीत की बधाई
- हरियाणा प्रदेश में जीत पर जलाएं पटाखे, इटौंजा चेयरमैन ने कार्यकर्ताओं में बांटी मिठाइयां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले बीकेटी विधानसभा के इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश में जीत को लेकर इटौंजा चेयरमैंन व मंडल अध्यक्ष इटौंजा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखा दगा कर भाजपा कार्यकर्ताओं में मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी मनाई गई। इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय पर भाजपा बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला के पहुंचते ही इटौंजा चेयरमैन व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पटाखे की आतिशबाज़ी कर हरियाणा प्रदेश में भाजपा की जीत की खुशी मनाई, इस दौरान इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने मिठाई भाजपा कार्यकर्ताओं व विधायक को खिलाई। इस दौरान विधायक ने हरियाणा प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ताबड़तोड़ रैलियों का यह परिणाम है कि हरियाणा प्रदेश में आज तीसरी बार फिर भाजपा सरकार बनी हैं जिससे कि हरियाणा प्रदेश में विकास होगा और प्रदेश विकास की ओर आगे बढ़ेगा। विधायक ने कहा कि विपक्षी पार्टियों जनता को भटकाने का काम करती हैं, मोदी सरकार में देश का विकास हो रहा है, योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का उत्तम विकास हो रहा है, ऐसे ही हरियाणा में विकास कार्य और तेजी के साथ किया जायेगा।इस दौरान बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को अवगत करवाया। वहीं इस दौरान विधायक ने कहा कि बीकेटी क्षेत्र में प्रत्येक सड़कों का निर्माण करवाया हैं जो सड़के बची हुई हैं उनका भी जल्द से जल्द निर्माण शुरू हो जायेगा, बीकेटी विधानसभा में विकास तेजी के साथ हो रहा हैं आने वाले समय में कई बड़े काम और होंगे, जिससे कि बीकेटी विधानसभा का संपूर्ण विकास होगा। विधायक ने कहा कि महोना पुलिया से नगर चौगावां की सड़क निर्माण कराया जायेगा और नगर चौगावां के गांव के पीछे वाली सड़क जोकि अमानीगंज जाने में सड़क से जुड़ती है उस सड़क का निर्माण कार्य विधायक निधि से बनवायेंगे, जिससे कि लोगों को महोना ना जाकर सीधे नगर चौगावां होकर सीधे इटौंजा आने में आसानी हो सकें। इटौंजा नगर पंचायत में बारिश के महीने में होने वाली जल-भराव की समस्या पर विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि इटौंजा में भरने वाला जल-भराव का पानी चांदपुर खानीपुर होते हुए अर्जुनपुर के पास खारजा में गिरेगा जिससे कि इटौंजा में जल निकासी की समस्या का निदान हो जायेगा। इटौंजा में जल-भराव की समस्या पर इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला, चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, बबलू तिवारी, बाबूलाल गिरी, भाजपा वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी,भाजपा इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप, अनुराग अवस्थी, प्रिंस द्विवेदी गोलू, दीपक शुक्ला तिरंगा, महिला कार्यकर्ता सुशीला कश्यप, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी अध्यक्ष अनिल सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोमनाथ सिंह,कपिल मिश्रा, सूरज सिंह, अरुण अवस्थी, भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता व आम जनता ने हरियाणा में भाजपा की जीत की खुशी मनाई और कार्यकर्ताओं में मिठाइयां। बीकेटी इटौंजा भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दिखाई दी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री-मंडल व उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ को हरियाणा प्रदेश में भाजपा की जीत का श्रेय दिया।

इटौंजा चौराहे पर नहीं लगेगा जाम, इटौंजा स्टेशन बनवाने का दिया आश्वासन

बीकेटी भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि इटौंजा चौराहा माल रोड व महोना रोड के पास जो जाम लग रहा है इसे जल्द ही क्षेत्रीय नागरिकों को निजात मिलेंगी,क्योंकि अधिकारियों से इस विषय पर बात हो चुकी है बहुत जल्द यह पुल का निर्माण कार्य किया जायेगा, जिससे कि जो जाम लग रहा है उससे क्षेत्रीय नागरिकों को छुटकारा मिल सकेगा। इटौंजा पुल के निर्माण हो जाने से जाम से क्षेत्रीय लोगों को छुटकारा मिलेगा। वहीं विधायक ने बताया कि इटौंजा स्टेशन एक बहुत बड़ी समस्या हैं जोकि इटौंजा स्टेशन नहीं बन पाया है लेकिन इटौंजा स्टेशन को स्टेशन का दर्जा दिलाने के मैंने संबंधित अधिकारी व मंत्री से बातचीत की है बहुत जल्द मुझे पूरी उम्मीद है कि इटौंजा हाल्ट से इटौंजा स्टेशन बन सकें, इसके लिए मैं निरंतर प्रयास रत हूं इटौंजा स्टेशन बनने से इटौंजा के क्षेत्रीय गांवों नागरिकों आम जनता को काफी राहत मिलेंगी,इस पर कार्य किया जा रहा हैं।

हरियाणा की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

जनता ने विपक्षियों की बात को नकारा दिया है: पूर्व सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत प्राप्त करने के रूझान पार्टी कार्यालय सहादतगंज में जमकर जश्न मनाया गया। ढ़ोल नगाड़ों के साथ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ता ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर बधाई दी। इस दौरान कार्यकताओं ने पटाखे जलाए।

हरियाणा में पार्टी की जीत तथा जम्मू में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इतिहास बन रही है। 52 साल बाद किसी पार्टी की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। जनता ने विपक्षियों की बात को नकारा दिया है। जनता ने ऐसा संदेश दिया है कि मोदी सरकार की जो नीतियां हैं उसे जनता से स्वीकार किया है। विपक्ष लगातार भ्रम तथा अफवाहें फैलाकर चुनाव जीतने का प्रयास करता है। लेकिन जनता अब उनकी असलियत पहचान रही है। इसीलिए जनता ने मोदी सरकार की नीतियों के पक्ष में अपना मतदान किया हैमहापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हरियाणा की जीत सरकार के कार्यकाल में चलाई जा रही योजनाओं तथा उसके क्रियान्वयन पर जनता की मुहर है। देश में भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह है। विपक्षी द्वारा की जा रही नकारात्मकता की राजनीति पर जनता का करारा प्रहार है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा जातिवाद की राजनीति पर भारी पड़ी है। जनता विकास चाहती है। सबका हित सोचने वाली सरकार चाहती है। अवसरवाद की राजनीति को करारा जवाब मिला है। चुनाव परिणामों का पूरे देश की राजनीति पर गहरा असर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि चुनाव में जीत भाजपा का जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है।

गरीबो व किसानों के हितो को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाये है। जिसका लाभ समाज को मिल रहा है।

रोडवेज पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, इंद्र भान सिंह, श्रीकृष्ण, राजेश सिंह, मन्नू ने राहगीरों में मिष्ठान वितरण किया गया।

बादल ने कहा कि हरियाणा की जीत भाजपा के विकासवाद पर जनता की मुहर है।

पार्टी कार्यालय पर शक्ति सिंह, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, सुनील तिवारी शास्त्री, राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, अरविंद सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान सिंह, बबलू मिश्रा, बालकृष्ण वैश्य, एसपी सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश में महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णत: सुरक्षित है: अंजू प्रजापति

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

सदस्य, राज्य महिला आयोग उ0प्र0 अंजू प्रजापति अपने तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम दिन आज सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि महिला आयोग का पूरा प्रयास है कि पीड़ित महिला तक आयोग के सदस्य पहुंचकर उन्हें न्याय दिलायें। प्रदेश में महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णतः सुरक्षित है। आयोग के माध्यम से सरकार ऐसे लोगों पर कार्यवाही कर रही है जो महिला अपराध में संलिप्त है, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जल्द ही जनपद में मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर जनसुनवाई प्रारम्भ की जायेगी। महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए आयोग की सदस्य हर महीने जनपद में प्रवास करेंगी तथा उनकी समस्याओं को सुलझाएंगी, जो महिलाएं लखनऊ नहीं पहुंच पाती है उन महिलाओं तक राज्य महिला आयोग पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जो भी समस्या हो, चाहे असुरक्षा की भावना हो, आत्मनिर्भरता हो व स्वरोजगार की हो जो सरकार मुहैया करा रही है, महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए ताकि वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके, इसका प्रयास महिला आयोग के द्वारा किया जाएगा। महिला आयोग का हमेशा प्रयास रहता है कि पीड़ित का किसी प्रकार नुकसान न हों, परिवार को टूटने से बचाने का प्रयास होता है पति हो या परिवार के अन्य सदस्य हो उन्हें समझाने का प्रयास होता है, अगर स्थिति ऐसी है कि महिला को प्रताड़ित किया जा रहा है या जान से करने का प्रयास किया जा रहा है तो आयोग का प्रयास सजा दिलाने का भी होता है।

महिला आयोग का प्रयास है कि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिले, महिलाओं से संबंधित बहुत सी योजनाएं भी हैं

इसके लिए कैंप लगाए जाएंगे तथा महिलाओं को जागृत किया जाएगा, उनके अधिकारों के बारे में उनको बताया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ पायेंगी।

रेलवे ट्रैक पर भारी मात्रा में मिली मिट्टी और पायलट की सूझबूझ से डिरेल होने से बची ट्रेन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

लोको पायलट की समझदारी से रायबरेली- रघुराज सिंह पैसेंजर ट्रेन डिरेल होने से बच गई। ट्रैक पर मिट्टी को देखते ही पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। उत्तर प्रदेश में रायबरेली-रघुराज सिंह पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। लोको पायलट ने जैसे ही ट्रैक पर जमा रेत को देखा तो समय रहते ही ट्रेन को रोक दिया। पायलट ने ट्रेन नंबर 05251 को बेपटरी होने से रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाया। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक रायबरेली के रघुराजपुर रेलवे क्रॉसिंग पर रात करीब 7.55 बजे अज्ञात डंपर ने रेलवे ट्रैक पर रेत डाल दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी डालने का काम चल रहा था और उसी काम में लगे एक डंपर ने ट्रैक पर रेत डाल दी और भाग गया। इसके तुरंत बाद रायबरेली से रघुराज सिंह शटल ट्रेन नंबर 05251 आई जो धीमी गति से चल रही थी। ट्रेन की गति कम होने के कारण लोको पायलट ने ट्रेन को अचानक रोक दिया और दुर्घटना होने से बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि ट्रेन की गति अधिक होती तो वह पटरी से उतर सकती थी। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है और डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी गई हैइस बारे में अधिकारियों ने बताया कि बाद में ट्रैक से रेत हटा दी गई और मार्ग पर रेल यातायात फिर से शुरू कर दिया गया।

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी कार्यालय में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर 'बबलू लोधी' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश प्रताप यादव, प्रदेश सचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ रहे बैठक में संगठन विस्तार ब्लाक एवं विधान सभा कमेटियों की बैठक के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

कि सभी विधान सभाओं में मतदाता सूची में बी.एल.ओ. के माध्यम से नये नाम एवं संशोधन कार्य पदाधिकारी समय से कार्य को पूरा करा ले

जिससे वर्ष-2027 की लड़ाई आसान हो सके। इसी क्रम में संगठन विस्तार के दृष्टिकोण ऊँचाहार विधान सभा अध्यक्ष के रूप में राजेश यादव को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव दिलीप यादव, शिवबालक यादव, उमाशंकर लोधी, अरून यादव, बालेन्द्र यादव, श्रीपाल, शैलेन्द्र यादव, शिवपाल सिंह, श्रवण लोधी, सुमित यादव, धर्मेन्द्र कुमार, राजेन्द्र यादव, विजय करन यादव, अर्जुन राजपूत आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता रहे।

समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल ने पोषण पुनर्वास केंद्र अस्पताल में ने बांटा फल बिस्कुट दलिया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

पोषण पुनर्वास केंद्र जिला अस्पताल रायबरेली में जरुरतमंद शिशुओं, छोटे बच्चों और उनकी माताओं को बिस्किट केला, सेब, भुने चने, मूंगफली एवं दलिया आदि सामग्री का वितरण का कार्यक्रम संपन्न

सेवा के पीछे का उद्देश्य भले ही हर व्यक्ति में अलग-अलग हो, लेकिन मूल बातें एक ही होनी चाहिए। उद्देश्य करुणा, प्रेम, धार्मिकता, कृतज्ञता और मानवता को जन्म दे सकता है, लेकिन मूल बात हमेशा यही होनी चाहिए - त्याग के साथ या बिना किसी लाभ के, अपनी प्रगति, अपने उद्धार और अपनी खुशी के लिए काम करना। उक्त बातें समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल ने व्यक्त की वरिष्ठ चिकित्सक बाल रोग विशेषज्ञ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी ने वहा उपस्थित सभी माताओं बच्चों एवं शिशुओं की देखरेख आहार स्वच्छता एवं समय समय पर दवाइयां लेने के बारे में बताया।

महेन्द्र अग्रवाल द्वारा किए जा रहे सेवा के ऐसे कार्यक्रमो की प्रशंसा भीकियामातृ भूमिसेवामिशन इकाई रायबरेली से योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि आप जो कुछ भी करते हैं जो लोगों के दुखों को कम करता है और उनकी भलाई को बढ़ाता है वह परोपकारी और पवित्र हैनर्सिंग ऑफिसर दीप शिखाने कहा कि मनुष्य की सेवा ही भगवान की सेवा मानी जाती हैं। आपने खाने पीने की सभी सामग्री को वितरित कराने में सहयोग भी किया।

समाज सेवक पंकज मिश्रा ने कहा कि मनुष्य का जन्म सेवा के लिए ही मिला है। सेवा भाव से मनुष्य महान बन जाता है।

फास्ट फॉरवर्ड

अतिक्रमण के कारण नहीं होगी रामलीला, ना जलेगा रावण

जन एक्सप्रेस । अमेठी। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित रामलीला मैदान पर अतिक्रमण के कारण 114 वर्ष पुरानी रामलीला इस बार नहीं होगी और ना ही रावण दहन होगा। बुराई पर अच्छाई के प्रतीक स्वरुप रामलीला मंचन पर अतिक्रमणकारियों ने ग्रहण लगा दिया है। वहीं अतिक्रमणकारियों की पैठ इतनी मजबूत है,कि योगी का शासन होने के बावजूद प्रशासन द्वारा रामलीला मंचन की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने के लिए हिलावली की जा रही है। रामलीला मंचन समिति के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया है। समिति के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में अतिक्रमण से रुष्ट होकर इस दशहरे पर रावण दहन न करने की बात कही है। और प्रशासन के ढुलमुल रवैया के चलते अतिक्रमण का विरोध किया है। रामलीला समिति से जुड़े ओ पी सिंह व भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अजय अग्रवाल की अगुवाई में नागरिकगण कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।रामलीला समिति के लोगों का कहना है कि राजर्षि रणंजय द्वारा दी गई जमीन पर रामलीला लगता है। इसको लेकर लगातार प्रशासन से शिकायत की गई।इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज ने जांच के आदेश दिए हैं। देखना बाकी है कि योगी के राज में रामलीला का मंचन गौरीगंज में होता है, या अतिक्रमणकारियों के आगे प्रशासन मस्तक होता है।

माटीकला पुरस्कार के इच्छुक उद्यमी पुरस्कार हेतु करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । अमेठी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला पुरस्कार योजना के तहत परम्परागत रूप से कार्य करने वाले शिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों के श्रेष्ठ कलात्मक एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने हेतु मण्डल व राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रथम पुरस्कार धनराशि पन्द्रह हजार द्वितीय पुरस्कार धनराशि बारह हजार एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि दस हजार तथा राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार धनराशि चालीस हजार, द्वितीय पुरस्कार धनराशि तीस हजार एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि बीस हजार शासन द्वारा निर्धारित है। इच्छुक उद्यमी जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो,कार्यालय कार्य दिवस में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। जिसकी अन्तिम तिथि 18 अक्टूबर है। तथा अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर कार्यालय में जमा किया जा सकता है।तथा विस्तृत जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेठी के मो.नं.- 7408410787 एवं औद्योगिक सहकारी निरीक्षक के मो.नं.- 9170433799 पर सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

भगवान राम का चरित्र हर किसी के लिए अनुकरणीय है: लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या। पूराबाजार। विकासखंड पूरा बाजार के अमर शहीद मंगल पांडे रामलीला समिति दुगवा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान राम के जीवन और उनके आदर्श चरित्र पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, भगवान राम का चरित्र हर किसी के लिए अनुकरणीय है। उनके जीवन से हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने रामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व को भी रेखांकित किया, और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बताया। पूर्व सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से अवगत कराते हैं।नौ दिवसीय इस रामलीला आयोजन में भगवान राम के जीवन की प्रमुख घटनाओं का मंचन किया गया, जिसने पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बनाया। उपस्थित ग्रामवासियों ने रामलीला के मंचन की सराहना की और इसे गांव के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। ग्राम प्रधान दीप कुमार पांडे ने आयोजन समिति और सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखते हैं और समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, चंद्रभान पांडे, रितेश पांडे, अतुल पांडे फौजी, जगत नारायण मास्टर, सीताराम पांडे, सिद्धनाथ पांडे, सत्येंद्र पांडे, राकेश पांडे, शत्रुघ्न पांडे, उत्तम पांडे सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

डंपर की चपेट में आने से छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार की सुबह कोचिंग सेंटर से घर जा रहे 15 वर्षीय एक छात्र की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई।पुलिस सूत्रों ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भौंसिंहपुर गांव का निवासी छात्र ओम सिंह सोमवार को अपने कोचिंग सेंटर से पैदल घर लौट रहा था। रास्ते में संग्रामपुर से लोहिया नगर प्रतापगढ़ की तरफ जाने वाली सड़क पर कालिकन धाम इंटर कॉलेज के पास एक अनियंत्रित डंपर ने उसे कुचल दिया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।उन्होंने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मिशन शक्ति अभियान के तहत नामित विशालाक्षी ने सुनी लोगों की समस्या

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व आत्मविश्वास को जागरूक एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उददेश्य से जिलाधिकारी ने खेरवा नसीराबाद रायबरेली निवासी एसडी पाण्डेय मेमोरियल इण्टर कालेज की इंटरमीडिएट टापर मेधावी छात्रा व बीएससी में अध्ययनरत विशालाक्षी को एक दिन के लिए नामित जिलाधिकारी बनाया गया

विभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतीकात्मक रूप व कार्यालयाध्यक्ष के रूप में 10 से 12 बजे तक जन सुनवाई के दौरान आये हुए फरियादियों के शिकायत पत्र आवास भूमि विवाद पुलिस विभाग व्यापार आदि से जुडी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व पुलिस थानों को फोन के माध्यम से शिकायतों को त्वरित निस्तारित हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान व कार्यक्रम के तहत बालिकाओं व महिलाओं के अन्दर आत्मविश्वास व विश्वास बढ़ाने व भविष्य में लोगों की समस्याओं को समझने के लिए जनपद में विशालाक्षी को एक दिन का नामित जिलाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति नारी सुरक्षा नारी स्वाबलंबन से सम्बन्धित विविध जागरूकता आयोजन व कार्यक्रम चलाये जा रहे है। अभियान चलाकर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध महिला उत्पीड़न की रोकथाम, लैंगिक समानता एवं महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है।

नामित जिलाधिकारी विशालाक्षी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन का नामित जिलाधिकारी बनकर बहुत अच्छा लगा। मैं भविष्य में लगन व मेहनत से पढ़ाई कर आईएएस बना चाहूँगी जिससे में देश व समाज के लोगों की सेवा कर सकू।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हुआ रामकथा पार्क

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्री राम कथा पार्क में तिवारी मंदिर के तत्वाधान में चल रही रामकथा के पंचम दिवस व्यास पीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म के अद्भुत प्रसंग की व्याख्या की और कहां कि इस पावन धराधाम पर भगवान कृष्ण का अवतरण हुआ पूरा परिसर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हो उठा और भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे। जगद्गुरु महाराज ने भगवान योग योगेश्वर श्री कृष्णा के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जो प्राणी अपने आराधना के श्रद्धा पुष्प भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित करता है, अर्थात् जो श्रीकृष्ण की शरणागति प्राप्त करता है,वह सदा अभ्युदय पूर्ण जीवन जीकर मुक्ति का अधिकारी बनता है तथा उसके रोग, शोक, दुःख, द्ररिदता एवं विपदाओं का हरण हो जाता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत मे भगवान ने कहा कि जब मनुष्य में अहम आ जाएं उसको मेरा दर्शन नहीं हो सकता, जिसका मन निश्चल होता है निष्पाप होता है सरल होता है और भाव से सब कुछ समर्पित कर देता है उसके लिए मेरी प्रति कठिन नहीं है। कथा शुभारंभ के पहले शिवेश्वरपति त्रिपाठी,

श्रीषपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और कथा व्यास जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम पर पुनः आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया। कथा के पंचम दिवस प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया। अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार वितरण आज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि शहर परियोजना के आँगनबाड़ी केन्द्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार वितरण दिन 09 अक्टूबर को होगा। सभी सम्बन्धित को अवगत कराया है कि बाल विकास परियोजना शहर, जनपद अयोध्या के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में संचालित सभी 87 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर माह जुलाई, 2024 से माह सितम्बर, 2024 तक के कुल 03 माह के राशन (पुष्टाहार) का वितरण 09 अक्टूबर को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत लाभार्थी समूह में प्रातः 9:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (सम्पूर्ण वितरण पूर्ण होने तक) वितरित होगा। इन 87 आंगनबाडी केन्द्रों पर 06 माह से 03 वर्ष की लाभार्थी श्रेणी में 5360 बच्चें, 03 वर्ष से 06 वर्ष की लाभार्थी श्रेणी में 2458 बच्चें, गर्भवतीधात्री माताओं की श्रेणी में 1487 लाभार्थी पंजीकृत है, अर्थात् 9360 लाभार्थियों में उक्त खाद्यान्न बॉटा जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न प्रतिमाह बॉटा जाता है, परन्तु शहरी क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति एवं वितरण त्रैमासिक होती है, जिसे प्रतिमाह किये जाने की कार्यवाही शासन द्वारा की जा रही है। यह खाद्यान्न माह जुलाई, 2024 से सितम्बर, 2024 का है, जिसे 07 बाल विकास परियोजना अधिकारी व 07 मुख्यसेविका की निगरानी में तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी, शहर, श्रीमती मीनाक्षी पाण्डेय की निगरानी में वितरित कराया जायेगा। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं का कार्यक्षेत्र विभाजित कर अपनी निगरानी में खाद्यान्न वितरण कराने व सांय 04:00 बजे तक जिला कार्यक्रम कार्यालय में सूचना उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है। यह व्यवस्था शासन की पारदर्शिता, सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करने तथा हर पात्र लाभार्थी तक विभाग की पहुँच बनाने के उद्देश्य से की गई है। हर कार्यकत्री को निर्देशित किया गया है कि खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ अपने क्षेत्र के सभासद के कर कमलों से करावें तथा वितरण का साक्ष्य रक्षित करें, किसी भी समस्या के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी, शहर, श्रीमती मीनाक्षी पाण्डेय के मोबाईल न0 7080251422 सार्वजनिक कर समाधान हेतु उन्हें निर्देशित भी किया गया है। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या ने दी है।

खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान: 6 नमूने जांच हेतु भेजे गए, 17 में से 3 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

नवरात्रि पर्व के दौरान आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आज जनपद में विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के 6 नमूने लिए गए और जांच के लिए प्रयोगशाला को प्रेषित किए गए।

सचल खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मुमताज़ नगर इंडस्ट्रियल एरिया में 20 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिसमें से 17 नमूने मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि तीन नमूनों में मिलावट की पुष्टि हुई। मिल्ककेक में स्टार्च, बेसन लड्डू और बूँदी लड्डू में रंग का प्रयोग पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। अभियान के दौरान 14 खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। प्रवर्तन दल ने गोसाईगंज स्थित माँ वैष्णो किराना स्टोर से मूंगफली दाना, माँ विंध्यवासिनी ट्रेडर्स से पेठा और रामदाना चिक्की, सिद्धार्थ ट्रेडर्स से फलाहारी नमकीन, पारा खान स्थित गुप्ता जनरल स्टोर से पेठा और वैष्णो स्वीट हाउस से मिल्ककेक के नमूने एकत्र किए।साथ ही, विभाग ने 7 दर्जन सड़े-गले केले, 16 किग्रा सड़े सेब, 21 किग्रा रंगीन कचरी और 5 किग्रा रंगीन बूंदी लड्डू को नष्ट किया, जिनकी कुल कीमत ?3,780/- थी।जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इस विशेष अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। प्रवर्तन दल में अजय सोनी, संतोष साहू, नरेंद्र कुमार, श्रीमती सुमित चौधरी, दिनेश सिंह, और नंद किशोर यादव उपस्थित रहे।

मिड डे मील न बनने की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने की जांच

जन एक्सप्रेस । अयोध्या। पूरा बाजार। शिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भदौली बुजुर्ग में मिड डे मील न बनने की शिकायत मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी पूरा रियाज अंसारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था बाधित थी। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अंजू लता ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा राशन उपलब्ध न कराए जाने के कारण मिड डे मील का संचालन संभव नहीं हो सका था। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को फटकार लगाते हुए कहा, 卐ऐसी समस्या होने पर तत्काल हमें सूचित करना चाहिए था, ताकि समय रहते इसका समाधान किया जा सके।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 09 अक्टूबर 2024

मौसम पूर्वानुमान

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.0 (+1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.0 (-1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 50 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 40 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

रिटायर एयरफोर्स कर्मी से चेन लूट

*** मॉर्निंग वॉक पर निकले थे दहशत में नहीं मचा सके शोर**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के जाजमऊ में मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले रिटायर एयरफोर्स कर्मी से चेन लूट हो गई। यह वारदात हाईवे से दो सौ मीटर पहले हुई। लूटेरों द्वारा चेन छीनने से पीड़ित के गले में निशान पड़ गए। इस दहशत में वह शोर भी नहीं मचा सके। उनकी लुटी सोने की चेन का वजन ढाई तोला था, जिसकी कीमत करीब 1.80 लाख रुपये है।

घटना को अंजाम देकर लुटेरे लालटंकी से तिवारी स्वीट्स की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना पर

पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की है। साथ ही, सीसीटीवी कैमरे देखने शुरू किए गए हैं। जाजमऊ के कैलाश नगर तिवारीपुर ताड़बगिया स्थित द रेसीडेंसी अपार्टमेंट निवासी अरूण कुमार गिरी एयरफोर्स से सार्जेंट पद से वीआरएस ले चुके हैं।

उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन मार्निंग वॉक के लिए कभी अकेले, तो कभी पत्नी को लेकर साथ जाते हैं। वह मंगलवार को अकेले टहलते हुए सुबह लगभग छह बजे जेके लाल टंकी से हो हाईवे की ओर जा रहे थे। वह हाईवे से करीब दो सौ मीटर पहले पहुंचे थे। इस दौरान पीछे से एक बाइक से दो लोग आए, जिसमें पीछे बैठा लुटेरा नीचे उतरा और चेन लूट ली।

दहशत में शोर भी नहीं मचा सके

इसके बाद वह दोनों बाइक लेकर लाल टंकी से तिवारी स्वीट हाउस की ओर भाग निकले। बताया कि घटना से वह दहशत में आ गए। इस कारण शोर भी नहीं मचा सके। फिर उन्हें कुछ समझ भी नहीं आया इन बाइक चला रहा लूटेरा हेलमेट पहना था, वहीं पीछे बैठा गमछा डाले था। मामले में जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में बनेगी तीन मंजिला दीर्घा, मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में भारत-बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट मैच के दौरान खराब ड्रेनेज सिस्टम की वजह से देश भर में हुई किरकिरी के बाद शासन, प्रशासन ने ग्रीनपार्क स्टेडियम की मूलभूत सुविधाओं को आधुनिक करने के लिए सक्रिय हो गया है। रविवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद बताया कि स्टेडियम को विकसित करने का काम चरणबद्ध तरीके कराया जाएगा। पहले चरण में स्टेडियम में ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने के साथ ही दर्शकों के बैठने की क्षमता बढ़ाई जाएगी। सीमेंटेड सीट वाली दर्शक दीर्घा सी-बालकनी के साथ ही बी गर्ल्स और डी इनविटेशन, ई पब्लिक को ध्वस्त कर यहां तीन मंजिला भवन बनाकर चेयर लगाई जाएगी। इसी तरह 500 लोगों के बैठने की क्षमता का वीवीआईपी ब्लॉक भी तैयार होगा, जिसके सौ फीसदी टिकट बेचे जाएंगे।

मंडलायुक्त ने इसके लिए विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। बताया कि स्टेडियम के बिजली सप्लाई सिस्टम को उच्चीकृत किया जाएगा। बेसमेंट पार्किंग बनाने की योजना है। जिससे मैच के दौरान वाहनों की पार्किंग में कोई असुविधा न आने पाए। इसी तरह मीडिया सेंटर को भी अपग्रेड कर आधुनिक बनाया जाएगा। पहले चरण में ड्रेनेज व्यवस्था और दर्शक क्षमता में वृद्धि करने के लिए यूपीसीए आर्किटेक्ट उपलब्ध करवाते हुए डिजाइन बनवाकर उपलब्ध कराएगा।

अन्य कार्य अगले चरण में होंगे

इसी प्रकार अगले चरण में अन्य कार्य होंगे। बैठक में केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल, केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, पुलिस उपायुक्त (यातायात) रवींद्र कुमार समेत यूपीसीए, खेल और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें विशेष सचिव खेल राजेश कुमार और खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ऑनलाइन शामिल हुए।

> ग्रीनपार्क में सीमेंटेड सीटों वाली सभी दीर्घाओं को गिराकर तीन मंजिला भवन तैयार किया जाएगा। इसमें दर्शकों के बैठने के लिए चेयर लगवाई जाएंगी। इसके साथ ही स्टेडियम में ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। हम जल्द ही डिजाइन तैयार करवाकर शासन को उपलब्ध कराएंगे।
>
> **अंकित चटर्जी, सीईओ, यूपीसीए**

एक दिन पहले खेल मंत्री ने भी किया था स्टेडियम का निरीक्षण

ग्रीनपार्क स्टेडियम में दर्शक क्षमता बढ़ाने और अन्य सुविधाओं को बेहतर करने को लेकर एक दिन पहले प्रदेश के युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने स्टेडियम का निरीक्षण कर यहां की दिक्कतों को समझा था। इससे पहले सांसद रमेश अवस्थी ने खेल मंत्री को उनके कानपुर आगमन पर सर्किट हाउस में मिलकर उन्हे ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम की दिक्कतों के विषय में एक पत्र सौंपा था। जिसमें उनसे इसे आधुनिक स्टेडियम बनाने की मांग की थी।

पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मारा, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के गुजैनी थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस टीमें आरोपी तलाश में लगाई गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी हरिशंकर अग्निहोत्री दुकान चलाता है।

उसने सोमवार देर रात अपनी पत्नी पूजा देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मोहल्ले के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही, मृतका के भाई संजय को भी जानकारी दी, जो कानपुर देहात के मैथा में रहता है। घटना से पूजा का बेटे कुशाग्र का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आरोपी की तलाश में जुटी है।

निर्जला एकादशी से कैंसर का इलाज संभव: पं. अजय कुमार मिश्र

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कैंसर के मरीज यदि एकादशी के दिन निर्जल उपवास करें तो कैंसर ग्रस्त कोशिकाये पुन- स्वस्थ हो सकती हैं और मरीज बार-बार होने वाली पीड़ा दायक सर्जरी, कीमोथेरेपी तथा महंगे इलाज से मुक्ति पा सकते हैं। यह जानकारी पं. अजय कुमार मिश्रा ने श्री रामराज प्रतिष्ठानम् सर्वोदय नगर 117/50, चतुर्भुज भवन, सर्वोदय नगर कानपुर में कैंसर चिकित्सा एवं बचाव विषय पर वार्ता में दी मॉरल के मुख्य संपादक शिव शरण त्रिपाठी को जो स्वयं प्रोस्टेट कैंसर से ग्रस्त हैं को बताया। सर्वोदय नगर में श्री रामराज प्रतिष्ठानम जो गाय, गंगा, गीता, गोविंद, गायत्री से संबंधित उत्पादों का अंगूठा संग्रहालय है में आयुर्वेदिक, प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक पद्धति से चिकित्सा हेतु श्री रामराज चिकित्सा केंद्र* के बारे में उन्होंने कहा कि यहां पर प्राकृतिक, आयुर्वेदिक एवं आध्यात्मिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न बिमारियों था इलाज किया जा रहा है। योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सक वैद्य विष्णु दत्त यहां प्रतिदिन प्रातः10 से 12 मरीजों को देखते है। कैंसर एवं अवसाद का ईलाज वैद्य विष्णु दत्त एवं पं. अजय कुमार मिश्र द्वारा किया जाता है।



जन कल्याण की भावना से प्रेरित होकर सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष पं.अजय कुमार मिश्र ने विश्व में बड़े तेजी से फैल रहे कैंसर एवं अवसाद से बचाने के लिए यह कार्य आरंभ किया है। उन्होंने वर्तमान समय के शोधकर्ताओं जापान के डॉ योशोनिरी, डॉ.एलिसन और डॉ होंजो को इस शोध के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि इन तीनों वैज्ञानिकों को अपने शोध में यह पता चला कि 15 दिन में एक बार निर्जल उपवास से मनुष्य की कोशिकाएं कैंसर मुक्त हो सकती हैं। मनुष्यता के लिए महत्वपूर्ण इस शोध के लिए तीनों वैज्ञानिकों को 2016 एवं 2019 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। परंतु अफसोस की बात है कि आधुनिक चिकित्सा जगत की घोर व्यवसायिकता की नीति के कारण इसका प्रचार प्रसार नहीं किया जाता है। इसलिए सामाजिक और राजनीतिक संगठन सनातन वैदिक रामराज परिषद् एवं सनातन मंदिर चेतना सोसायटी ने समाज के प्रति जिम्मेदारी लेते हुए इस कार्य को करने का फैसला किया है। पं अजय कुमार मिश्र ने कहा कि यदि स्वस्थ व्यक्ति भी एकादशी के दिन जल एवं फलाहार आदि करके भी उपवास करता है तो भी वह स्वस्थ रहकर कई शारीरिक को मानसिक बीमारियों से बचा रह सकता है । साथ ही साथ उसके सभी रोग एवं दोष शांत हो जाते हैं मनुष्य को लंबी आयु सुख शांति समृद्धि तो प्राप्त होती है साथ ही साथ मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य भगवत प्राप्ति भी होती है। उस मनुष्य को यमराज के दूत नहीं भगवान के पार्षद बैकुंठ लोक को ले जाते हैं जहां वह सच चित्त आनंद में रहता है। अगली एकादशी 13 अक्टूबर को है इस एकादशी को व्रत रहने से शरीर में रोगों का नाश होता है तथा सभी प्रकार के भौतिक एवं आध्यात्मिक सुख प्राप्त होते हैं। कैसर एवं अवसाद के मरीज परामर्श के लिए 8756089277 नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

कार की टक्कर से सेवानिवृत कर्मचारी की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भोजन करने के बाद सड़क किनारे टहल रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी की कार की टक्कर से मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। कस्बा खरेला के मोहल्ला जालिब निवासी शरदेंदु प्रकाश सचान (61) काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। एक साल पहले वह सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार की शाम करीब सात बजे शरदेंदु भोजन करने के बाद सड़क किनारे टहल रहे थे।

तभी धवारी तिगैला के पास मुस्करा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय शरदेंदु की रास्ते में मौत हो गई। थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया का कहना है कि कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कराई जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रामलीला में सीता हरण और जटायु उद्धार की लीला का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। पौराणिक नगरी बिठूर में पेशवा नगर स्थित मंगलम पार्टी लॉन में चल रही रामलीला वह विशाल दशहरा में लेकर छठे दिन कलाकारों द्वारा सीता हरण, जटायु उद्धार की लीला का सजीव मंचन किया। लीला के दौरान कलाकारों ने दिखाया कि कैसे रावण ने शूर्पणखा के कहने पर मारीच की सहायता से माता सीता का हरण किया था। मारीच को स्वर्ण हिरण के भेष में वन में भेजकर सीता माता को आकृष्ट किया था। किंतु वास्तव में खरदूषण और 14 000 राक्षसों के नास का समाचार सबसे पहले शूर्पणखा ने रावण को नहीं दिया था और ना ही सबसे पहले शूर्पणखा ने रावण को सीता हरण की सलाह दी थी। साथ ही साथ पहली बार रावण मरीज की बात मानकर माता-पिता का हरण के बिना ही लौट गया था। इसके बाद रावण के आदेश पर मारीच स्वर्ण हिरण के रूप में जंगल में गया। इसके बाद राम और लक्ष्मण हिरण का शिकार करने के लिए गए और रावण ने छल से माता सीता का हरण कर लिया। जब रावण माता सीता को आकाश मार्ग से रथ पर बैठाकर ले जा रहा था। इस वक्त जटायू माता का रुदन सुनकर आ जाते हैं और फिर रावण और जटायु के बीच युद्ध होता है। जिसमें जटायु परास्त होकर धरती पर गिर जाते हैं। कलाकारों द्वारा दिखाई गई लीला को देखकर सभी दर्शन मंत्र मुक्त हो गए। लीला की शुरुआत से पहले शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित व मेला व्यवस्थापक अंकुर दीक्षित ने भगवान श्री राम माता जानकी और लक्ष्मण जी की सुंदर झांकी की आरती कर लीला की शुरुआत की। मुख्य अतिथि के रूप में बिठूर नगर पंचायत के नगर अध्यक्षा डॉक्टर निर्मल सिंह पहुंची। लीला में श्री राम के पत्र की भूमिका हरेंद्र तिवारी, माता सीता विशाल मिश्रा, लक्ष्मण राम जी पांडे, रावण रमन तिवारी ने निभाई। लीला से पूर्व हास्य कलाकार पिंकू कानपुर के द्वारा भजनों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यास जी विनय तिवारी प्रतापपुर, मंडलाधीश राजू सविता, वह लीला निर्देशन जगमोहन सिंह, चंद किशोर शुक्ला, ऋषि प्रकाश द्विवेदी, मौजूद रहे।

शराब दुकानों में स्कैनर मशीन नहीं मिली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थरियांव। सीओ व एसडीएम की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा बिक्री की सूचना पर क्षेत्र में छापामारी की। देशी शराब की दुकान से गांजा बेचने की खबर पर छापामारी की। शराब दुकान में स्कैनर मशीन और रजिस्टर दुरुस्त नहीं मिलने पर अनुज्ञापी को नोटिस जारी का आदेश दिया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के कस्बा में भांग की दुकान से गांजा बेचने की सूचना पर एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी, सीओ अरुण कुमार राय, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय की संयुक्त टीम ने छापामारी की। दुकान बंद होने पर टीम हरसिंहपुर तिराहे पर देशी शराब की दुकान पहुंची। शराब दुकान से भी गांजा बिक्री होने की खबर थी। दुकान चेक करने में गांजा नहीं मिला। रजिस्टर में शराब बिक्री का लेखाजोखा नहीं मिला। स्कैनर मशीन भी नहीं थी। एसडीएम ने ठेका मालिक को नोटिस जारी करने की बात कही है। कोर्रा मोड़ पर टीम पटाखा दुकान का निरीक्षण करने पहुंची। दुकान बंद होने पर लौट गई। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि देशी शराब दुकान पर छापामारी की गई। मौके पर स्कैनर मशीन नहीं मिला।

महाराजपुर में टोयोटा शोरूम से तीन लाख के पार्ट्स चोरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महाराजपुर में कुलगांव मोड़ स्थित सनी टोयोटा कार शोरूम को चोरों ने रविवार रात पार्ट्स पार कर दिए। सीसीटीवी कैमरे में एक चोर पार्ट्स ले जाते हुए कैद हुआ है। वारदात वाली रात शोरूम में चार सुरक्षा गार्ड तैनात थे। सोमवार को शोरूम खुला तो चोरी का पता चला। पिछले साल भी इसी शोरूम से चोरों ने 59 लाख रुपये पार कर दिए थे।

शोरूम के महाप्रबंधक सर्विस की तहरीर पर पुलिस चोरी का मामला दर्जकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वारदात रविवार रात एक से दो बजे के बीच की है। महाप्रबंधक सर्विस लखनऊ राजाजीपुरम निवासी सुनील गुप्ता ने महाराजपुर थाने में तहरीर दी। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह व महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की। रात में तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी पूछताछ की गई।

शोरूम के ही कर्मचारियों पर ही शक

शोरूम में चोरी के मामले में किसी कर्मचारी का हाथ है। आशंका यह भी है कि चोर रात में शोरूम बंद होने से पहले ही सेक्शन पार्ट में अंदर छिपकर बैठ गया है। सोमवार सुबह शोरूम खुला तब सामान समेट कर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा शख्स कोई मिस्त्री जैसा दिख रहा है।

59 लाख की चोरी में पकड़ा गया था प्रतापगढ़ का गैंग

5 जून 2023 को टोयोटा के इसी कार शोरूम से चोरों ने तिजोरी में रखी 59 लाख की नकदी चोरी हो गई थी। तब तत्कालीन थाना प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने प्रतापगढ़ के गैंग को पकड़कर चोरी का खुलासा किया था।

वन प्राणी उद्यान कानपुर के धरोहर है: सांसद रमेश अवस्थी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

वन्य प्राणी उद्यान कानपुर की ऐतिहासिक धरोहर है इस धरोहर को ऐतिहासिक बनाए रखना हम सभी कानपुर वासियों का धर्म होना चाहिए उक्त बात आज वन्य प्राणी उद्यान के स्थलीय निरीक्षण के दौरान भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने यह बात कही।

बीते दिन मंगलवार की प्रातः 11.30 बजे वन्य प्राणी उद्यान के वन्य जीव सप्ताह के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी ने विभिन्न स्कूलों से अपनी प्रतिभा का अवलोकन कराने वाले बच्चों की कला संस्कृति और गायन प्रतिभा को देखा एवं उनको पुरस्कार वितरण करते हुए कहां की इस तरह के बच्चों के आयोजन निश्चित तौर पर भारत की सनातन संस्कृति को गति देने का प्रयास करते हैं किस तरह के आयोजन होने से समाज के अंदर एक नई ऊर्जा का भी संचार होता है

जिसमें हमारे प्यारे बच्चों का बहुत बड़ा योगदान है देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 2047 में विकसित भारत के संकल्प को भी इस तरह के आयोजन निश्चित तौर प्रेरणा देते हैं।

तदु उपरांत प्रभागीय वन अधिकारी श्रीमती दिव्या वन्य प्राणी अधिकारी के के सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुराग के संग स्थल निरीक्षण करते हुए समस्त जीव जंतुओं को भी देख कर उनके रख रखाव खान पान की विस्तार से जानकारी ली। सांसद रमेश अवस्थी ने एक-एक बिंदु पर चर्चा करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक धरोहर को प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज से उद्यान को और अधिक सुसज्जित करने के लिए विस्तार से चर्चा कर यहां की अन्य जरूरत को पूरा कराने का प्रयास करूंगा।

सांसद रमेश अवस्थी के संग क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी भी मौजूद रहें।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जिले में थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा पूर्वी बाईपास पर बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।

थरियांव थाना क्षेत्र के सुधवां गांव निवासी ब्रह्मदत्त का पुत्र अनीश कुमार (23) एक कार्यक्रम में शामिल होने दनियालपुर गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह लोग बाइक से घर के लिए निकले। बाइक में तीन लोग सवार थे, जिसमें चक मुगल निवासी राहुल व सुधवा गांव का ही रहने वाला दिवाकर साथ थे। बाइक अनीश चल रहा था। जैसे ही बाइक बिलंदा पूर्वी बाईपास पहुंचा। अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक एक बड़े पत्थर में टकरा गई। अनीश पत्थर से टकरा गया, जिसके कारण अनीश के सीने में चोटें आ गई और मौके पर ही अनीस की मौत हो गई।

रात 10 बजे के बाद हुआ हादसा

घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मनीष तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़े भाई मनीष व छोटा अनुज है। अनीश के पिता ब्रह्मदत्त लोधी गंज में सैलून की दुकान चलाते हैं। हादसा रात करीब दस बजे के बाद हुआ। मौके पर हंसवा चौकी पुलिस पहुंची।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायलों को सदर अस्पताल में एडमिट कराया। ग्राम प्रधान अनिल लोधी ने बताया कि गांव में ही एक व्यक्ति के दनियालपुर गोद भराई का कार्यक्रम था। यह लोग कार्यक्रम शामिल होने गए थे। अनीश ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। थाना प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बेटे के पॉक्सो में जेल जाने से पुलिस फोबिया से ग्रसित पिता

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में छोटे बेटे के पॉक्सो में जेल जाने के सदमे में पिता पुलिस फोबिया के शिकार हो गए। पुलिस का नाम सुनते ही कभी घर के बेड के नीचे तो कभी दीवार के पीछे छिप जाते। सोमवार को वह मकान की पहली मंजिल की छत पर पहुंचे और बोले पुलिस आकर ले जाएगी। यह कहते हुए भागे और छत से नीचे गिर गए।

उन्हें गिरने से बचाने के चक्कर में बड़ा बेटा भी उनके साथ नीचे आ गिरा। घटना में पिता की जान चली गई जबकि घायल बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामला चकेरी थानाक्षेत्र के गांधी ग्राम इलाके का है। गांधीग्राम निवासी जगन्नाथ (75) पत्नी, दो बेटे गगन, राजा के साथ रहते थे। बेटी मोना के पति मनोज ने बताया कि 20 वर्ष पहले जगन्नाथ बल्ब की फैक्टरी में काम करते थे। काम करने की वजह से उनकी आंखों की रोशनी कमजोर हो गई थी। दो माह पहले उनके बेटे राजा को एक लड़की ने पॉक्सो व अन्य धाराओं में जेल भिजवा दिया।

मानसिक स्थिति देख परिजन रखते थे नजर

इसके बाद से जगन्नाथ की मानसिक हालत और खराब हो गई। बेटे के जेल जाने का उनपर ऐसा असर हुआ कि वह पुलिस फोबिया के शिकार हो गए। अचानक पुलिस का नाम सुनते ही डर जाते थे। कभी बेड के नीचे तो कभी दीवार के पीछे छिप जाते थे।

चक्रवाती हवा से बदला मौसम, अगले 48 घंटे इसी तरह रहेगा मौसम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में बंगाल की खाड़ी से उठी चक्रवाती हवाओं की ओर से पिछले दो दिनों से मानसून की वापसी के बावजूद बारिश हो रही है। अंतर सिर्फ इतना है कि यह बारिश शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कुछ ही स्थानों पर लेकिन तेज हवा के साथ हो रही है। सोमवार को भी शहर में सुबह से हल्के बादल रहने के बाद करीब तीन बजे किदवई नगर, परेड, काकादेव, शारदा नगर सहित कई अन्य क्षेत्रों में 10 से 20 मिनट तक 8 मिमी बारिश हुई। इसके बाद तुरंत धूप भी निकल आई।

अगले 48 घंटे इसी तरह रहेगा कहीं

बादल कहीं धूप वाला मौसम रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार जारी चेतावनी के अनुसार चक्रवाती हवाओं की वजह से अधिकांश क्षेत्र जो नदियों व किसी जलीय क्षेत्र में हैं, वहां पर बारिश के बीच-बीच बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। जिन क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है, उसमें कानपुर के अलावा देहात क्षेत्र फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, अयोध्या, बाराबंकी शामिल हैं।

कुछ क्षेत्र में बारिश, कुछ में धूप होने की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन पांडेय ने बताया कि इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बताया कि इस बीच पैचिंग रेन यानि कुछ क्षेत्र में बारिश कुछ में धूप होने की संभावना है। इस बीच अधिकतम तापमान एक दिन पहले की तरह 34.8 डिग्री और न्यूनतम दो डिग्री लुढ़ककर 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि हवा में नमी की मात्रा अधिकतम 93 और न्यूनतम 59 प्रतिशत रही।

बारिश से 2042 किसानों की 830 हेक्टेयर फसल नष्ट

बीते दिनों हुई बारिश से 2042 किसानों की 830 हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई। इसमें पांडु नदीं में बाढ़ का पानी आने से सचेंडी क्षेत्र से लेकर घाटमपुर तहसील क्षेत्र तक 795 हेक्टेयर फसल और गंगा बैराज में बाढ़ के पानी से चार गांवों की 35 हेक्टेयर फसल नष्ट हुई है। इसमें से जिले के 2043 किसानों को नुकसान हुआ। जिला प्रशासन ने सर्वे कराया तो हकीकत सामने आ गई है। फसल नष्ट के आधार पर किसानों को जल्द मुआवजा मिलेगा।

सदर और घाटमपुर तहसील की फसलें हुई नष्ट

बाढ़ के बाद जिला प्रशासन का फसलों के नुकसान को लेकर चल रहा सर्वे पूरा हो गया है। गंगा और पांडु नदी में आई बाढ़ से सदर और घाटमपुर तहसील के किसान प्रभावित हुए हैं। सदर तहसील में ख्योरा कटरी गांव की 35 हेक्टेयर भिंडी, टमाटर, लौकी, तरोई आदि की फसल नष्ट हुई है। इसमें 306 किसान प्रभावित हैं। इन्हें करीब 6.50 लाख का मुआवजा मिलेगा।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को धमकाने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंध आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है।

भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये हैं। हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से ÷पूरी तरह परिचित÷ है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में ÷बोझ को कम करने÷ के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज़ ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि ÷डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं÷। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

एक्सप्रेस आलेख

देश भर में इन नवरात्रों में घर-घर कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तसती पाठ किया जाता है, सुबह-शाम भवानी की आरती उतारी जाती है। कंजिका पूजन, जगराता, जागरण, हवन और स्तवन-स्तुति किजाती है। पूरे भारत में अंबिका माता का ये पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, भक्त जगतजननी आदिशक्ति की विविध विधि-विधान से पूजा करनें में लग जाते है और वातावरण में एक अलग ही सात्विक एहसास की अनुभूति होने लगता है। शारदीय नवरात्रों का उत्सव अपने साथ खुशियों और उमंगो के अनेक रंग साथ लेकर आता है ,हर तरफ़ अनेक प्रकार से भगवती की आराधना होती है हमारें देश में हर ओर नवरात्री मानानें का अलग अंदाज, तरीका और एहसास है।

प्रतीक तिवारी

विविध सनातन संस्कृति और विशेष शक्ति उपासना का परिचायक है शारदीय नवरात्र

नवरात्र नव दिनों का एक ऐसा समय हैं जिसमें आध्यात्म अपनें चरम पर होता है, शक्ति उपासना के इन नव दिनों में हमें संयम, सदाचार, समर्पण, निष्ठा और उत्साह की मिलीजुली तस्वीरें दिखाई देतीं हैं। नवरात्रों के शुरू होते ही चारों तरफ़ भक्ति का माहौल व्याप्त हो जाता है, भगवती दुर्गा की उपासना से कोई वंचित नहीं रहना चाहता है और जब हम शारदीय नवरात्री की बात करे तो इसकी रौनक कुछ अलग ही होती है। इस नवरात्री को आश्विन नवरात्र भी कहा जाता है, जब वर्षा ऋतु के पश्चात हल्की सर्दी का एहसास वातावरण में होने लगता है, यही काल माँ अम्बिका के महापूजन का संयोग काल बनता है। इस समय प्रकृति अति लुभावनी प्रतीत होती है, हल्की सर्दी के एहसास के साथ हल्की धूप वातावरण में पशु, पक्षी, मानव और वनस्पतियों को अनुकुलता प्रदान करती है। ये समय ही अनुकुल परिस्थितिया लिए आता है। हमारे भारतवर्ष में शारदीय नवरात्र का बहुत महत्व है, आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से दशमी तक पूरे भारत में शक्ति की उपासना, आराधना और भक्ति की जाती है। हमारें सनातन धर्मे में शक्ति को ही समस्त संसार का मूल माना गया है और भगवती अंबिका को ही सारे चराचर की अधिष्ठात्री की संज्ञा प्राप्त है, पौराणिक काल से ही भगवती की उपासना यहाँ होती आई है। महाभारत का समय हो या रामायण शक्ति की पूजा का हर जगह विशेष वर्णन मिलता है, यही कारण है की आज भी हमारे देश में शक्ति उपासना का यह महापर्व हमारी संस्कृति को महिमा मंडित करता आरहा है। हर जगह माता की उपासना का अपना अलग भाव और तरीका है, शारदीय नवरात्रों की धूम देश के हर कोनो में रहती है, हमारे देश में हर ओर मानाने के अलग-अलग रंग है। ये नवरात्री बहु-विविधताओ, बहुसंस्कृतियों और अनेक रंगों से परिपूर्ण है। अगर हम मातारानी के शहर जम्मू की बात करें तो वहां की रौनक देखने योग्य है वैष्णों देवी के दर्शन से लेकर जगह-जगह पर माता रानी की यात्राएं एवं झाँकियाँ निकाली जाती है। पूरा जम्मू शहर मंदिरों में परिवर्तित हो जाता है। हमारी राजधानी दिल्ली में जगह-जगह पर माता के जगरातों और माता चौंकी की धूम घरो से लेकर बड़े-बड़े स्तरों पर होती हैं। कालकाजी, झंडेवालान

बंगाल तो अपने शक्ति उपासना और साधना के लिए विश्व में प्रसिद्ध है यहाँ शारदीय नवरात्रों को विशेष नाम दुर्गापूजा ने नाम से पुकारतें है, बंगाल रामकृष्ण परमहंस, वामाखेपा जैसे शक्ति साधको के लिए प्रसिद्ध है।

मंदिर और छतरपुर मंदिरों में भक्तो का रेला रुकता ही नहीं है। चारों ओर माता रानी के जयकारों और भजनों की आवाजें कानों को पवित्र कर देतीं है। बात करें बिहार राज्य की तो वहां के शक्ति पीठों और सिद्ध पीठों जैसे पाटन देवी, आयरन देवी, मुंडेश्वरी धाम, अंबिका स्थान, थावे की भवानी, श्यामा माई आदि जगहों पर मेले जैसा दृश्य रहता है। गाँव,शहरों और कस्बों हर जगह भोजपुरी देवी गीतों से वातावरण गुंजायमान रहता है। कहीं पे देवी माँ को दूध के कराह चढ़ानें की परंपरा है, तो कही ध्वजा रोहण। बंगाल तो अपने शक्ति उपासना और साधना के लिए विश्व में प्रसिद्ध है यहाँ शारदीय नवरात्रों को विशेष नाम दुर्गापूजा ने नाम से पुकारतें है, बंगाल रामकृष्ण परमहंस, वामाखेपा जैसे शक्ति साधको के लिए प्रसिद्ध है। उनकें समय से ही दुर्गापूजा का प्रचलन बंगाल में है। कालीघाट का कालीमंदिर, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, तारापीठ और हजार भुजा काली मंदिर बंगाल के विख्यात काली मंदिर है, जिनकी शोभा नवरात्रों में दोगुनी हो जाती है। बंगाल में विश्व का सबसे आकर्षित करने वालें दुर्गा प्रतिमाओं एवं पंडालो की स्थापना होती है यहाँ घर-घर देवी दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना सप्तमी तिथि को की जाती है और नवमी, दशमी तक विशेष पूजा की जाती है, बंगाल के दुर्गापूजा में होंने वाला ढूनुची नाच अपनी अलग ही पहचान रखता है, धूप, गुगुल और अगरु को मिट्टी के पत्रों में सुनगाकर और उसे हाथ में लेकर विशेष नृत्य किया जाता है। यहाँ होने वाला सिन्दूर खेला भी बहुत प्रसिद्ध है, महिलाएं सफ़ेद और लाल धारी वाली पारंपरिक बंगाली साड़ी पहनके सिन्दूर को एक दुसरे पे लगाकर सिन्दूर की होली खेंलतीं हैं, ये आयोजन दुर्गा माता की मूर्तियों के विसर्जन के दिन होता है। बंगाल का दुर्गापूजा विश्व प्रसिद्ध है यहाँ के लोग होली और दीपावली के जैसे दुर्गापूजा का इंतजार करतें है हर दिन का एक अलग पोशाक, पकवान और रश्म और विधान दुर्गापूजा की ख़ासियत है। नवरात्री शुरू होते ही सारा गुजरात अम्बे माता के रंग में रंग जाता है सम्पूर्ण गुजरात में ढोल और नगाड़ों की थाप पर लोग गरबा में रम जातें है। हर ओर डांडिया और गरबा नृत्य की धूम होती है, जय अम्बें-जय अम्बें का स्वर अपने चरम पर सुनाई देता है। क्या बुजुर्ग क्या बच्चें और क्या जवान सब बस अम्बे माँ की भक्ति और गरबा में रम जाना चाहतें है। घर-घर कलश स्थापना के साथ गरबा कर माता की स्तुति की जाती है महिलाएं एक से एक लोकगीतों और पारंपरिक गानों को गाकर माता अम्बे को मानानें में जुट जातीं है। गुजरात भी अपने शक्ति पीठों और देवी स्थानों के लिए मशहूर है-पावागढ़ की महाकाली, आरासुरी अम्बाजी, असापूरा माता और बहुचरा माता के मंदिरों पर गरबा और दर्शनों को भरी संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ती है। रंगबिरंगे पोशाकों में सज-धजकर लोग अम्बे माता का स्तवन गान करने में लगे रहते है, सारा गुजरात देविमय प्रतीत होने लगता है। भगवती की उपासना हर कोने- कोने में अलग-अलग भाव और विधि से होती है राजस्थान में मातारानी के लिए पारंपरिक देवी घूमर का आयोजन किया जाता है घरों में भी पूजा-पाठ, स्तवन गान और नव दिनों तक उपासना द्वारा माता की स्तुति की जाती है।

बात करें बिहार राज्य की तो वहां के शक्ति पीठों और सिद्ध पीठों जैसे पाटन देवी, आयरन देवी, मुंडेश्वरी धाम, अंबिका स्थान, थावे की भवानी, श्यामा माई आदि जगहों पर मेले जैसा दृश्य रहता है। गाँव,शहरों और कस्बों हर जगह भोजपुरी देवी गीतों से वातावरण गुंजायमान रहता है। कहीं पे देवी माँ को दूध के कराह चढ़ानें की परंपरा है।

एक्सप्रेस कविता

मां एक एहसास। मां एक एहसास निशब्द, अर्चना गृह में माता की प्रार्थना करती गूंजती आवाज मंत्र की प्रतिध्वनि, पूजा अर्चना की मधुर घंटियां, श्लोक प्रातः काल और मां, पिताजी के कविता के सस्वर पाठ की सार्थक साक्षी मां, एक अबोली मौन पाठिका, कवि गोष्ठियों की अहम मूक पात्र, एक सहृदय आयोजिका, एक गहरी मुस्कान बनावटी गुस्सा पर उदार ग्रहणी अन्न, खानपान से पूर्ण संपूर्ण अन्नपूर्णा, घर के हर स्पर्श में मां, तुलसी के चौरे में दीपक की रोशनी से पूरे आंगन में विचरती मां रसोई के बर्तनों में खनकती मां, हम सब को सबक सिखाती गुस्से में तमतमाती मां, ममता से ओतप्रोत देर रात लौटने पर एक जोड़ी आंखों से निराश मां ,भरे पूरे हाथों से खाना खिलाती मां हर स्पंदन में, सांसों में, मेरे ही सामने बमुश्किल

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

किसी से माफ़ी माँगने से न घबराएं वो आपकी कमजोरी नहीं है बल्कि आपका अच्छा स्वभाव है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	षष्ठी 12:11 तक
नक्षत्रः	मूल 29:06 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	बुधवार
योगः	सौभाग्य, 06:34
सूर्योदयः	06:22
सूर्यास्तः	17:53
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	12:08-13:34
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1946
मासः	आश्विन
शुभ मुहूर्तः	कोई नहीं

जन एक्सप्रेस

तय करती पर जनता !

मेहनत का फल है मिला ।
ना बस हवा हवाई ।।
हो जाती जब अति ।
है फिर जगहंसाई ।।
मिला फिर से मौका ।
जनमत का आदेश ।।
तय करती है जनता ।
कौन है विशेष ।।
है उतरना खरा ।
रखना फिर से ध्यान ।।
वरना फिर रसातल ।
आता जब गुमान ।।
अपने अपने स्तर पर ।
सबका हुआ प्रयास ।।
तय करती पर जनता ।
कौन उसे पर रास ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

बच्चों में बीमारियों की वजह बन सकता है टूथब्रश

छोटे बच्चों का तन और मन दोनों ही बहुत नाजुक होता है। नाजुक शरीर की थोड़ी सी भी देखभाल में लापरवाही उन्हें बीमारी कर देती है। न्यू पेरेंट्स को बच्चे के खाने, पीने वाले पानी, दवाएं, आसपास के वातावरण और हर उस बात का ध्यान रखते हैं, जो उन्हें बीमारियों से दूर रखें। इसके बावजूद बच्चे को बुखार, सर्दी, खांसी, उल्टी और दस्त की समस्या घेरे रहती है। जो लोग पहली बार पेरेंट्स बनें हैं, वो अक्सर इस बात की शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है। हम घर की सफाई, बच्चे के कपड़े, खिलौने और खाने का भी पूरा ध्यान रखते हैं, लेकिन फिर पता नहीं क्यों बच्चा बार-बार बीमार पड़ता ही है। दरअसल, बच्चे के बार-बार बीमार पड़ने का कारण फर्श, खिलौने और खाने नहीं बल्कि उनका टूथब्रश हो सकता है। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बताएंगे टूथब्रश की वजह से बच्चे कैसे बीमार हो सकते हैं और पेरेंट्स को कितने समय के अंतराल में टूथब्रश को बदलना चाहिए। क्या टूथब्रश बच्चों को बीमार कर सकता है? डॉ. तरुण आनंद के अनुसार, ज्यादातर लोग अपने और बच्चों के टूथब्रश को बाथरूम में रखते हैं। बाथरूम में जब टॉयलेट को बिना सीट कवर किए ढका जाता है, तो बैक्टीरिया हवा में फैल जाते हैं। हवा में फैले हुए बैक्टीरिया टूथब्रश में घुस जाते हैं। जब बच्चा बैक्टीरिया से भरे हुए टूथब्रश का इस्तेमाल करता है, तो बीमारियों की चपेट में आ जाता है। बाथरूम वाले बैक्टीरिया के संपर्क में आने से बच्चे को उल्टी और दस्त की समस्या हो सकती है। इसके अलावा टूथब्रश के कारण बच्चे को स्टैफीलोकोसी (स्टैफ) बैक्टीरिया का भी खतरा हो सकता है। स्टैफीलोकोसी के कारण बच्चे को स्किन से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं।

कितने समय में बदलना चाहिए बच्चों का टूथब्रश?: डॉ. तरुण आनंद का कहना है कि बच्चों को टूथब्रश के कारण होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए हर 3 से 4 महीनों में इसे बदलना चाहिए। दरअसल, 3 से 4 महीने में टूथब्रश के ब्रिसल्स घिस जाते हैं और खराब हो जाते हैं। अगर बच्चे खराब ब्रिसल्स वाले टूथब्रश का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी वजह से दांतों में सड़न और कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। अगर आपका बच्चा बीमार हो गया है, तो कीटाणुओं को फिर से आने से रोकने के लिए भी टूथब्रश बदलने की जरूरत पड़ती है। डॉ. तरुण की मानें तो बीमारी के बाद बच्चे का टूथब्रश बदलने से कीटाणुओं का संपर्क तोड़ने में मदद मिलती है, जिससे बीमारियों का खतरा कम होता है। बाथरूम और हवा के बैक्टीरिया बच्चे के मुंह से संपर्क न बनाए, इसके लिए बच्चे के टूथब्रश को अलग रखें। संभव हो तो बच्चे के टूथब्रश पर कैप चढ़ाएं, ताकि वायरस उसमें न घुसें और बीमारियों का खतरा कम किया जा सके। इस्तेमाल करने के बाद बच्चों के टूथब्रश को पानी से अच्छी तरह से धो लें, ताकि बचा हुआ टूथपेस्ट और खाने के कण उसमें से निकल जाएं।

एक्सप्रेस विशेष

आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

डॉ. रमेश ठाकुर

देश ही नहीं विदेशों में भी जब कोई बड़ी आपदा आती है तो एनडीआरएफ को याद किया जाता है। निश्चित रूप से 20 साल से कम समय में एनडीआरएफ ने आपदा में बचाव का जो रिकॉर्ड बनाया है, उसमें वर्तमान केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति और बल को सशक्त बनाने के लिए किया जाने वाला उपाय शामिल है।

प्राकृतिक आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए। आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुई। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है। बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्त आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है। यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे। केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं। आपदाओं के वक्त इनके आने से लोग समझ जाते हैं कि हालात नियंत्रण में आ जाएंगे। यही भरोसा किसी भी आपदा रक्षा बल की ताकत होता है। फिर भी 140 करोड़ के देश में प्रकृति से अधिक मानव निर्मित आपदाएं आती ही रहती हैं।

भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण हर जगह हिमस्खलन, भूस्खलन, बाढ़ और तूफान जैसे खतरे बढ़ने वाले हैं। जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने पृथ्वी मंत्रालय का गठन कर वैज्ञानिक सूचनाओं का सहारा लेकर जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ को और मजबूत बनाने के लिए अधिक धन भी आवंटित किया है।

कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

✻ कन्या शक्ति वंदन: अष्टमी को 1100 कन्याओं का होगा सामूहिक पूजन कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 10 अक्तूबर को मंडी समिति राजापुर में होने वाले कन्या शक्ति वंदन 1100 कन्याओं के सामूहिक पूजन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में 10 अक्टूबर को कृषि उत्पादन मंडी समिति में कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित होगा, जिसमें परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक, दो, तीन की 1100 कन्याओं का पूजन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल शिरकत करेंगे। इसमें जिले के मा.जनप्रतिनिधि शामिल भी होंगे।डीएम ने आयोजन को भव्य, दिव्य बनाने के लिए अफसरो की भूमिका को रेखांकित किया। निर्देश दिए कि आयोजन के लिए सौपे गए दायित्वो का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाएं। बीएसए को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सभी 1100 कन्याएं स्कूल यूनिफॉर्म में शामिल होगी। बालिकाओं को लाने ले जाने के लिए 30 वाहन लगाए गए है। वाहनों की पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा टीमें जलपान एवं भोजन गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता टीम में सक्रियता से काम करेगी।

डीएम ने कहा कि पांच बालिकाओं पर एक शिक्षको की ड्यूटी लगाई गई है। यह शिक्षक बालिकाओं के अभिभावकों से मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क में रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के उपरांत जिले पर रिपोर्ट भेजेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया। बालिकाओं के लिए पंडाल में कूलर की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में शामिल सभी 1100 बालिकाओं को बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति से संबंधित प्रचार साहित्य प्रदान किया जाएगा।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने इस अनूठे एवं वृहद कार्यक्रम में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किए गए प्रबंध को भी रेखांकित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की नेतृत्व मार्गदर्शन में शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है।

उन्होंने मिनट टू मिनट कार्यक्रम के लिए अधिकारियों का दायित्व निर्धारित भी किया।

डीपीओ लवकुश भार्गव ने कार्यक्रम की रूपरेखा को रेखांकित किया।

डीएम ने 15 ब्लॉको को तीन सुपर जोन में बांटा

डीएम ने कार्यक्रम के सुगम एवं सफल संपादन हेतु 15 ब्लॉकों को तीन सुपर जोन में बाट कर नोडल अधिकारी भी तैनात किए है।

प्रथम सुपर जोन:
लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड़, बेहजम, कुंभी। (जोनल अधिकारी -डीसी मनरेगा)

द्वितीय सुपर जोन:
बिजुआ, बांकेगंज धौरहरा, ईसानगर, रमियाबेहड़ (जोनल अधिकारी-पीडी डीआरडीए)

तृतीय सुपर जोन:
मोहम्मदी, पसगवां, मितौली, पलिया, निघासन (जोनल अधिकारी-डीसी एनआरएलएम)।

सभी बीडीओ को ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया, जो संबंधित बीईओ से समन्वय रखेंगे।

राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं रोवर्स रेंजर्स ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन

✻ युवराज दत्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

परिवहन विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग, उ.प्र. के निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा पखवाडा दिनांक 02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में युवराज दत्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं रोवर्स रेंजर्स ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया। पांच अक्टूबर को प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियम जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत कुमार पाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही प्राचार्य ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया व छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। इसी क्रम में छह अक्टूबर को महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपने परिजनों को आवागमन करते समय सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया तथा सात अक्टूबर को शिक्षकों ने कक्षाओं में उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई व 08 अक्टूबर 2024 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन कर रहे प्रो. सुभाष चंद्रा ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के वारे में समसामयिक घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो.ज्योति पंत ने छात्रों से सड़क सुरक्षा से संबंधित दैनिक जीवन में उपयोगी प्रश्न पूछे तथा यातायात अनुपालन हेतु महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अध्यक्षीय उ?द्बोधन में कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया था क्विज में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षणेतर कर्मचारी एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विद्यालय में वायु सेना दिवस मनाया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई में भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अरविंद सिंह चौहान जी ने अतिथि परिचय करवाया अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में स्क्वाड्रन लीडर ए.के.दीक्षित जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त कर्नल सी.पी.मिश्र जी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु विद्यार्थियों को वायुसेना के कर्तव्यों से संबंधित चलचित्र दिखाया गया। विद्यालय के खेल विभाग के द्वारा इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले भैया बहनों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार रखे तथा भैया बहनों को वायुसेना में जाने देश सेवा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जी ने आए मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

युवक ने शिक्षक को दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना सिंगाही क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते एक युवक ने शिक्षक को उठवाकर जान से मार देने की धमकी दी। धमकी मिलने के बाद से शिक्षक और उसका परिवार दहशत में है। शिक्षक ने बताया कि आरोपी ने मोबाइल पर कॉल कर कहा कि मेरी पुलिस से बात हो गई है, मैं खेत जोतने जा रहा हूं। यदि तुम आ गए तो तुम्हें उठवा लूंगा। पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा खुर्द निवासी मधुरेश शुक्ला बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक हैं। उन्होंने और गांव बथुआ निवासी नरेंद्र सिंह ने ग्राम सिंगहा कलां में कृषि योग्य भूमि जरिये बैनामा खरीदी है। शिक्षक मधुरेश शुक्ला ने बताया कि इस भूमि पर कस्बा सिंगाही निवासी करन सिंह अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप करते है। करन सिंह के पुत्र सौरभ सोनी ने मोबाइल पर कॉल की। धमकी देते हुए कहा कि पुलिस से हमारी बात हो गई है। मैं खेत जोतने जा रहा हूं। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उठवा लेने और जान से मार देने आदि की धमकी दी। उन्होंने आशंका जताई कि आरोपी कभी उसके व परिवार के साथ कोई अप्रिय वारदात कर सकता है। धमकी मिलने के बाद शिक्षक और उनका परिवार काफी डरा सहमा है। उधर धमकी मिलने के बाद जब इसकी जानकारी शिक्षकों को हुई तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। शिक्षक मधुरेश शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सौरभ सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शिक्षक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।पुलिस छानबीन कर रही है।

मौलाना मसूद को प्रियंका भेजती थी हिंदू छात्राओं के फोटो, फिर होता था ब्लैकमेलिंग का खेल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना नीमगांव क्षेत्र में महिला दोस्त के साथ मिलकर छात्राओं को ब्लैकमेल करने वाले मौलाना मसूद और उसकी महिला दोस्त पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने एक कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मौलाना मसूद को तीसरे दिन गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ थाना नीमगांव क्षेत्र में स्थित एक कोचिंग में पढ़ती हैं। छात्राओं के परिजनों के मुताबिक तीनों छात्राओं की मित्रता प्रियंका नाम की युवती से होती है। कथित प्रियंका का अफेयर अछनियां निवासी मौलाना मसूद से था। मौलाना मसूद की गांव में परचून की दुकान है। वह मोबाइल रिचार्ज भी करता है। उसकी महिला दोस्त प्रियंका तीनों सहेलियों के फोटो और वीडियो अपने प्रेमी मौलाना मसूद को भेजती थी, जो उनका गलत इस्तेमाल करता था। उनका कहना है कि मौलाना मसूद के मोबाइल फोन में कॉन्वेंट स्कूल की कई हिन्दू लडकियों के फोटो हैं। इस विद्यालय के प्रबंधक का नाम भी मसूद खां है। वहीं मौलाना मसूद इन लड़कियों के फोटो का फायदा उठाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास करता है। इससे तीनों छात्राएं काफी डरी सहमी हैं। पुलिस ने छात्राओं के परिजनों की तहरीर पर गांव अछनियां निवासी आरोपी मौलाना मसूद, उसकी महिला दोस्त प्रियंका और कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मसूद खां के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 व 351 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी मौलाना मसूद को गिरफ्तार कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मौलाना के खिलाफ छेड़छाड़ का एक और केस दर्ज पीड़ित एक अन्य छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मौलाना मसूद और एक अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। छात्रा के भाई ने बताया कि उसकी बहन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिदिन कोचिंग सेंटर आती है। 25 मई 2024 को मोबाइल रिचार्ज कराने दुकान पर गई उसकी बहन का हाथ पकड़कर मौलाना मसूद ने मोबाइल ले लिया और उसमें कुछ करने लगा। वह जब दुकान से घर जाने लगी तो उसका पीछा कर रास्ते में अश्लील हरकत की। 24 सितंबर को भी बाछेपारा मोड पर बहन के साथ छेड़छाड़ की। जबरदस्ती हाथ पकड़ कर खींचने लगा। अश्लील फोटो बनाना लेने की बात कहते हुए वायरल करने की धमकी दी। व्हाटसएप्प मैसेज करते हुए फोटो भेज कर ब्लैकमेल करने लगा।

हत्या के मामले में अभियुक्त को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

कोतवाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोठा में अपनी बहू की हत्या के मामले में पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल चलिए आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी, वाछिंत व संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन महक शर्मा के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन महेश चन्द्र के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निघासन में पंजीकृत मुकदमा धारा 80(2) / 85/ 115(2) बी एन एस व 3/4 डीपी एक्ट थाना निघासन खीरी में वांछित अभियुक्त इकरार खान पुत्र इन्सार खान उम्र करीब 59 वर्ष निवासी ग्राम बरोठा थाना निघासन जनपद खीरी को लखीमपुर खीरी झण्डी रोड़ पर भजनपुरवा शिव मन्दिर के सामने मेला मैदान से पुलिस हिरासत में लिया गया है।

अभियुक्त इकरार उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम वरिष्ट उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव कांस्टेबल दिनेश कुमार होमगार्ड रामपाल थाना निघासन आदि मौजूद रहे।

डीएम ने ली मार्च पास्ट की सलामी

✻ संतरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर दिया शांति का संदेश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार तीन दिवसीय 73वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फार स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ मंगलवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएम ने विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और संमरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है, जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है।

डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। उक्त रैली में जनपद के समस्त विकास खण्डों के विद्यालयों के विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के संयोजक इशविन्दर सिंह अजमानी ने बताया कि जनपदीय प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागी मण्डलीय खेलों में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसकी मेजबानी इस वर्ष लखीमपुर जनपद को मिली है।

उन्होंने बताया कि मण्डलीय खेल दिनांकः 19, 20, 21 अक्टूबर को लालपुर स्टेडियम में सम्पन्न होंगे।

शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवम् शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

मिशन शिक्षण संवाद लखीमपुर खीरी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खीरी के संयुक्त तत्वावधान में डायट सभागार में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवम् शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद लखीमपुर खीरी के सभी विकास खंडों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले 90 शिक्षकों को शिक्षा रत्न सम्मान, जनपद के सभी राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को अनमोल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद से राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक /प्राचार्य /जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा के प्रधानाध्यापक हरिओम गुप्त एवं मिशन शिक्षण संवाद के जनपदीय एडमिन वैभव पाण्डेय, के अतिरिक्त निघासन ब्लॉक से शिक्षक अभिषेक बाजपेयी, नेहा एवं एआरपी मनोज समेत चार अन्य शिक्षकों को सम्मानित करते हुए सम्मानित किए गए सभी शिक्षकों से शिक्षा में नवाचार और परिणामदायी प्रयास लगातार करते रहने का आह्वान किया, जिससे शिक्षा में गुणवत्ता बनी रहे और जनपद के निपुण अभियान को गति मिले। मिशन शिक्षण संवाद के जनपद लखीमपुर के एडमिन वैभव पांडेय ने मिशन शिक्षण संवाद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। मिशन के जनपदीय पदाधिकारियों दुर्गेश नंदन त्रिपाठी, अभिषेक वाजपेई, निशी सिंह, विवेक शर्मा, नेहा जी आदि ने टीम के सदस्यों के परिचय और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ओमप्रकाश, वीरेंद्र शुक्ला, आदित्या कुमारी, पंकज वर्मा और एसआरजी पूनम सिंह तोमर, अनुपमा मिश्रा ने भी मिशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए, सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन मिशन टीम के सदस्यों शोभना सोलोमन और तारकेश्वर राय ने किया। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रुप में खण्ड शिक्षा अधिकारी निघासन फूलचंद, डबल एओ गिरिजा शंकर पाण्डेय, डायट प्रवक्ता विकास एवं डीसी ट्रेनिंग विशाल गिरि जी उपस्थित रहे।

अर्पिता सिंह बनीं एक दिन की डीएम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर जिले के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को मेधावी अर्पिता सिंह को एक दिन का डीएम बनाया है। अर्पिता ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान लोगों की फरियादें सुनीं और अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटर की छात्रा अर्पिता सिंह 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 7वां और जनपद की मेरिट में छठा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया था। उसने कुल 483 अंक प्राप्त किये थे। अर्पिता ने आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से इंटर की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अर्पिता के पिता अनिल सिंह आरआरडी इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हैं जबकि मां विनय कुमारी सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात हैं। अर्पिता यूपीपीएससी के माध्यम से सिविल सेवा में जाने की तैयारी कर रही है।

रामेश्वरम मंदिर में युवक ने चाकू से अपना गला रेता गला

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामकोट। कस्बे के प्राचीन रामेश्वरम मंदिर में सोमवार दोपहर एक युवक ने चाकू से अपना ही गला रेत दिया। अचानक हुई इस घटना से मंदिर में मौजूद श्रद्धालु व सेवादार भौचक्के रह गए। मंदिर के सेवादार ने पुलिस को सूचना दी और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी सरवन (25) सोमवार दोपहर पूजा करने के लिए प्राचीन रामेश्वरम मंदिर पहुंचे। वहां सेवादार प्रदीप शर्मा से जलाभिषेक वाला लोटा मांगा, इसके बाद पूजा करने लगे। पूजा करने के दौरान अचानक उन्होंने चाकू निकाला और मंदिर परिसर में ही अपना गला रेतना शुरू कर दिया। इस दौरान मौजूद सभी हड़बड़ा गए। तभी सेवादार प्रदीप ने उन्हें रोका। हालांकि तब तक सरवन अपना गला रेत चुके थे। प्रदीप ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

अपराध निरीक्षक घनश्याम सिंह ने बताया कि मंदिर सेवादार ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को जानकारी दी थी। घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

दो दिन पहले लखनऊ से आया था

सरवन लखनऊ में रहकर मजदूरी करते हैं। बीते दो दिन पहले ही वह अपने गांव आए थे। वे मां दुर्गा की उपासना भी कर रहे थे। उन्होंने नवरात्र में किन कारणों से यह कदम उठाया, परिजन अभी कुछ बता नहीं पा रहे हैं।

गांव में मनौती की चर्चा

बबुरी गांव में ग्रामीणों के बीच सरवन द्वारा कोई मनौती मांगे जाने की चर्चा है। पिता शिवनारायण ने बताया कि जब तक सरवन बोलने की स्थिति में न आ जाए, तब तक कुछ बता नहीं सकते।

रंजिश को लेकर युवक को दौड़ाकर पीटा, धारदार हथियार से किए वार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामपुर मथुरा। थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में पुरानी रंजिश में एक युवक को कुछ लोगों ने दौड़ाकर पीटा। वहीं, युवक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के उमरी गनेशपुर गांव निवासी सुरेंद्र भारती (35) सोमवार शाम कस्बे की मुख्य बाजार में खरीदारी कर रहे थे। इसी बीच रमाकांत, विजय, सियाराम, राममूर्ति और सरवन आ गए। इन सभी का सुरेंद्र से एक जमीन को लेकर विवाद है। दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने सुरेंद्र को घेर लिया, सभी उन्हें पीटने लगे। सुरेंद्र जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने उन्हें दौड़ाकर पीटा। इसके बाद धारदार हथियार से उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए।

सुरेंद्र इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, आरोपी बढ़ती भीड़ को देख मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां युवक की हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा कृष्णानंदन तिवारी ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। आरोपियों की तलाश जारी है। तहरीर मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

फास्ट फॉरवर्ड

परियोजना निदेशक ने की आवास योजना की समीक्षा

जन एक्सप्रेस/जंगल कौड़ियां/गोरखपुर। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण परियोजना निदेशक डॉक्टर. नागेंद्र नारायण मिश्र ने मंगलवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ब्लॉक परिसर में की समीक्षा बैठक उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा सभी पात्रों को आवास मिलना चाहिए योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान बीडीओ सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, लेखाकार विनोद सिंह, आशीष श्रीवास्तव, दीपेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। परियोजना निदेशक आवास योजना की जांच के लिए जंगल कौड़िया के नवका टोला पहुंचे और वहां दस साल की बालिका दिव्या एक शिक्षिका के रूप में अपने से कम उम्र के बच्चों को पढ़ाती हुई मिली। जिसके जज्बे को देखकर इन्होंने दिव्या को प्रोत्साहन के तौर पर नगद राशि दी और मौके पर मौजूद सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

पनियरा के लोगों को मिलेगी निर्वाध बिजली मिलेगी राहत-वेद प्रकाश शुक्ला

जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख पनियरा वेद प्रकाश शुक्ला के अथक प्रयास से पनियरा के लोगों को निर्वाध रुप मे मिलेगी बिजली। ब्लॉक प्रमुख श्री शुक्ल ने बताया कि प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी और मुख्य अभियंता पूर्वांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड गोरखपुर क्षेत्र से लगातार कोशिश करने पर विभाग ने 315.42(तीन करोड़ पन्द्रह लाख बयालीस हजार)का बजट दिया है। जिससे मुजुरी से पनियरा को जोड़ा जायेगा।

खबर के अनुसार 33/11केवी की लाइन एफसीआई गोरखपुर से भटहट होते हुए विधुत उपकेंद्र पनियरा में आती है। जिसकी दूरी लगभग पचास किमी है।जो अधिक दूरी होने के कारण निरंतर खराब रहती है। जिससे जनता परेशान रहती है।अब गोरखपुर की लाइन खबर होने पर मुजुरी को जोड़ लिया जाएगा और मुजुरी उपकेंद्र खराब होने पर पनियरा से जोड़ दिया जाएगा।इस कि रिया में लगभग बीस से पच्चीस मिनट का समय लगेगा और जनता को निर्वाध बिजली मिलती रहेगी। मिली स्वीकृति के लिए ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए योगी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नवरात्र पर बुढ़िया माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, पुलिस मुस्तैद

*** मां के गुस्से में आने से पूल समेत पूरी बारात नाले में समा गई थी**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर कसया रोड पर स्थित कुसम्ही जंगल में स्थापित बुढ़िया माई मंदिर में शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है । आस्था और विश्वास का केंद्र माने जाने वाले इस मंदिर में भक्तों का रेला लगा रहा। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद बुढ़िया माई पूरी करती हैं। इस बाबत मंदिर के पुजारी रामानंद उर्फ लल्लू ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हर साल उमड़ती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार नवरात्र में नेपाल,बिहार के अलावा अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। काफी भीड़ होने के वजह से सुबह से ही श्रद्धालु बुढ़िया माई का दर्शन हेतु कतारबद्ध होकर इंतजार करते रहे। दर्शन करने पहुंची सरोज तिवारी ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ हर नवरात्र में बुढ़िया माता के दर्शन करने आती हैं उनका मानना है कि माता की कृपा से उनके परिवार में किसी की कमी नहीं है। शहर के रहने वाले अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि बुढ़िया माता हर मनोकामना पूरी करती हैं और काफी दिनों से यहां बुढ़िया माता का दर्शन करने आ रहे हैं। कुसम्ही संवाददाता के अनुसार नवरात्र के इस पावन पर्व पर मंदिर में माता की विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्तजन माता की मूर्ति पर फूल, नारियल, चुनरी और अन्य पूजा सामग्री चढ़ाते हैं। भजन-कीर्तन भी होता रहता है, जिसमें बड़ी तादात में भक्तजनो की अपनी सहभागिता होती है। मुख्य सड़क से लेकर मंदिर तक दर्शन करने के लिए आने जाने वालों का तांता लगा रहता है।इस दौरान मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहता है, जहां खाने-पीने के स्टाल, धार्मिक वस्तुओं की दुकानें सजाई गई हैं।मंदिर के पुजारी ने बताया कि बुढ़िया माई मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द और भक्ति का प्रतीक भी है।

सुरक्षा के रहते है प्रबंध

नव रात्र के समय बुढ़िया माई मंदिर में लग रही भक्तो की भीड़ की सुरक्षा के बावत एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर ने कहा की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

बुढ़िया माई का आना एक चमत्कार

बुढ़िया माई के बारे में लोगों का कहना है की मंदिर का इतिहास है कि उसे समय नाले पर एक लकड़ी का पुल था उस पर से एक बारात जंगल के उस पार जा तरफ जा रही थी इस समय बीच में एक बूढी औरत सफेद वस्त्र पहन के नदी के बीचो-बीच बने लकड़ी के पुल पर बैठी थी जब बारात पुल पर चढ़ी तो बुढ़िया ने पूछा कि आप लोग कहां जा रहे हैं तो बारात के बीच एक नाच मंडली जा रही थी जिसमें एक जोकर भी था जोकर ने बताया कि हम लोग जंगल के उसे पर बारात लेकर जा रहे हैं तो बुढ़िया ने कहा कि जरा एक बार यहां भी नाच के दिखा दो पूरे बरात व नाच मंडलियों को बुढ़िया की बात को मजाक में लेकर आगे की तरफ बढ़ गए लेकिन नाच का जोकर बुढ़िया को भांप गया और कहा कि माता हम उधर से वापस आएंगे तो नाच के ही जाएंगे बाराती बारात लेकर चले गए वापस आते समय फिर बुढ़िया उसी जगह बैठी मिली तो सारे बाराती पुल पर चढ़ गए बुढ़िया ने जब नाचने के लिए कहा तो बाराती फिर आगे की तरफ बढ़े लेकिन जोकर नाचना शुरू कर दिया इस समय बुढ़िया माता ने गुस्से में आकर पुल को बारात समेत नाले में ?समा गयी सिर्फ बचा जोकर तो बुढ़िया मां ने कहा कि तुम मेरा कहां मान लिए और मैं आज से यहां पूजी जाऊंगी और जाकर कह देना गांव में तुला नाले के पास एक बुढ़िया मिली थी अब वही बुढ़िया माता के नाम से पुजी जाएंगी।

चौरी चौरा विधायक ने भूमि अधिग्रहण को लेकर आंदोलित किसानों संग की बैठक

*** मुख्यमंत्री से मिलकर कर किसानों की समस्यायों से कराऊंगा अवगत: ई. सरवन**

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने मंगलवार को माड़ापार गोबरहिया में जीडीए द्वारा जमीन अधिग्रहण को लेकर आंदोलित नौ गावों के किसानों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना बैठक में किसानों ने विधायक से भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न समस्याओं को बताते हुए कहा कि हम सभी छोटे किसान है और हमारे जमीनों को अधिग्रहण ना किया जाए और हमें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। किसानों ने विधायक से अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि दस वर्षो से जमीन की मालकियत में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और सर्किल रेट भी वहीं है जिससे हम लोगों को कोई फायदा नही होगा और हमारे पास अनाज उगाने के लिए कुछ भी नहीं रह जाएगा और हम छोटे काश्तकार है तथा हम लोगों के पास एक डेढ़ बीघा जमीन ही है।

विधायक ने किसानों को किया आश्वस्त, कहा आपके साथ होगा न्याय

किसानों ने विधायक से अपनी फरियाद करते हुए अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया जिस पर विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर किसानों की समस्यायों को अवगत कराऊंगा और किसानों को न्याय मिलेगा। इस दौरान आनंद शाही, राहुल जायसवाल, अशोक शाही, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र,मोहन, रामानुज जायसवाल, राम गोविन्द निषाद, श्यामदेव निषाद, अंशु प्रजापति, राम बचन प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

हरियाणा मिली जीत पर भाजपाइयों ने किया खुशी का इजहार, बांटीं मिठाईयां

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की धमाकेदार जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की गरीब उत्थान और जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली जीत । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है इसी विकासवादी और राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व पर पुनः भरोसा जताते हुए स्पष्ट बहुमत दिया है । इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविंद्र किशोर कौशल, अर्चना पांडे, निर्मला गौतम, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, आराधना पांडे, सुधीर श्रीवास्तव, गोविंद चौरसिया, सतेंद्र मणि, प्रभाकर राय, राहुल सिंह, यशवंत शाही, चंदन गिरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

मनरेगा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगा भुगतान के प्रयास में जुटे जिम्मेदार

*** तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक की मिलीभगत से कार्यों का बनाया जा रहा लागत से अधिक स्टीमेट**

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ निचलौल ब्लॉक में कार्यरत संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और मिली भगत से भ्रष्टाचारी नित्य नए-नए तरीके ईजाद कर दावों पर पलीता लगाते दिखाई दे रहे हैं। ताजा मामला निचलौल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बीसोखोर का प्रकाश में आया है। जहां मनरेगा योजना अंतर्गत कराए जाए कार्यों में सचिव,जेई व रोजगार सेवक की मिली भगत से घर बैठे मनरेगा श्रमिकों की फर्जी तरीके से सैकड़ों दिवस हाजिरी लगा जिम्मेदार भुगतान कराने के प्रयास में जुटे हुए है।

निचलौल विकास खंड के कई गांवों में जिम्मेदारों द्वारा समय समय पर ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग नही किए जाने की वजह से जमकर धांधली की जा रही है। ग्राम पंचायत बीसोखोर में मनरेगा के तहत बिसोखोर में पिच रोड से सिसवा टोला सिवान तक बंधा पर मिटटी कार्य हेतु दिनांक 21 सितंबर 2024 से 04 अक्टूबर 2024 तक मस्टररोल जारी कराया गया है जबकि 24 सितंबर को कार्यरत मजदूरों के अनुसार मौके पर 15 से 16 मजदूर थे जबकि ऑनलाइन हाजिरी 55 से ऊपर लोगो की लगाई गई। रोजगार सेवक व मेट द्वारा कूट रचित तरीके से कार्य की अवधि में कई दिनों तक घर बैठे श्रमिकों की फर्जी तरीके से सैकड़ों दिवस हाजिरी सृजित की गई है जबकि कार्यस्थल पर उक्त अवधि में मजदूरों ने काम ही नहीं किया है।सबसे दिलचस्प बात यह है कि उक्त कार्यस्थल के बाबत वर्क आईडी मिट्टी कार्य हेतु निकाली गई है, लेकिन मौके पर केवल समतलीकरण कर घास फूस की साफ सफाई कराई गई है। वही इतने से रोजगार सेवक/मेट का मन नहीं भरा तो 5 से 8 अक्टूबर का और मस्टररोल जारी करवा दिया। अब देखना यह लाजिमी होगा कि प्रकरण प्रकाश में आने के बाद मनरेगा योजना में चल रहे फर्जीवाड़े पर जिम्मेदार अधिकारी दोषियों पर किस तरह की कार्यवाही करते हैं या इसी तरह मनरेगा योजना भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ने के अलावे सरकारी धन का बंदरबाट होता रहेगा।

सूत्रों की माने तो सरकारी धन का दुरुपयोग और ब्लॉक कर्मियों की कमीशनखोरी की वजह से गरीब मनरेगा मजदूरों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है।

मनरेगा कार्यस्थल पर नहीं हैं सीआईबी बोर्ड

शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों पर कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सीआईबी बोर्ड लगाना अनिवार्य है बावजूद मनरेगा कार्यस्थलों पर सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए हैं जो पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है। सूचना बोर्ड पर योजना का नाम, प्राकलित राशि, सृजित मानव दिवस की जानकारी होनी चाहिए जिससे लोगों को जानकारी मिल सके कि कौन-सी योजना के तहत काम हो रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए बोर्ड को पहले नहीं लगाया जा रहा है। जब तकनीकी सहायक द्वारा एमबी किया जा रहा है तो बोर्ड लगाया जा रहा है। इस बाबत तकनीकी सहायक रमेश गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यस्थल का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य के सापेक्ष ही एमबी किया जाएगा।

भाजयुमो ने सीएम को संबोधित एसडीएम को सौंपा पत्रक, किया कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजपा युवा मोर्चा रुद्रपुर मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पडरौना में हुए मां दुर्गा की प्रतिमा पर पत्थर बाजी करने व भक्तों पर समुदाय विशेष के उपद्रवियों द्वारा किए गए हमले के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक एसडीएम रुद्रपुर को सौंपा । पत्रक के माध्यम से मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने बताया कि इस घटना से हिंदू जनमानस में भारी आक्रोश व्याप्त है,इस तरह की मानसिकता वाले लोगों पर जो समाज में भय का माहौल बना रहे हैं ऐसे लोगों का सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए । भाजपा नेता ने बताया कि ट्रॉली पर भक्त मां दुर्गा की प्रतिमा को ले जा रहे थे कि उपद्रवियों द्वारा अचानक किए गए हमले से मां दुर्गा की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई व लोगों को चोटे भी आई है। इस दौरान अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीम सोनकर, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा निलेश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह ,मीडिया प्रभारी निखिल मौर्य, मंडल मंत्री अभिषेक गुप्ता, रजत जयसवाल ,अजय भारती ,अभिषेक मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हाईस्कूल की टॉपर बनी जिले की एक दिन की डीएम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

मिशन शक्ति के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से जिलाधिकारी अनुनय झा ने कक्षा-10 में जिले की टॉपर निधि यादव को एक दिन का डीएम बनाया। वर्तमान डीएम अनुनय झा की कुर्सी पर बैठकर फरियाद सुनीं ।डीएम बनने के बाद निधि यादव ने जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। फिर जन सुनवाई करते हुए एक मामले का तुरंत समाधान कर दिया।

भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रेरणा दी

जिले की टापर निधि यादव ने ग्रामीण विकास, पुलिस और राजस्व से जुड़े कुल 8 मामलों को सुना और त्वरित संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई हेतु दिशा-निर्देश दीं। जिलाधिकारी न्यायालय में राजस्व की फाइलों की भी जांच की। अंत में एक दिन की डीएम बनी निधि ने जिलाधिकारी अनुनय झा को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस अनुभव ने मुझे भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। निधि ने यह भी कहा कि हमारी कोशिश होगी कि वह भविष्य में एक स्थायी डीएम बनकर देश और समाज की सेवा करुंगी।

समस्याओं के निदान के लिए मोर्चा का विस्तार व एकजुटता जरूरी

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। बरगदवा बाजार में संयुक्त व्यापारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पशुपतिनाथ गुप्ता की अध्यक्षता में बरगदवा बाजार व्यापार मंडल का गठन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से बरगदवा व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की समस्या पर ध्यान देते हुए समाधान किया जा सके इसके लिए व्यापारी मोर्चा पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है।

एड्स जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग की ओर से एड्स जागरूकता शिविर का अयोजन मंगलवार को स्वशासित मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य डाक्टर आरकेशाही, मुख्य चिकित्या अधीक्षक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज से एड्स को 2030 तक जड़ से खत्म करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि एड्स पीड़ित से किसी प्रकार का कोई भेदभाव न हो। एड्स पीड़ित व्यक्ति भी समाज का ही हिस्सा है। जिला अस्पताल में एड्स रागियों के लिये मुफ्त में जाँच व दवा की सुविधा उपलब्ध है। एड्स पीड़ित को बिना किसी लोक-लज्जा के अपनी बात को अस्पताल जाकर बताना है तथा अपना ईलाज कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अपर जिला जज द्वारा विस्तार से एड्स के बारे में उपस्थित लोगों को बताया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर ऋचा बर्नवाल, परामर्शदाता इन्द्रजीत राय, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे।

सीएम सिटी में मनबढ़ ने घर में घुसकर किया महिला से रेप

*** मनबढ़ ने बेटे को जान से मारने की धमकी देकर किया महिला से दरिंदगी**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाला मनबढ़ उसके घर में घुस गया और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ रेप किया। महिला के शोर मचाने पर बेटे को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। आरोप है कि मनबढ़ घटना के बाद भी काम पर आते-जाते समय महिला को परेशान कर रहा है।

क्या कहती है पुलिस

घटना तिवारीपुर इलाके की है। आरोपी की हरकत से आजिज आकर पीड़िता ने तिवारीपुर थाने में शिकायत की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पति से तालाक के बाद बेटे संग रहती है महिला

तिवारीपुर पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने कहा है, उसके पति से महिला का तलाक हो चुका है। तालाक होने के बाद वह अपने बेटे के साथ अलग रहती है। जीविका चलाने के लिए आसपास के घर में झाड़ू-बर्तन करती है। मोहल्ले का रहने वाला मनबढ़ उसे परेशान करता है। 29 सितंबर की रात में 10 बजे वह काम से घर लौटी।

बंधक बनाकर किया रेप

इसी दौरान पीछे से पहुंचे मनबढ़ ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर बेटे को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। अभी भी वह परेशान करने के साथ ही पीछा करता रहता है। डर है कि किसी दिन कोई वारदात न कर दे।

जीवन में पढ़ाई के साथ खेल के प्रति लगाव जरूरी: विशाल सिंह

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदीशपुर बरडीहा के प्रांगण में बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा आयोजित बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कप्तानगंज ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही ध्वजारोहण कर मार्च पास की सलामी ली गई। मुख्यअतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है, इस नाते खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। बच्चे खूब पढ़े खूब खेले इस बात पर उन्होंने जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सियाराम दास इंटर कॉलेज गंभीरपुर के प्रधानाचार्य उदयभान सिंह विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार पांडेय,विद्यार्थी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडेय आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरेकृष्ण पाण्डेय ने किया ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज रीता गुप्ता ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने खेल के प्रति शिक्षकों तथा बच्चों के उत्साह को देखते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना एवम स्वागत गीत कंपोजिट विद्यालय मगडीहा की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में मुकुंद देव सिंह,धर्म प्रकाश पाठक, रजनीश प्रकाश सिंह, महेंद्र प्रसाद,विजय कुशवाहा , डॉक्टर जयप्रकाश मनी, दिनेश कुमार शुक्ला, सतीश सिंह,विनय सिंह सिसौदिया, धनंजय पांडे, विनोद कुमार ओझा ,पंकज कुमार सिंह,सूचित प्रसाद खेल शिक्षक संजय कुमार गुप्त, जावेद अख्तर,अनुपम सिंह,अजय कुमार, मनोरमा सिंह आदि ने अपना विशेष योगदान दिया।

खेत से ट्रैक्टर निकलने पर खूनी संघर्ष

कुल्हाड़ी-फावड़े से काट कर दो भाइयों की हत्या, मां-बेटा घायल

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा के थाना खंदौली के गांव गुड़ा में मंगलवार को खेत से ट्रैक्टर निकालने के विवाद में एक ही खानदान के दो परिवारों में खूनी संघर्ष हुआ। चचेरे भाई और उसके बेटों ने लाठी-डंडों, फावड़े और कुल्हाड़ी से हमला कर दो भाइयों की काटकर हत्या कर दी। बचाने आईं परिवार की महिला और बेटे को भी गंभीर घायल कर दिया। वारदात के बाद हमलावर भाग निकले। सूचना पर दो घंटे बाद पुलिस पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी घरों पर ताला लगाकर फरार हैं। घटना के पीछे सवा बीघा जमीन की रंजिश की बात सामने आई है। गांव गुड़ा निवासी रघुवीर का परिवार के ही बेताल सिंह से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। पूर्व में दोनों के बीच मारपीट हो चुकी है। मंगलवार सुबह तकरीबन 9:30 बजे रघुवीर सिंह बेटे अनिल और विनय के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहे थे। आरोप है कि बेताल और उसके परिवार के लोगो ने रघुवीर से ट्रैक्टर उनके खेत से ले जाने से मना किया। इस पर वो दूसरे रास्ते से ट्रैक्टर ले गए। रघुवीर खेत पर बेताल के पास ही रुक गए। इस बीच दोनों में विवाद हो गया। बेताल और अन्य ने रघुवीर पर हमला बोला। कुल्हाडी और फावड़े से उन पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। रघुवीर की चीखपुकार सुनकर खेत में काम कर रहे उनके भाई सत्यपाल, देवानंद और उनकी पत्नी सरोज बचाने पहुंच गए। मगर, बेताल पक्ष ने तीनों पर हमला बोला। गर्दन पर कुल्हाड़ी और फावड़े से कई प्रहार किए। रघुवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सत्यपाल, सरोज और देवानंद गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देखकर आरोपी फरार हो गए। जानकारी पर ग्रामीण आ गए। वह घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे। मगर, रास्ते में सत्यपाल ने भी दम तोड़ दिया। सरोज और देवानंद का इलाज चल रहा है। डीसीपी पश्चिम जोन सोनम कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में पूर्व में भी विवाद हुआ था। इस पर शांति भंग में कार्रवाई की गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की हैं। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

सवा बीघा खेत का विवाद

रघुवीर और बेताल के बीच विवाद काफी पुराना है। रघुवीर के भतीजे रामवीर सिंह ने बताया कि 3 साल पहले रघुवीर सिंह और बेताल ने गांव की एक महिला से सवा बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन से हाईटेंशन लाइन निकल रही है। बेताल सिंह पक्ष एचडी लाइन वाला हिस्सा रघुवीर सिंह पर लेने का दबाव बना रहा था। दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत भी हुई। मगर, बात नहीं बन सकी। इससे बेताल रंजिश मान रहा था।

मुकदमे में सात नामजद

एसीपी एत्मादपुर पियूष कांत राय ने बताया कि मृतक रघुवीर के बेटे अनिल ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बेताल, उसके बेटे सत्यप्रकाश, राहुल, सत्येंद्र, पत्नी किताबश्री, भतीजे कृष्णा और मित्र थान सिंह को नामजद किया है। आरोपी घरों पर ताला डालकर फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हैं।

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने पत्नी संग किया ताज का दीदार, बोले, ये अद्भुत है...



जन एक्सप्रेस । आगरा

ताजमहल की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शब्द इसका न्याय नहीं कर सकते। मंत्रमुग्ध कर देने वाला यह मकबरा प्रेम और वास्तुकला की अनूठी मिसाल है। इन शब्दों के साथ मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ताजमहल देखने के बाद अपने एहसास को कागज पर लिखा। अपनी पत्नी साजिदा मोहम्मद और मालदीव के प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार सुबह मालदीव के राष्ट्रपति ताजमहल पहुंचे। वह एयर इंडिया के विशेष विमान से खेरिया एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उनका स्वागत किया। खेरिया एयरपोर्ट और शिल्पग्राम पर मालदीव के राष्ट्रपति के स्वागत में ब्रज की संस्कृति के लोकनृत्य और संगीत की प्रस्तुति की गई। मयूर नृत्य और रास के साथ फूलों की होली का प्रदर्शन किया गया। शाही अंदाज वाली गोल्फ कार्ट से राष्ट्रपति मुइज्जू ताजमहल के फोरकोर्ट पहुंचे, जहां अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने उन्हें ताज का भ्रमण कराया और ताज के इतिहास और वास्तुकला के साथ इसकी देखरेख, संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

साजिदा ने पूछा- कितने लोगों ने बनाया ताज

राष्ट्रपति की पत्नी साजिदा मोहम्मद ने गाइड राजीव सिंह से पूछा कि ताजमहल को कितने लोगों ने बनाया। गाइड ने बताया कि 20 हजार कारीगरों ने इसे बनाया था और ताजगंज में उनकी पीढ़ी के लोग अब भी रहते हैं। वह ताजमहल में एक घंटे रहे और सेंट्रल टैंक के साथ रॉयल गेट प्लेटफॉर्म पर फोटो खिंचवाया। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उन्हें ताजमहल की प्रतिकृति भेंट की।

पर्यटक हुए परेशान, तीन घंटे बंद रहा गेट

मालदीव के राष्ट्रपति की यात्रा के कारण पर्यटक परेशान रहे। वीआईपी रोड को उनके आवागमन के दौरान बंद कर दिया गया था। सुबह 3 घंटे तक ताजमहल के गेट आम पर्यटकों के लिए बंद रहे। सुबह 7:30 बजे गेट बंद हुए जो 10:30 बजे खुले। वीआईपी रोड बंद होने के कारण लोग ऑफिस लेट पहुंचे। माल रोड से फतेहाबाद रोड और खेरिया मोड़ की ओर रहने वालों को काफिला निकलने तक आधा घंटे के लिए रोका गया। एयरपोर्ट से ताज तक की सभी दुकानें बंद रहीं।

डांडिया उत्सव में गुजरती गानो पर थिरकी महिलायें

- रिवाज़ के डांडिया उत्सव में महिलाओ ने जमकर की मस्ती

जन एक्सप्रेस । आगरा

रिवाज़ संस्था ओर से डांडिया उत्सव और माता की चौकी का आयोजन होटल पूनम प्लाजा में किया गया। जिसमे महिलाएं डांडिया के रंग में रंगी नजर आई। लोग राजस्थानी, गुजराती, हरियाणवी गीत पर झूमते नजर आए। इसके बाद डांडिया स्टिक द्वारा युवतियों ने मनमोहक नृत्य कर लोग को मंत्रमुग्ध किया। गुजराती गानों पर कलाकारों ने सैंकड़ों लोगों के उमंग को और बढ़ा दिया। इससे पहले शुभारम्भ समाजसेवी सुनील स्वतंत्र कुमार, अरविन्द सिंह, सतीश अरोरा, पूनम अरोरा और प्रशांत सत्संगी ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष मधु सक्सेना ने बताया कि डांडिया उस्तव में पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने को लेकर संदेश दिया। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कार्यक्रम में जागरूक किया। सभी का स्वागत श्वेता वार्ष्णेय ने किया।

इस अवसर पर रहे मौजूद

इस अवसर पर दीप्ती, आशी, सारिका, नीतू, सोनिया, मीनू, शानू, चारु, दीपा, शिल्पी, बरखा, विमला, ललिता, प्रीति, पूनम, प्राची, मीनाक्षी, नंदिता आदि मौजूद रही।

अब गरीबों व अमीरों के बच्चों का एक साथ पढ़ेगे

- जरूरतमन्द बच्चो के लिए शुरू हुई कृष्ण सुदामा नि:शुल्क शिक्षा योजना
- आगरा प्रोग्रैसिव टीचर्स एसोसिएशन ने किया योजना के पोस्टर का विमोचन

जन एक्सप्रेस । आगरा

देश में गरीबों व अमीरों के बच्चों का एक साथ पढ़ने का इतिहास काफी पुराना रहा है। द्वापर युग में कृष्ण-सुदामा का एक साथ पढ़ना उसका प्रमाण है। आगरा प्रोग्रैसिव टीचर्स एसोसिएशन ने जरूरतमंद बच्चो के शिक्षा के लिए कृष्ण सुदामा नि:शुल्क शिक्षा योजना की शुरुआत की। सोमवार को आप्टा के पदाधिकारियों ने नि:शुल्क शिक्षा की जानकारी देते हुए योजना के पोस्टर का विमोचन किया। संस्थापक डॉ. सुनील उपाध्याय ने बताया कि आप्टा द्वारा जिले व ग्रामीण जनपद में संचालित 500 से अधिक शिक्षण संस्थानों में कृष्ण सुदामा नि:शुल्क शिक्षा योजना लागु की। इसका लाभ जरूरतमंद अनाथ, गरीब बेसहारा और स्कुल जाने में असमर्थ बच्चे मिलेगा। कक्षा एक से इण्टरमीडिएट तक बच्चे के शिक्षा का खर्चा संस्था उठाएगी और नि:शुल्क शिक्षण सामग्री भी आप्टा द्वारा मुहैया करायी जाएगी। अध्यक्ष डॉ. मोहित दीक्षित ने बताया कि हमारा प्रयास है मलिन बस्तियों में शिक्षा से वंचित बच्चो में शिक्षा की अलख जगाई जाये और नजदीकी स्कुल या हमारे शिक्षण संस्थानों में बच्चे का दाखिला कराया जाये।

इस अवसर पर रहे मौजूद

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वैभव बसंल, सीए पूनम अग्रवाल, रोहित दीक्षित, नितिन मित्तल, उमेश टिन्ना, संतोष गुप्ता, अनिल रजवानी, अंकुर जैन, पियूष गर्ग, शैलेन्द्र शर्मा, अश्वनी कुमार, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

कल बी वर्ल्ड कॉमर्स फेस्ट में सजेगी व्यापार की दुनिया

- डॉलर व रुपयों से सजे परियर में सेठ जी होंगे आकर्षण का मुख्य केन्द्र, व्यापारी सीखेंगे शेयर मार्केट की बारीकियां
- सेंट पीटर्स कॉलेज में होगा आयोजन, मण्डल के 20 स्कूलों के 600 से अधिक विद्यार्थी कार्यक्रम में लेंगे भाग

जन एक्सप्रेस । आगरा

सेंट पीटर्स कालेज में 9 अक्टूबर को व्यापार की दुनियां सजेगी। डॉलर व रुपयों से सजे परियर में सेठ जी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेंगे। एक ओर जहां दलाल स्ट्रीट में देश के भावी व्यापारी शेयर मार्केट की बारीकियां सीखेंगे वहीं बी टैंक शार्क टैंक की तर्ज पर में व्यापारिक योजनाएं बनाना सीखेंगे। जिसमें न सिर्फ शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों के रोजगार को भी ध्यान में रखा जाएगा। व्यापार के साथ राजनीतिक पक्ष की समझ को मजबूत करने के लिए मोक पार्लियामेंट कार्यक्रम में कॉमर्स के विद्यार्थी अपने प्रतिभा को बढ़ाएंगे। यह मौका विद्यार्थियों को सेंट पीटर्स कॉलेज में कॉमर्स क्लब द्वारा आयोजित बी वर्ड बिजनेस वर्ड में मिलेगा। जिसे आयोजित करेंगे सेंट पीटर्स कक्षा 12वीं व 11वीं कॉमर्स के विद्यार्थी और विभिन्न प्रतियोगिताओं व आयोजन के माध्यम से बिजनेस की बारीकियों को सीखेंगे। सेंट पीटर्स कॉलेज के कॉमर्स के विभागाध्यक्ष मनीष मगन ने विद्यार्थियों से तैयारियों को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन 9 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि बिसनेस वेबसाइट के फाउंडर और सेंट पीटर्स कालेज के पूर्व छात्र सिद्धार्थ होंगे। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओसवाल ग्रुप के नरेश जैन होंगे। कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों को मार्केट में प्रोडक्ट लॉन्च करने से लेकर उसके प्रचार प्रसार तक की तकनीकि जानकारियों के साथ सात प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें आगरा सहित झांसी, अलीगढ़, मथुरा, भरतपुर, फिरोजाबाद के विद्यार्थी रहेंगे।

इस्कॉन संस्थापक के संकल्प को साकार करने को फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम शुरू

- इस्कॉन ने कार्यक्रम के तहत मुरारीलाल खत्री इंटर कालेज में बांटा, एक पहल के विद्यार्थियों को कर रहा भोजन वितरण
- मंदिर के 10 मील तक के क्षेत्र में कोई व्यक्ति भूखा न रहे, कार्यक्रम के तहत भोजन वितरण प्रारम्भ हुआ

जन एक्सप्रेस । आगरा

मंदिर के 10 मील तक के क्षेत्र में कोई व्यक्ति भूखा न रहे, इस्कॉन के संस्थापक प्रभुपाद जी के इसी संकल्प के साथ फूड फॉर कार्यक्रम के तहत सो मुरारीलाल खत्री कालेज की लगभग 500 छात्राओं के लिए भोजन वितरण प्रारम्भ किया। श्रीजगन्नाथ मंदिर, इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविद स्वरूप दास प्रभु ने बताया कि एक पहल के में 600 विद्यार्थियों, कमला नगर पानी की टंकी के पास क्षेत्र में लगभग 400 लोगों के लिए प्रतिदिन सुबह भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अरविन्द स्वरूप ने बताया कि सरकारी स्कूलों में तो भोजन वितरण होता है, परन्तु ऐसे कई गैरसरकारी स्कूल भी हैं जहां बच्चों को पौष्टिक आहार की आवश्यकता है। स्कूल प्रबंधक से बात करने पर पता चला कि मुरारीलाल खत्री इंटर कालेज में भी बच्चों को भोजन वितरण की जरूरत है, इसीलिए एक पहल के बाद इसे चुना गया। आवश्यकतानुसार भविष्य में अन्य स्थानों पर भी फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम के तहत भोजन वितरण किया जाएगा। अरविन्द स्वरूप जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1972 में प्रभुपाद ने मंदिर के 10 मील के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को भूखे न रहने देने का संकल्प लिया था। इस्कॉन मंदिर फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम के तहत सभी मंदिरों में प्रभुपाद जी के संकल्प को साकार करने के लिए प्रयासरत है।

इस अवसर पर रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से आशु मित्तल, स्वाती, कान्ता प्रसाद, सुशील अग्रवाल, अदिति गौरांगी, संजय कुकरेजा, शाश्वत, नंदलाल प्रभु आदि उपस्थित थे।

प्रिल्यूड में हुआ अंग्रेजी वाग्मिता व गायन प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । आगरा

एसोसिएशन ऑफ़ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ़ आगरा (अप्सा) द्वारा वार्षिक साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल फिएस्टा का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कनिष्ठ वर्ग की अंग्रेजी वाग्मिता (इंग्लिश एल्योक्यूशन) एवं एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन 7 अक्टूबर को प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने अप्सा फिएस्टा के अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता , कार्यक्रम के निर्णायक मंडल का अभिनंदन किया । वाग्मिता प्रतियोगिता (इंग्लिश एल्योक्यूशन) का विषय- आशा पर आधारित कविता प्रस्तुति रहा। प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. दिव्या गुप्ता डॉ.मेल्वा पोप श्रीमती अतिशा श्रीवास्तव रही । प्रथम स्थान पर दो प्रतिभागी मैत्री सिंह, माही इंटरनेशनल स्कूल एवं हृदयांशी बाँदिल गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट 1 जबकि द्वितीय स्थान पर भी दो प्रतिभागी दैविक गुप्ता, सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल कर्मयोगी नगर एवं आराध्या सिंह थिनुजा कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल रहे। तृतीय स्थान पर आस्था सिंह, सेंट सीएफ एंड्रयूज पब्लिक स्कूल पीली पोखर रही। एकल गायन प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान- अंजनी सोलंकी, डॉ. एम. पी. एस. वर्ल्ड स्कूल, द्वितीय स्थान- आराध्या कटारा, सीएफ एंड्रयूज स्कूल एवं अभिषेक शर्मा, गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट 1, जबकि तृतीय स्थान-ऋषभ भारद्वाज, कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल रहे।

आईजीआरएस निस्तारण में जनपद पुलिस को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ,के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार के आइजीआरएस पोर्टल पर माह सितम्बर में प्राप्त जनमानस की शिकायतों को नियत समय में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के लिए *जनपद प्रदेश में अव्वल रहकर कुल 115 अंक में से 115 अंक प्राप्त किया ।* समय-समय पर उच्च अधिकारियों व प्रभारी आईजीआरएस महिला उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी द्वारा समीक्षा कर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में आ रही कमियों को दूर किया गया तथा आईजीआरएस सेल व सर्किल व थानों में नियुक्त कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशानुरूप अधिक लगन व मेहनत से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया गया तथा जनपद पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी। जनपद के थाना कोतवाली अकबरपुर, थाना बेवाना, बसखारी, सम्मनपुर, टांडा, इब्राहिमपुर,अलीगंज हंसवर, कटका, जलालपुर, मालीपुर, जैतपुर, भीटी, अहिरौली, महरुआ, महिला थाना ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के थानों की रैंकिंग में सयुंक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं ।

प्रभारी मंत्री ने विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के प्रभारी मंत्रीगिरीश चन्द्र यादव राज्यमन्त्री(स्वतंत्र प्रभार) - युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग,की अध्यक्षता में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा कृषि विभाग, पशुपालन, दुग्ध विकास, वन विभाग, सहकारिता, पंचायती राज विभाग, परिवार कल्याण, नगर विकास, समाज कल्याण ,अल्पसंख्यक कल्याण ,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, बेसिक शिक्षा, खेलकूद, विद्युत विभाग, रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण स्वच्छता, सड़क, चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य, ग्रामीण पेयजल ग्राम्य विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री ने विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर के खराब होने पर उसे तत्काल बदलने तथा जनपद में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। साथ ही साथ उन्होंने उपभोक्ताओं की फास्ट बिलिंग/अधिक बिल से संबंधित संशोधनों को अभियान चलाकर/कैंप लगाकर संशोधित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में खाद्य (यूरिया, डी ए पी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मंत्री ने भविष्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए एडवांस में खाद् की मांग कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जनपद में किसी भी प्रकार से खाद् की कालाबाजारी ना होने पाए। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि से वंचित पात्र कृषकों से समन्वय स्थापित कर योजना से लाभान्वित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में मनरेगा मजदूरी का भुगतान समस्त लाभार्थियों को समय से किया जाए। मनरेगा के समस्त जॉब कार्ड धारकों जॉब कार्ड उपलब्ध कराने तथा उन्हें मांग के अनुरूप कार्य भी उपलब्ध कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 102, 108 एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम में निरंतर सुधार करने व उसमें उपलब्ध सुविधाओं की नियमित जांच करने तथा समस्त चिकित्सालय में और बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जनपद में पूर्ण हो चुके टैंकों/परियोजनाओं से संबंधित ग्रामों में निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में कार्य के गुणवत्ता की चेकिंग कर ली जाए तथा निर्माणधीन परियोजनाओं के कार्य में और तेजी लाई जाए। मंत्री ने 15वें वित्त आयोग एवं 5वें राज्य वित्त आयोग आदि के तहत ग्राम विकास हेतु प्राप्त धनराशि को समय से व्यय किए जाने, एक वर्ष से अधिक समय से धनराशि खर्च न करने वाले ग्राम प्रधानों/सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

डीएपी बिक्री को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी होंगे निलंबित

- मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बरौली अहीर व बमरौली कटारा केन्द्र का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । आगरा

मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने डीएपी बिक्री व्यवस्था को लेकर प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बरौली अहीर और बमरौली कटारा केन्द्र का निरीक्षण किया। सहकारी समिति बरौली अहीर में काउंटर पर किसानों की लाइन लगी हुई थी। इस दौरान मौजूद किसानों ने शिकायत की कि सहकारी समिति बरौली अहीर में डीएपी का स्टॉक बहुत कम है। कई घण्टों लाइन में लगने के बाद बमुश्किल उन्हें डीएपी मिल पा रही है। दूसरे सहकारी समिति से सम्बद्ध किसान भी यहां आकर डीएपी खरीदकर ले जा रहे हैं। डीएपी स्टॉक की किल्लत की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने स्टॉक रजिस्टर की जांच की। संबंधित अधिकारियों से स्टॉक की उपलब्धता, विगत एक माह में वितरित की गयी डीएपी तथा मुख्यालय को किए गये भुगतान से संबंधित सवाल जबाव तलब किए। मौके पर मौजूद उपायुक्त व उपनिबंधक सहकारिता अधिकारी को निर्देश देते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि इस समय खेतों में बुवाई की जा रही है, इसलिए आवश्यकतानुसार जल्द से जल्द मुख्यालय से डीएपी की मांग प्रेषित की जाए।

मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि भविष्य में डीएपी बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आई तो सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक तथा सहकारिता एवं जिला कृषि अधिकारी के निलंबन की संस्तुति शासन में प्रेषित की जायेगी।

घास काटने गई महिला पर बाघ ने किया हमला
विरोध में वन चौकी का घेराव कर हंगामा

- मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने वार्ता कर ग्रामीणों को कराया शांत
- पलिया के अस्पताल में महिला की हालत गंभीर, वन विभाग के खिलाफ रोष

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। पति के साथ खेत पर घास काटने गई महिला पर गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने अचानक हमला कर लहूलूहान कर दिया। चीख पुकार के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण के शोर शराबा करने पर बाघ महिला को छोड़कर गन्ने के खेत में छिप गया।लखीमपुर के अस्पताल में महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के विरोध में जुटे दर्जनों ग्रामीणों ने वन विभाग की चौकी का घेराव कर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने बमुश्किल ग्रामीणों को शांत कराया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

बुधवार सुबह लगभग ग्यारह बजे ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज निवासी रामशंकर अपनी पत्नी आरती देवी,भतीजे संदीप के साथ घास काटनेन गया हुआ था।अचानक गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने महिला पर हमला कर दिया। गर्दन में पंजा लगने से महिला बुरी तरह लहुलुहान हो गई।शोर शराबा होने पर खेतों में काम कर दर्जनों ग्रामीण मौके पर जुट गए। हमले के बाद बाघ पास के ही गन्ने के खेत में छिप गया। बाघ हमले की घटना से ग्रामीणों में खलबली मच गई।घायल महिला को आनन फानन में उपचार के लिए पलिया सीएचसी ले जाया गया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया। स्वजनों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी से ग्रामीणों में रोष फैल गया। विरोध में दर्जनों ग्रामीणों ने वन विभाग की चौकी कबीरगंज का घेराव कर जमकर हंगामा किया। जानकारी पर थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह मौके पर पहुंच गए। गुस्साएं ग्रामीणों से वार्ता कर बमुश्किल शांत कराया।घटना की सूचना के बाद वन दरोगा सधन लाल,पुष्कर सिंह, वन रक्षक हीरालाल मौके पर पहुंच गए।टीम ने घटनास्थल पर बाघ के पगमार्क ट्रेस किए। ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने की मांग की है।

निगरानी का दावा फेल, हमले में घायल हो रहे ग्रामीण

- ट्रांस शारदा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बीते दो सप्ताह बाघ दहशत का पर्याय बना हुआ है। जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में चहलकदमी कर रहे बाघ ने 1 अक्टूबर की रात्रि नहरोसा में आबादी के निकट गन्ने के खेत में आवारा गोवंश पर हमला कर निवाला बना लिया था। 2 अक्टूबर की सुबह घास काटने गए गांव नहरोसा निवासी इसरार खां, कबीरगंज निवासी मंसूर अहमद पर बाघ ने हमला कर लहूलूहान कर दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निगरानी में लापरवाही चलते बाघ लगातार ग्रामीणों पर हमला कर रहा है।
- कबीरगंज वन चौकी क्षेत्र के गांव नहरोसा, राणा प्रताप नगर, राजीव नगर, कबीरगंज, श्रीनगर सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में बाघ की दहशत बनी हुई है। बाघ की दहशत से ग्रामीण खेतों पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ की दहशत से मवेशियों के लिए चारा नहीं ला पा रहे हैं। वन विभाग की टीम निगरानी नहीं कर रही है।

> ग्रामीणों को वन्यजीवों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। बाघ की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के पास पिंजरा लगवाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों से वार्ता हो गई हैं। शीघ्र ही बाघ को पकड़ा जाएगा।
>
> अनिल कुमार, रेंजर बफर जोन सम्पूर्णानगर

तीन माह बाद भी शब्बीर के हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी सेहरामऊ पुलिस

- घटनास्थल पर की गई जांच में बरती गई लापरवाही से उलझी गुत्थी
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद दर्ज की गई थी हत्या की प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

केसरपुरा निवासी शब्बीर की हत्या के तीन माह बीतने के बाद भी पुलिस की चार टीमें हत्यारोपियों का सुराग नहीं जुटा सकी है।घर से मवेशियों के लिए चारा काटने के दौरान आरोपियों ने भारी वस्तु ओर धारदार हथियार से हमला कर शब्बीर की हत्या कर दी थी। गन्ने के खेत में रक्त रंजित शव पड़ा मिला था।मृतक के स्वजन लगातार उच्चाधिकारियों से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस आधुनिक सुविधाओं से लैस है,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ही लापरवाही बरते तो पीड़ित को न्याय की उम्मीद बेईमानी लगने लगती है। शब्बीर की हत्या की घटना के बाद भी ऐसा ही हुआ। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी शब्बीर 26 जून को सुबह मवेशियों के लिए चारा काटने की बात कहकर घर से निकला था।शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान कजरी निरंजनपुर गांव के निकट गन्ने के खेत में रक्त रंजित शव पड़ा मिला था।शव के चेहरे, गर्दन, कान पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। ज़ख्मों से बह रहे खून को देख स्वजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी। स्वजनों का आरोप था कि घटनास्थल पर पहुंची थानाध्यक्ष रुपा विष्ट आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने की बात कहकर पल्ला झाड़ती दिखी थी।जांच के शुरुआती चरण में ही थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।हत्या की वारदात को दबाने का प्रयास किया गया। घटनास्थल की जांच के लिए, डाग स्क्वायड, एसओजी, सर्विलांस की टीम को बुलाना उचित नहीं समझा गया।स्वजनों के आरोप के बाद थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी।शब्बीर के सिर पर भारी वस्तु से हमला किया गया था। धारदार हथियार से सिर चेहरा, गला, कान पर हमला कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की थी। हत्या के खुलासे में लगी पुलिस की तीन टीमे तीन माह बीतने के बाद भी खाली हाथ है। समय के साथ साथ प्राथमिकी की प्रगति भी थम गई। पुलिस के हाथ ऐसा कोई भी सुराग नहीं लगा है जिससे आरोपियों तक पंहुचा जा सके।

हत्याकांड के राजफाश से कोसों दूर पुलिस

शब्बीर की हत्या का राजफाश पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।वारदात के तीन माह बीतने के बाद भी पुलिस अभी तक यह जानकारी नहीं कर सकी है कि शब्बीर के हत्यारे किस वाहन से और किधर से आए थे, उनकी संख्या क्या थी, हत्या के बाद किस दिशा में फरार हुए यह सब पुलिस के लिए गुत्थी बना हुआ है।पुलिस हत्या के राजफाश से कोसों दूर है।

घटनास्थल से नहीं जुटाए गए साक्ष्य

केसरपुरा में शब्बीर की हत्या की सूचना के बाद थानाध्यक्ष रुपा विष्ट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस का कहना था कि आकाशीय बिजली से शब्बीर की मृत्यु हुई है। घटनास्थल पर घास भी जली हुई बताई गई। लापरवाही के चलते घटना स्थल से जली हुई घास या अन्य कोई साक्ष्य एकत्र नहीं किए गए।

> मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज है। राजफाश के लिए एसओजी, सर्विलांस, थाना स्तर की टीम लगी हुई है। शीघ्र ही वारदात का राजफाश कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी
>
> विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।

भारत स्काउट और गाइड की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत द्वारा जिला परिषद की बैठक का आयोजन गांधी सभागार में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

बैठक के शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, उससे उपरान्त जिला मुख्यायुक्त/ सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर जी द्वारा जिलाधिकारी/ अध्यक्ष को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। जिला सचिव संतोष कुमार ने सिटी मजिस्ट्रेट/ जिला मुख्यायुक्त को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

बैठक की कार्यवाही मे सर्वप्रथम स्काउट गाइड गतिविधियों को सुचारू रूप से विद्यालयों में अनिवार्य रूप से संचालित व जनपदीय स्काउट गाइड रैली का आयोजन नवम्बर माह मे और बी.एस.जी ज्ञान परीक्षा मे सभी विद्यालयों के अनिवार्य प्रतिभागीता के लिए कहा। जिलाधिकारी ने स्काउट भवन परिसर में सौन्दर्यीकरण, गेट के बाहर अतिक्रमण, जनपद के समस्त अधिकारियों को स्काउट गाइड का आजीवन सदस्य बनवाने, गणतंत्र दिवस की परेड में स्काउट गाइड की टीम शामिल करने, पानी की टंकी, स्काउट भवन मे द्वितीय तल पर हाल का निर्माण और स्काउट भवन पर गतिविधियों को संचालित कराने के लिए कहा जिसपर सहमति प्रदान की। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे,जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे द्वारा किया गया।

बैठक मे जिला सचिव संतोष कुमार, जिला आयुक्त स्काउट(वयस्क संसाधन)डॉ महेश बाबू, जिला आयुक्त गाइड (वयस्क संसाधन) अनीता सिंह, जिला आयुक्त रोवर डॉ दुष्यंत कुमार, जिला आयुक्त रेंजर डॉ दरख्शा अजहर, जिला आयुक्त गाइड सुमन देवी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, सहायक आयुक्त स्काउट भानु प्रताप सिंह, कमल मोहन पांडे, सहायक आयुक्त गाइड डॉ जाहिदा खातून, जिला सह सचिव हितेश शुक्ला, युवा लीडर तानिया राणा, जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह, जिला बेसिक गाइड कॅप्टन परिणीता सिन्हा, ट्रेनिंग काउंसलर अजय पाल शर्मा, अवंति गंगवार, नरेंद पाल गंगवार, गोपाल, आजीवन सदस्य सौरभ सक्सेना, शिवम कश्यप, अंशुमन तिवारी अंजू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

दबंगों ने किया पति का अपहरण छुड़ाने गई महिला से छेड़छाड़

- विरोध पर मारपीट कर परिवार सहित जान से मारने की धमकी
- पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

बहन के घर जाने की बात कह कर घर से निकला युवक गायब हो गया। पत्नी को खोजबीन पर पता लगा कि आरोपितों ने उनका अपहरण कर लिया। आरोप है की वार्ता के लिए घर पहुंचने पर महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की है।

पूरनपुर निवासी महिला ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 2 जून को उसका पति बीसलपुर निवासी बहन के घर जाने की बात कह कर घर से निकला था। फोन से संपर्क न होने पर बहन और भांजे से बात कर जानकारी की। आरोप है कि उन्होंने बीसलपुर पहुंचने की जानकारी से इनकार कर दिया। महिला की शिकायत पर बीसलपुर कोतवाली लाकर पूछताछ की गई। 9 जुलाई को पति को पूरनपुर कोतवाली लाया गया।आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते महिला को उसके पति से नहीं मिलने दिया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद पति के साथ आए लोगों के सुपुर्द कर दिया। महिला के विरोध करने पर पुलिस ने कोतवाली से भगा दिया। महिला का आरोप है कि वार्ता के बहाने दो युवकों ने श्रीनिवास शर्मा के घर बुलाया। वहां मौजूद मिथिलेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, गौरवी शर्मा, सर्वेश मिश्रा, सेजल मिश्रा ने गाली गलौज कर मारपीट की। पूछताछ पर बताया कि आरोपितों ने उसके पति को बंधक बना रखा है। पति को छुड़ाने के एवज में मकान,हिस्से की जमीन नाम करने की बात कही। मना करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। वापस लौटने के दौरान आरोपियों ने महिला से छेड़छाड़ की। महिला का आरोप है कि उसके पति का कोई सुराग नहीं लग रहा है। आरोपित संपत्ति के लालच में पति की हत्या कर सकते हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

जिलाधिकारी ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर यातायात व्यवस्था की समीक्षा की

एक्सप्रेस । जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में महाकुंभ प्रयागराज की तैयारी को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी महाकुंभ प्रयागराज 2024-25 के दृष्टिगत जनपद के संबंधित यातायात प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बाईपास निर्माण, यातायात प्रबंधन, मुंगराबादशाहपुर रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक सड़कों के मरम्मत, डिवाइडर निर्माण, सीसीटीवी की व्यवस्था, मछलीशहर से भदोही के रोड के मरम्मत, पैचिंग आदि के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई प्रयागराज के पीडी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयबर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

विद्यालय में सफाई करने से मना करने पर चौकीदार ने छात्र को बेरहमी से पीटा

- शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी, अभद्रता
- प्रधानाध्यापक से शिकायत के बाद भी चौकीदार पर कार्रवाई न करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

विद्यालय में सफाई करने से मना करने पर चौकीदार ने कक्षा सात के छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की। पिटाई में छात्र घायल हो गया शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी थी। मामले की शिकायत पुलिस से किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी सर्वेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र प्रवीण सिंह गांव के ही उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र। आरोप है कि चौकीदार ने पढ़ाई करने गए पुत्र पर सफाई करने का दावा बनाया। छात्र ने स्कूल में सफाई करने से मना कर दिया। गुस्साए चौकीदार ने छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर जबरन सफाई कराई। पिटाई से छात्र घायल हो गया। शिकायत करने पर अंजान भुगतने की धमकी दी। बुधवार छात्र अध्यापक को पानी देने गया था। आरोप है कि चौकीदार ने अध्यापक को पानी देने का विरोध कर पुनः सफाई करने का दबाव बनाया। चौकीदार लगातार छात्रा से अभद्र भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित कर रहा है। प्रधानाध्यापक के माध्यम से मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई। आरोप है कि शिकायत के बाद भी चौकीदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

फास्ट फॉरवर्ड

खेत पर घास काटने गये वृद्ध को जहरीले सर्प ने डसा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गये वृद्ध को जहरीले शर्प ने डश लिया जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे लोगों ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन खेत पर पहुंच गये। परिजनों ने वृद्ध को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चुटकुना निवासी हबीब बख्श पुत्र नत्थू बख्श 64 खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गया था। वह जैसे ही गन्ना के खेत में घास काट रहा था वैसे ही जहरीले शर्प से उसके पैर में डस लिया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। आस पड़ोस के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते खेत पर पहुंच गये। परिजनों ने आनन फानन में वृद्ध को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल अब उसकी हालत में सुधार है।

खड़ी फसल में रास्ता बनाने का विरोध करने पर मार-पीट

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। खड़ी फसल में रास्ता बनाने का विरोध करना पीड़ित को मंहगा पड़ा। दबंगों ने मारपीट कर युवक को घायल कर दिया है। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पंसड़ी निवासी धर्मपाल पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव निवासी मनोहर लाल पुत्र नन्हूं लाल, अनीता देवी पत्नी कल्यान राय, कल्यान राय, बृजलाल, शिवकुमार पुत्रगण मनोहर लाल, शिविल कुमार पुत्र ऋषि पाल जबरदस्ती खेत में खड़ी फसल को रौंदकर निकल रहे थे। जो कि रास्ता नवशे में नहीं है। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से झपटे। किसी तरह पीड़ित अपनी जान बचाकर भाग गया तभी आरोपी लाठी डंडे धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और मार-पीट करते हुए सिर फोड़ दिया चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मनोहर लाल, अनीता देवी, कल्यान राय, बृजलाल शिवकुमार व शिविल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने तहरीर के लेखक को भी मुकदमे में कर दिया शामिल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन। तहसील मुख्यालय या दिवानी कचहरी में तो पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एडवोकेट आसानी से उपलब्ध मिल जाते हैं। लेकिन थाना गेट के पास या बैंक परिसर में अक्सर गांव के कम पढ़े लिखे सीधे - साधे लोग तहरीर या धन निकासी व जमा फार्म भरवाने के लिए अपरिचितों तक से मदद ले लिया करते हैं। यहां कोई वकील नहीं होता। लोग मानवता वस उनकी मदद कर दिया करते हैं। इसके उलट स्थानीय थाने में पीड़ित के दुख दर्द को शिकायती पत्र के माध्यम से लिपिबद्ध करने वाले को ही मुकदमे में सामिल कर दिया जा रहा है। जिसके पीछे महज यह कारण है कि तहरीर पुलिस के मन माफिक नहीं लिखी गई। मामला उसरौली गांव का है। जहां दलित अखिलेश को गांव के ही कुछ मनबढ़ो ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचा तो उसे तहरीर देने को कहा गया। वह बाहर किताब कापी की दुकान के संचालक संतोष शर्मा के पास आकर प्रार्थना पत्र लिखने का आग्रह किया। उन्होंने उसकी पीड़ा को शब्दों के माध्यम से तहरीर में लिख दिया। आरोप है कि पहले तो पुलिस ने तहरीर बदलवाने को कहा। संतोष शर्मा का आरोप है कि उन्होंने इन्कार कर दिया तो मुकदमे में लेखक दिखाकर उनका नाम भी शामिल कर दिया गया।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय में संवाद थीम व जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेशो के क्रम में व जिला प्रोबेशन अधिकारी पीलीभीत सुश्री प्रगति गुप्ता के निर्देशानुसार केंद्रीय विद्यालय में संवाद थीम व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा द्वारा महिलाओ को मिलने बाले उनके अधिकारों के बारे में बताया व मनोसमाजिक परामर्शदाता ने वन स्टाप में चल रही एक ही छत के नीचे 5 सुविधाओं के बारे में बताया एवं महिला थाना अध्यक्ष रीना ने साइवर क्राइम के बारे में बताया व वन स्टाप सेंटर की चैकी इंचार्ज कुसुमलता शर्मा ने साइबर अरेस्ट के बारे में महिलाओ व बच्चियों को जानकारी दी। तृप्ति मिश्रा केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर ने कन्या सुमंगला के पात्र लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वह अपनी बेटियों का अति शीघ्र मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में नामांकन करा दें, जिससे महिला कल्याण विभाग की योजना का लाभ उनकी बिटिया को भी मिल सके। मृदुला शर्मा मनोसामाजिक परमार्शदाता ने योजना में मिल रही धनराशि व छः श्रेणी में प्राप्त होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में विभागीय योजनाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिला को मिल रही सुविधाओं व सेवाओं, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तारपूर्वक बताया गया, साथ ही केस वर्कर धीरज ने सरकार द्वारा चलाये जा रही निशुल्क हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 साइबर फाइनेंशियल ठगी, इत्यादि नम्बरों के बारे में जानकारी दी उपनिरीक्षक वन स्टॉप सेंटर कुसुमलता शर्मा व सुनगढ़ी थाने से उपनिरीक्षक आरती कौशिक, केंद्रीय विद्यालय का समस्त अध्यापकगण व बालिकाएं उपस्थित रही।

बाइक और साइकिल की भिड़ंत में पांच घायल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

साइकिल से बाजार जा रहे गांव नवदिया निवासी देवदास को पूरनपुर दवा लेने आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में कलीनगर निवासी बाइक सवार दीवान, पत्नी आमना, पुत्री चांदनी,पुत्र हसन सहित पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायलों एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

उपजिलाधिकारी सीओ चौरा माता मंदिर का चबूतरा मरम्मत तथा तालाब पटाने का दिया आदेश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जफराबाद। नगर पंचायत कस्बा के चक महमूद मोहल्ला में शनिवार को मछली पालन के लिए खोदे गए तालाब से गांव के चौरा माता मंदिर का चबूतरा ध्वस्त होने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। मौके पर पहुंच कर नाप कराने की बात कहकर पुलिस ने लोगों को शांत कराया था। मंगलवार को एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह व सीओ देवेश सिंह मौके पर पहुंचकर लेखपाल के साथ मौके का मुआयना किया। तालाब खोदने वाले को ध्वस्त चबूतरा को बनवाने का आदेश दिया। तथा तालाब को तत्काल पाटने के लिए कहा।

जफराबाद नगर पंचायत में स्थित मोहल्ला चक महमूद में मुस्लिम युवक अजहर शाह ऊर्फ रिंकू ने मछली पालन के लिए तलाब खोदवा दिया था। तालाब से चौरा माता मंदिर का चबूतरा ध्वस्त हो गया था। गांव वालो ने तालाब खोदवाने वाले व्यक्ति से कई बार शिकायत किया था। कोई सुनवाई न होने पर शनिवार को गांव के दर्जनों महिला पुरुष क्रोधित होकर शनिवार को सुबह विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। सूचना पर पहुंची जफराबाद पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर तालाब को पटवाने तथा नाप कराकर जगह को सुरक्षित करने की मांग किया था। मामले की जानकारी उच्च उच्चाधिकारियों को हुई। मंगलवार को नाप करने के लिए क्षेत्राधिकार थानाअध्क्ष के साथ मय फोर्स तथा उजिलाधिकारी अपने तमाम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर सैकड़ो की संख्या में गांव के महिला, पुरुष, बच्चे इक्ठे हो गए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि खोदे गए तालाब की वजह से चौरा माता के मंदिर के टूटे दीवार व चबूतरा निर्माण के लिए दोषी युवक को तत्काल मरम्मत के लिए आदेशित किया गया है।

सामूहिक विवाह योजना में 132 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

✻ 5 के निकाह भी हुए

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में डी0एन0 इंटर कॉलेज, तिर्वा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 137 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 132 जोड़े हिन्दू एंव 05 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे।

इस मांगलिक अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आर्शीवाद देते कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सभी वर्ग के गरीब लोग लाभांवित हो रहे हैं। सौभाग्यशाली है जो एक ही मंडप में पूरी विधि विधान व रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न हो रहा है जिसकी भव्यता अलग ही प्रतीक हो रही है7 यदि शादी अलग-अलग घरों में होती है तो ऐसा मंच ना होता और ऐसा अद्भुत सामूहिक विवाह कार्यक्रम देखने को भी न मिलता। कहा कि जिलाधिकारी द्वारा श्रेणीवार टीम का गठन किया गया है जो ग्रामसभा वार जांच कर योजनाओं से छूटे हुए परिवारों का चिन्हांकन करेगी, अब कोई भी पात्र लाभार्थी केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रह पाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। निश्चित रूप से दाम्पत्य जीवन शुभ और मांगलिक होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की मांगलिक वेला में 137 जोड़ों (132 हिन्दू समाज एवं 5 मुस्लिम समाज) का वैदिक मंत्रोच्चारण करके वैवाहिक रस्मों को बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ है। कहा कि जो लोग अपने बेटे व बेटी का विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, ऐसे लोगो को बराबर सम्मान मिले, के उद्वेश्य से मा0 मुख्यमंत्री जी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई है। इस योजना के माध्यम से असंख्य लोगों का विवाह सम्पन्न हो रहा है और सबको बराबर सम्मान मिल रहा है। उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल रू0 51 हजार की धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें रू0 35000/-कन्या के खाते में एवं 10000/-रू0 की विवाह संस्कार सामग्री (यथा वर-वधू हेतु वस्त्र, आभूषण-चांदी की पायल, बिछिया, डिनरसेट, कुकर, ट्राली बैग एंव लड़के का पैन्ट शर्ट, पगडी, फेटा, वैनिटी किट, दीवार घडी आदि प्रदान किये जाते है। शेष धनराशि रू0 6000/-प्रति जोड़ा विवाह समारोह में व्यय किये जाते है। जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी ने कार्यक्रम समापन में धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम की भव्यता अलौकिकता अलग ही दिख रही है और सबकी उपस्थिति चार चांद बनाया।

इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी एस0पी0सिंह, ब्लाक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों के साथ ही वर-वधू के पारिवारिक जन उपस्थित थे।

जमानतदार के आभाव में नहीं होगी जमानत प्राप्त बंदी की रिहायी : लवली जायसवाल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

सचिव द्वारा यूटीआरसी कैम्पन के तहत उस श्रेणी में आने वाली विचाराधीन बंदियों को चिहिन्त करने के उद्?देश्य से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया साथ ही साथ जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों से उनके खानपान, चिकित्सा एवं उनके मुकदमों में पैरपी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु जेलर एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे अण्डर ट्रायल कमेटी स्पेशल अभियान दिनांक 08 अप्रैल 2024 से दिनांक 20 नवम्बर 2024 तक कैम्पेन चलाया जा रहा है और इस कैम्पेन का तृतीय चरण प्रारम्भ हो चुका है।

जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को रिहा किये जाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विचाराधीन महिला बंदियों से मुलाकात कर उनको विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं निरुद्ध विचाराधीन ऐसे बन्दी जोकि आर्थिक रूप से कमजोर है एवं जमानत दाखिल करने में असमर्थ है, उनसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज में प्रार्थना पत्र प्रेषित करने हेतु बताया गया. जिससे कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को अनुपालन सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान 04 बंदियों द्वारा अपने मामले की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता दिलाये जाने की याचना कि गयी जिसके संबन्ध में तत्काल कार्यवाही करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को उक्त बंदियों के मामले की पैरवी संबंधित न्यायालय में करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बन्दियों से मुलाकात की गई। सचिव द्वारा जेल में संचालित कौशल विकास कार्यक्रम का निरीक्षण कर बताया गया कि कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कैदी के रिहा होने पर वह समाज की मुख्य धारा में जुड़कर स्वरोजगार कर सके और अपने परिवार का पालन पोषण कर सम्मान की जिंदगी जी सके। सचिव द्वारा महिला बैरक में साक्षरता शिविर का आयोजन कर महिला बंदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड्स के इस्तेमाल हेतु जागरूकता किया गया। महिला बंदियों की निजी स्वच्छता को ध्यान में रखते हुऐ प्रत्येक मास में उन्हें सैनेटरी नैपकीन उपलब्ध कराने हेतु डिप्टी जेलर उर्मिला को निर्देशित किया गया। विधिक साक्षरता शिविर के क्रम में तहसील छिबरामऊ में पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो, रिया, साजिब एवं मोशमीन बेगम द्वारा नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित जनमानस को एल0डी0 सी0 एस0 एवं स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली एव लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये नालसा एवं सालसा, के निर्देश पर चलाई जा रही निशुल्क योजनाओं तथा नालसा हैल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे मे बताते हुए आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत निस्तारण हेतु संदर्भित होने वाले प्रकरणों के विषय में विस्तार से बताया गया।

प्रकृति ने महिलाओं को सृजन की शक्ति व समझ दी है: डीएम

✻ स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश बनाने में महिलाओं की होगी विशेष भूमिका: शुभ्रांत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया गया। इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्युपरांत महिला पेंशन के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों एवं महिलाओं के साथ संवाद करना है।

शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को अलग/ अलग कोर्स कराने, ट्यूशनध्कोचिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने का कि शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हम लोग जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखते ही रहते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा, बेहतर शिक्षा देना हर मांकृबाप, अभिभावक का सपना होता है और वह अपने सपने को साकार करने हेतु भरसक प्रयासरत रहता है। लेकिन उस उच्च शिक्षा और बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ हमें यह भी देखना चाहिए कि कहीं हम बच्चों से उनका बचपन तो नहीं छिन रहे हैं। कहा कि प्रकृति ने पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत बनाया हैं। प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है। एक महिला ही एक अच्छे परिवार का निर्माण करती है और जब प्रत्येक परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा और समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा और एक अच्छा देश ही स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश होता है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने उन्होने बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं और विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए।

सभी हेल्पलाइन नंबर (181,1090,1098,112,102,108, 1076, 1930) के बारे में बताया गया। बालिकाओं के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या सहित शक्ति संवाद कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

विकसित तालाबों का पट्टा कर मछुआ समुदाय को दिया जाए लाभ: संजय निषाद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने कल देर शाम सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के कल्याण के जो योजना संचालित की है, प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लाभ मिले इस पर विशेष ध्यान दिया। अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर विभागीय योजनाओं के सफल संचालन में महती भूमिका निभाएं। ग्राम सभा के तालाब में मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालन किसान केडिट कार्ड के लाभार्थी श्री सुमित कुमार को 80000/-ऋण तथा श्रीमती निर्मला 10000/-ऋण का प्रमाण पत्र मंत्री ने वितरित किया।मंत्री ने कहा कि तालाबों की स्थिति प्रत्येक दशा में अच्छी होनी चाहिए। अविकसित तालाबों में मरम्मत कार्य कराया जाए एवं सौंदर्यीकरण हेतु चारो तरफ वृक्षारोपण भी किया जाए। जो तालाब विकसित हैं उन्हें मछुआ समुदाय के लाभार्थियों को आवंटित किए जाएं। उन्होंने सिंचाई व नलकूप विभाग को निर्देश दिए समय समय पर निरीक्षण कर तालाबों में जलापूर्ति हेतु व्यवस्था की जाए। उन्होनें कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की भांति मत्स्यपालकों के भी शिविर लगाकर क्रेडिट कार्ड बनाने का अभियान चलाया जाए। मछली बाजारों/गांव एवं मछुआ बस्तियों में जाकर कैंप स्थापना कर एवं पंप प्लेट, बैनर पोस्टर, चैपाल आदि के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार कर शासकीय योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए। के साथ ही ग्राम सचिवालय पर योजनाओं के संबंध में लेखन भी किया जाए। मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत गतिविधियों का भौतिक विवरण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, सघन मत्स्य पालक एरेशन सिस्टम की स्थापना, मछुआरा दुर्घटना बीमा, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य बीज वितरण की प्रगति, पट्टा आवंटन, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, राज पोषित योजना एवं विभागीय जलाशयों और लाभार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि टीम भावना और परस्पर सामंजस्य के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ के लाभ से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित नहीं रह सकेगा। कहा कि प्रतिबन्धित मछली थाई मांगुर की बिक्री न होने दी जाए। उन्होनें मुख्य चिकित्साधिकारी को मत्स्य पालक कल्याण कोष के तहत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिले, उसके लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 जाटव, उप निदेशक कानपुर मण्डल सुनिता वर्मा, उप निदेशक लखनऊ, डा0 हरेन्द्र प्रसाद, सहायक निदेशक, मत्स्य इटावा गायत्री पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अजय कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, एलडीएम, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रक ने ममेरे भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

मौदहा। कानपुर-सागर हाईवे पर गहबरा चौकी के पास कबरई की तरफ जा रहे ट्रक ने ममेरे भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक दोनों को घसीटते हुए ले गया। जिसमें एक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मौदहा सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शाम 7 बजे परिजनों ने घटना को लेकर आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और एक करोड़ मुआवजा और डिवाइडर बनाने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया है। जनपद बांदा के जसपुरा थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव निवासी जयकरण (28) अपने मामा के गांव चमरखन्ना में खेती किए था। फसल की देखभाल के लिए सोमवार शाम को करीब 5.30 बजे बस से गहबरा चौकी के पास उतर गया। इसके बाद उसने मामा के बेटे चमरखन्ना निवासी पंकज यादव (30) को फोन कर लेने के लिए बुलाया। मौके पर पंकज पहुंच गया। दोनों वहां खड़े थे। इसी दौरान कबरई की तरफ जा रहा अनियंत्रित ट्रक दोनों को टक्कर मारते हुए खड्ड में जा गिरा। ट्रक चालक बाइक सहित दोनों को 20 मीटर तक घिसटता हुआ ले गया।

पिछले सप्ताह मूसलाधार चक्रवाती बारिश के चलते धान की फसल धराशाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में पिछले हफ्ता 2 दिन चक्रवर्ती हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई जिसके चलते धान की फसल की बाली जमीन पर धराशाई हो गई जबकि लेट वैरायटी धान के लिए फायदेमंद साबित न होकर उस समय फूल आना शुरू हुआ था जो फूल बरसात में घुल गया है। उस फसल में भी भारी नुकसान है । किसानों का कहना है कि आगे की फसल में बाली आ चुकी थी बारिश और हवा के झोंके से जमीन में गिर गई है और खेतों में पानी भरा हुआ है। जबकि पछेती धान की फसल में बाली निकलने से पहले फूल आया हुआ था जो की बारिश में धुल गया है जिससे आगामी फसल कमजोर हो जाएगी। अब किसान इस भरपाई के लिए कहां और किसके पास जाए यह समस्या खड़ी हो गई है। जागरूक किसानों ने बताया कि 10- 20त्न का नुकसान उन खेतों में होगा जहां पर अभी भी पानी भरा हुआ है और धान की बाली पानी के अंदर डूबी हुई है। पानी अगर हफ्ते भर में पानी नहीं सूख जाता है। धान की गिरी हुई फसल जहां पानी भरा हुआ है भारी नुकसान की आशंका है। किसानों ने बताया कि आगामी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अधिकारियों से मांग करेंगे कि हमारी धान की फसल और खेतों का निरीक्षण कराया जाए और नुकसान की भरपाई कराई जाए।

त्योहारों के दृष्टिगत जिले के समस्त थानों में किया गया एरिया डॉमिनेशन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डा0 प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों के मुख्य बाजारों, सराफा बाजार, बैंक क्षेत्रों एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु एरिया डॉमिनेशन किया गया।

इस एरिया डॉमिनेशन का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना, आमजन में पुलिस की उपस्थिति का अहसास कराना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। इस दौरान पुलिस बल ने बाजारों में पैदल गश्त भी की, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी तथा पुलिस कर्मियों द्वारा व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया।

जनपद पुलिस प्रशासन का यह प्रयास है कि आने वाले त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके।

हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक पर मिष्ठान्न बितरण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनने के अवसर पर तिर्वा क्रासिंग पर जिला अध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे मिठाई बांटी गई। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा, आईटी सेल भाजपा के जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, रामसेवक कठेरिया, नगर अध्यक्ष शिवेंद्र बेरिया, गोपाल चतुर्वेदी समेत सैकड़ो भाजपा नेता मौजूद रहे।

मरीज और तीमारदार से बदसुलूकी पर मेडिकल कालेज में हंगामा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आई 9 वर्षीय बुखार पीड़ित बच्ची और उसके माता-पिता के साथ डॉक्टरों द्वारा बदसलूकी और मारपीट की घटना सामने आई है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में भगदड़ मच गई, वहीं बुखार पीड़ित बच्ची यह सब देखकर सहम गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया, लेकिन आरोपी डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इलाज के इंतजार में डेढ़ घंटे की देरी

फगुआ गांव निवासी विवेक दुबे अपनी पत्नी और 9 वर्षीय बेटी वैष्णो देवी उर्फ परी को तेज बुखार होने पर सोमवार शाम तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां उन्हें इमरजेंसी से बच्चों के डॉक्टर के पास भेज दिया गया। विवेक और उनका परिवार करीब एक घंटे तक इंतजार करता रहा लेकिन डॉक्टर ने बच्ची का इलाज नहीं किया। जब विवेक ने डॉक्टर से जल्द इलाज करने की बात कही तो डॉक्टर गुस्से में आ गए और बच्ची का इलाज करने से इनकार कर दिया।

मारपीट से सहमी बच्ची

इलाज में देरी और डॉक्टर के इनकार पर विवेक और डॉक्टर के बीच कहासुनी हो गई। डॉक्टर ने अन्य मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर विवेक और उनकी पत्नी के साथ धक्कामुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विवेक घायल हो गए और बच्ची, जो पहले से बुखार से पीड़ित थी, सहम गई।

पुलिस ने किया मामला शांत

मामले की सूचना मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के चंगुल से दंपति को छुड़ाया हालांकि, विवेक ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उन्हें और उनकी पत्नी को जानबूझकर मारा और बच्ची को इलाज देने से इनकार कर दिया। किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तिर्वा कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवक की पीट-पीटकर हत्या, हौद में मिला शव

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले में जरिया थाना क्षेत्र के पवई गांव में युवक की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। प्रदीप (42) सोमवार रात्रि को पिता को खाना देकर दोस्तों के साथ चला गया था। सुबह खेत में बने नलकूप की हौद में शव मिला, उसमें लकड़ी भी डाल दी गईं। सुबह जानकारी होने पर पुलिस जांच में जुटी है।

जहां पर शव मिला उससे सौ मीटर दूर खेत मे लाठी-डंडे व खून के निशान मिले हैं। गांव के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अंदेशा जताया जा रहा है कि रात में किसी ने धारदार हथियार से हत्या कर दी और शव फेंककर फरार हो गया। सीओ घनश्याम सिंह का कहना है कि शव मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

मोटरसाइकिल और साइकिल की जोरदार टक्कर में छात्रा का जबड़ा टूटा और युवक का सर फटा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत कुरौली से सलेमपुर जाने वाले रजवहे पर पतावर अधिक खड़ी होने की वजह से रास्ता सकरा हैं साइकिल और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा थी स्कूली छात्रा का जबड़ा टूट गया वहीं पर युवक का सर फट गया राहगीरो ने दोनों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ककवन में भर्ती कराया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया अनेई गांव निवासी विजय की 17 वर्षीय पुत्री रेशमा प्रतिदिन की भांति अपने स्कूल कुरौवली मोड राधा कृष्ण इंटर कॉलेज से जा रही थी गंभीर हालत में परिजनों ने कानपुर रिफर करवा कर चले गए परियों ने बताया कि जबड़ा कई जगह से टूटा हुआ है पहले इलाज करते हैं बाद में मुकदमा पंजीकृत करना है चांदेताल गांव निवासी अतर सिंह का पुत्र संजय मोटरसाइकिल से अनेई गांव जा रहा था।

अस्पताल में डॉक्टर ने मलहम पट्टी कर युवक को घर भेज दिया।

दस हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया डीएमओ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले में चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने के बदले विभागीय कर्मचारी से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने में विजिलेंस टीम ने जिला मलेरिया अधिकारी को पकड़ लिया। टीम उन्हें अपने साथ लखनऊ लेकर चली गई है। जिले में तैनात मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने विभाग में फाइलेरिया, नियंत्रण इकाई में तैनात तैनात बायोलोजिस्ट केके गुप्ता से उनका चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने के बदले 10 हजार रुपये रिश्वत की मांगी थी।

परेशान होकर बायोलोजिस्ट ने सर्तकता अधिष्ठान के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिसूचना से लिखित शिकायत की थी। शिकायत पर पहुंची 12 सदस्यीय विजिलेंस टीम ने सोमवार दोपहर उन्हें घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते दो वाहनों से आई टीम उन्हें कार में डालकर सीधे लखनऊ लेकर चली गई। सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि विजिलेंस टीम ने जिला मलेरिया अधिकारी को घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभी उनके पास कोई लिखित सूचना नहीं आई है।

एसीपी और कोतवाल टीम ने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील सर्किल क्षेत्र में पुलिस स्कूलों , कस्बो के चौराहों पर छात्र-छात्राओं को आते जाते हुए जागरूक करना प्रशिक्षित करना आपातकाल में इन्हीं नंबरों पर फोन करना कोई व्यक्ति स्कूल आते जाते समय पीछा करता है या किसी बहाने से छूने की कोशिश करता है या गलत कमेंट और इशारे करता है तो इन नंबरों पर तत्काल फोन करें मंगलवार को बिल्हौर इंटर कॉलेज बिल्हौर में प्रशिक्षु एसीपी सुमित सुधाकर रामटेक, कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज व महिला दरोगा और सिपाहियों ने पहुंचकर स्कूल में छात्राओं को प्रशिक्षित किया और उन्होंने उनकी समस्याओं के बारे में सीधा संवाद किया और उन्होंने यह भी बताया कि इस बात की जानकारी जो रास्ते में क्रिया प्रक्रिया लोग करते हैं उसके बारे में अपनी मां और अपने पिता को भी बताएं और पुलिस को जरूर सूचित करें नहीं तो छोटी-छोटी घटना बड़ी घटना का रूप ले लेती है इससे पहले ही पुलिस तुम्हारी मदद के लिए 24 घंटे तैयार है आपातकाल के नंबर डायल कर अपनी समस्या से पुलिस को अवगत कराए।

विपक्ष को फडणवीस ने बताया सौतेला भाई

कहा, बहनें रहें सावधान, ये रोकना चाहते हैं कल्याणकारी योजना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि माजी लड़की बहिन योजना के लिए अक्तूब और नवंबर की किस्तें पहले से ही जमा कर दी जाएंगी, क्योंकि दिवाली के दौरान विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इस दौरान विपक्षी महा विकास अघाड़ी पर निशाना साधते हुए उन्होंने ने महिलाओं से अपील की कि वे कल्याणकारी योजनाओं को रोकने की कोशिश कर रहे कुछ सौतेले भाइयों से सावधान रहें।

'आपका असली भाई इस योजना को नहीं बंद होने देगा'

वहीं देवेंद्र फडणवीस ने कहा, जब तक आपके असली भाई मुंबई (महायुति गठबंधन) में बैठे हैं, हम इन योजना को कभी बंद नहीं होने देंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री माजी लड़की बहिन योजना के तहत, राज्य सरकार पात्र महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता जमा करती है। वहीं भाऊ बीज नवंबर में मनाया जाएगा। उस समय चुनाव संहिता लागू होने की आशंका को देखते हुए सरकार अक्टूबर और नवंबर के लिए लड़की बहिन योजना की किश्तें अग्रिम रूप से जमा कर रही है।

हम आपके सगे भाई हैं: देवेंद्र

सोलापुर जिले के अक्कलकोट शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा, इसका मतलब है कि नवंबर के लिए 'भाऊ बीज' आपके खातों में अग्रिम रूप से जमा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अकेले अक्कलकोट निर्वाचन क्षेत्र में 94,000 महिला लाभार्थियों को (योजना के तहत अग्रिम रूप से) वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा, हम आपके सगे भाई हैं।

'कांग्रेस पार्टी के झूठ अब उजागर हो चुके हैं'

वहीं महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि हरियाणा चुनाव परिणाम कांग्रेस के %फर्जी गढ़ी हुई कहानी% के लिए एक मजबूत संदेश है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के झूठ अब उजागर हो चुके हैं। हरियाणा के मतदाताओं को एहसास हो गया है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 2029 तक चलने वाली है, इसलिए हरियाणा के मतदाताओं ने अपने राज्य में भी डबल इंजन वाली सरकार चुनी है। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार राज्य के चुनावों में भी यही दोहराएगी। हम महाराष्ट्र को नंबर एक स्थान पर लाएंगे और कई मोर्चों पर इसे बेहतर बनाएंगे। महाराष्ट्र में महायुति के सभी घटक बहुत सारे वोट हासिल करेंगे और हम सत्ता में आएंगे।

कांग्रेस पर देवेंद्र फडणवीस ने साधा निशाना

उन्होंने दावा किया कि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के आधिकारिक चुनाव प्रभारी अनिल वडपल्लीवार और कांग्रेस नेता सुनील केदार ने लड़की बहिन, लेक लड़की योजनाओं और महिलाओं के लिए बस टिकटों पर 50 प्रतिशत छूट को रोकने के लिए उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ का दरवाजा खटखटाया है और इसे पैसे की बर्बादी बताया है। बता दें कि राज्य सरकार ने जुलाई में राज्य बजट में घोषित माजी लड़की बहन योजना को लागू करने के लिए 46,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

'जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के दुष्प्रचार मिला कड़ा जवाब'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, भाजपा और केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में पाकिस्तान के दुष्प्रचार का कड़ा जवाब दिया है। सोलापुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं हरियाणा के चुनाव के नतीजों पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। हालांकि, भाजपा और केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में पाकिस्तान के दुष्प्रचार का कड़ा जवाब दिया है। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि विपक्ष का दुष्प्रचार भी गलत साबित हुआ है, क्योंकि उनमें से कुछ लोगों ने यह कहकर जनता को डराने की कोशिश की थी कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद सड़कों पर खून-खराबा होगा। उन्होंने कहा, हमने दुनिया को दिखाया है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हिस्सा लिया है। यह एक मजबूत संदेश है कि भारत सरकार और भारत का चुनाव आयोग वहां निष्पक्ष चुनाव करा सकता है। यहां तक कि दुनिया के कई देशों की तरफ से भेजे गए पर्यवेक्षकों ने भी चुनावों की निष्पक्षता देखी है।

नवरात्रि विशेष

नवरात्रि का आज सप्तम दिवस है। आज श्रद्धालु माँ के कालरात्रि स्वरूप का पूजन करेंगे। नवरात्रि के नव दिवस कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। वैसे तो कन्या-पूजन की परम्परा भारत में पूर्व से ही रही है परन्तु नवरात्रि में भक्तजन प्रथम दिन से ही नव दिनों तक विशेष रूप से कन्या का पूजन करते है। कन्याएं माँ दुर्गा के स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माँ दुर्गा ने राक्षस कालासुर को हराने के लिए एक कन्या के रूप में अवतार लिया था। कन्याओं को घर में लक्ष्मी का रूप माना जाता है। कन्या पूजन से सम्मान, लक्ष्मी, विद्या, बुद्धि और तेज़ की प्राप्ति होती है। कन्या पूजन से विघ्न, भय तथा शत्रुओं का नाश होकर सकारात्मक शक्ति का शीघ्र संचार होने लगता है। कन्याओं को स्वयं देवी का रूप माना गया है। ग्रन्थानुसार जो भी श्रद्धा पूर्वक कन्या पूजन करते है भगवती दुर्गा उन पर सदा प्रसन्न रहती है एवं भगवती दुर्गा का आशिष आजीवन बना रहता है। आज समस्त देवी पंडालों में स्थापित माँ दुर्गा के मूर्ति के पट भी खुल जायेंगे। पंडालों की शोभा देखते ही बन रही है। बाजार सज-धज कर तैयार हो चुके है। चारों ओर चहलकदमी तेज है। फल-मिठाइयों के दुकान भी सामान्य दिनों से अधिक लगे और सजे है। बच्चें मेले घूमने को आतुर है। इस बात की हमें खुशी है कि हमारे पाठक जन एक्सप्रेस में प्रकाशित नवरात्रि विशेष स्तम्भ को पढ़कर इससे लाभान्वित हो रहे है एवं विशेष स्नेह प्रदान कर रहे है। आप नव देवीयों के प्रकाशन के क्रम में आज पढ़िये देवी कालरात्रि के स्वरूपादि के बारे में।

देवी का सप्तम स्वरुप कालरात्रि

देवी कालरात्रि की शक्ति

नवरात्रि के सातवें दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। देवी के चार हाथ है जिसमें इन्होंने एक हाथ में कटार और एक हाथ में लोहे का कांटा वज्र धारण किया हुआ है। वही दो हाथों से भक्तो को अभय वरदान प्रदान करती है। देवी के केश बिखरे हुए है। देवी की सवारी गर्दभ अर्थात गधा (गदहा) है। देवी के तीन नेत्र है जो ब्रह्मांड के समान गोल है। जहां कालरात्रि दैत्य, दानवों का नाश करती है वही भक्तो के लिए अत्यंत शुभकारी मनवांछित फल प्रदान करती है। भूत-प्रेत,पिशाच निशाचर एवं समस्त नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश इनके अराधना से सदैव के लिए हो जाता है।

कालरात्रि स्तोत्र-!

! ध्यान !!
करालवदनां घोरांमुक्तकेशींचतुर्भुताम्।
कालरात्रिंकरालिंकादिव्यांविद्युत्मालाविभूषिताम्॥
दिव्य लौहवज्रखड्ग वामाघो र्ध्वकराम्बुजाम्।
अभयंवरदांचैवदक्षिणोर्ध्वाघ्पाणिकाम्॥
महामेघप्रभांश्यामांतथा चैपगर्दभारूढां।
घोरदंष्टाकारालास्यांपीनोन्नतपयोधराम्॥
सुख प्रसन्न वदनास्मेरानसरोरूहाम्। एवं
संचियन्तयेत्कालरात्रिंसर्वकामसमृद्धिधदाम्॥

राजीव नन्दन मिश्र

ध्यान मन्त्र

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा ।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि।।

देवी कालरात्रि का कवच

क्लींमें हृदयंपातुपादौश्रींकालरात्रि।
ललाटेसततंपातुदुष्टग्रहनिवारिणी॥
रसनांपातुकौमारी भैरवी चक्षुणोर्मम
कहौपृष्ठेमहेशानीकर्णोशंकरभामिनी।
वद्यजतानितुस्थानाभियानिचकवचेनहि।
तानिसर्वाणिमें देवी सततंपातुस्तम्भिनी॥

देवी कालरात्रि को प्रिय

देवी को लाल रंग प्रिय है। माँ को लाल फूल गुड़हल, गुलाब अर्पित करना चाहिए। इन्हें रातरानी का पुष्प अर्पित करना शुभ माना जाता है। कालरात्रि माता को गुड़ अत्यन्त प्रिय है इसलिए अन्य नैवेद्य के साथ विशेष रूप से गुण का भोग लगाना चाहिए।

देवी कालरात्रि की कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, रक्तबीज नाम का एक महापराक्रमी दैत्य हुआ। उसने आसुरी शक्ति स्थापित करने के लिए कई दिनों तक घोर तपस्या की। अपने तपस्या से उसने वरदान प्राप्त किया कि अगर कोई उसको मारना चाहे तो उसके जितने रक्त धरती पर गिरे उतने और रक्तबीज उत्पन्न हो जाये। यह वरदान पाते ही उसने स्वयं को अमर समझना शुरू कर दिया। उसने समस्त जीव-जन्तुओं को परेशान करना शुरू किया। जो उसकी बातें नहीं सुनता, धर्म पथ पर चलता वह उसकी हत्या करवा देता। धीरे-धीरे उसका अत्याचार बढ़ने लगा। यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठानों में बाधा डालने लगा। समस्त देवगण भी उसके इस अत्याचार से त्रस्त हो गए। जो उससे युद्ध करता उसे मारना चाहता असफल हो जाता। उसके रक्त की बूंद जैसे ही धरती पर गिरती तो उसके जैसा एक और दानव उत्पन्न हो जाता था। रक्तबीज से परेशान होकर सभी देवगण इस समस्या के निवारण का मार्ग जानने हेतु भगवान शिव के पास पहुँचे। भगवान शिव ने देवताओं को आश्वासन दिए कि अतिशीघ्र रक्तबीज का नाश होगा। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ही इस समस्या का हल निकाल सकती है। सभी देवगण मिलकर देवी की प्रार्थना करने लगे - हे जगदम्बे! सृष्टि की रक्षा कीजिए माँ, रक्षा कीजिये। देवताओं के त्राहि-त्राहि के इस स्वर को सुन माँ पार्वती ने स्वयं शक्ति व तेज से माँ कालरात्रि का स्वरूप धारण किया। असुरों के साथ देवी ने भयंकर युद्ध किया। माता रक्तबीज के संहार के क्रम में जो भी रक्त उस दानव के शरीर से निकला उसे पीती गयी, धरती पर नहीं गिरने दी जिससे अन्य कोई रक्तबीज उत्पन्न नहीं हुआ। इस प्रकार से माँ कालरात्रि ने रक्तबीज का अन्त कर सृष्टि की रक्षा की। देवी का यह स्वरूप पूर्ण रूप से घने अंधेरी रात्रि की तरह काला एवं विकराल है इनके नाम मात्र से काल भी थर थर काँप उठते है इसी कारण इनका नाम कालरात्रि है।

!! स्तोत्र !!

हीं कालरात्रि
श्रींकराली
चक्लींकल्याणी
कलावती।
कालमाताकलिदर्पध्नीक
मर्दीशकृपन्विता॥
कामबीजजपान्दाकमबी
जस्वरूपिणी।
कुमतिघ्नी
कुलीनर्तिनाशिनी कुल
कामिनी॥
क्लींहीं
श्रींमंत्रवर्णेनकालकण्ट
कघातिनी।
कृपामयीकृपाधाराकृपा
पाराकृपागमा॥

सीएम बीरेन सिंह अप्रवासियों के बारे में पड़ोसी राज्यों की अधिसूचना से चिंतित, कहा, राज्य पर पड़ेगा असर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मणिपुर

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मंगलवार को कहा कि अप्रवासियों के बारे में पड़ोसी राज्यों नागालैंड और मिजोरम की तरफ से अधिसूचनाओं का मणिपुर पर असर पड़ सकता है और लोगों के अवैध प्रवेश को रोकने के लिए अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है।

नगालैंड और मिजोरम ने जारी की अधिसूचना

सीएम बीरेन सिंह ने इंफाल में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नगालैंड सरकार ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें कहा गया है कि कानूनी रूप से बसने वालों का निर्धारण करने के लिए कई समुदायों के लिए आधार वर्ष 1963 और अन्य के लिए 1940 है। उन्होंने कहा कि मिजोरम सरकार ने भी एक आदेश जारी किया है कि जो लोग 1951 के बाद उस राज्य में आए हैं, वे वहां जमीन नहीं खरीद सकते।

उन्होंने आगे कहा कि इन घटनाक्रमों का पड़ोसी राज्य के रूप में हम पर असर पड़ सकता है। इसलिए, मैंने अपने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है ताकि कोई भी अवैध अप्रवासी मणिपुर में प्रवेश न कर सके।

नगालैंड सरकार ने क्या जारी किया है आदेश

बता दें कि ननागालैंड सरकार ने हाल ही में कोहिमा जिले में बसे गारो, कुकी, कचारी और मिकिर (कार्बी) और नेपाली/गोरखा लोगों और उनके प्रत्यक्ष वंशजों की गणना के लिए एक अधिसूचना जारी की थी। गणना गारो, कुकी, कचारी और मिकिर (कार्बी) लोगों के लिए की जाएगी, जो 1 दिसंबर, 1963 से पहले कोहिमा जिले में बस गए थे। नेपाली/गोरखाओं के लिए कट-ऑफ तिथि 31 दिसंबर, 1940 है।

मणिपुर में प्रशासन ने सुरक्षा की कड़ी

वहीं सीएम ने पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि हमारे पड़ोसी राज्यों में अवैध प्रवासियों का पता चलने के जवाब में, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मणिपुर सरकार ने संभावित घुसपैठ के खिलाफ राज्य की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाए हैं। हमने किसी भी अवैध प्रवास को रोकने के लिए प्रमुख इंट्री प्वाइंट, विशेष रूप से माओ गेट और जिरीबाम पर सतर्कता बढ़ा दी है।

हरियाणा चुनाव पर भी बोले सीएम बीरेंन सिंह

इस बीच, हरियाणा में चुनाव परिणामों पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा हमेशा जमीनी स्तर पर लोगों के साथ काम करती है, जबकि कांग्रेस क्रीमी लेयर के लिए काम करती है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के रुझान बताते हैं कि कांग्रेस एक चौंकाने वाली हार की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असंभव संभव हो जाता है। मैं देश के लिए अथक काम करने के लिए हमारे नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि हरियाणा में भाजपा सरकार बनाएगी।

अति आत्मविश्वास ठीक नहीं...

हरियाणा में कांग्रेस की हार पर केजरीवाल ने कसा तंज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा में शुरुआती रुझानों में भाजपा की बढ़त और कांग्रेस की हार पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों का ÷सबसे बड़ा सबक÷ यह है कि चुनावों में कभी भी ÷अति आत्मविश्वासी÷ नहीं होना चाहिए। भाजपा हरियाणा में आसान जीत की ओर बढ़ रही है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से 50 सीटों पर आगे चल रही है। कई सीटों पर नतीजे भी आ गए हैं। अरविंद केजरीवाल का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब हरियाणा में भाजपा स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाती दिखाई दे रही है। केजरीवाल ने आप नगर निगम पार्षदों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देखते हैं हरियाणा में परिणाम क्या आते हैं। इसका सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी अधिक आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट पर चुनाव जीतना कठिन होता है। हरियाणा में कांग्रेस के साथ चुनाव से पहले गठबंधन करने में आप नाकाम रही थी, क्योंकि सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों में मतभेद था। कांग्रेस की ओर से नौ सीटें दिए जाने की मांग

ठुकराने के बाद आप ने हरियाणा की कुल 90 सीटों में से 89 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा। आप उम्मीदवार लगभग सभी सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे हैं। केजरीवाल ने इससे पहले हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि आप के समर्थन के बिना राज्य में कोई सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने पार्टी पार्षदों से अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आपकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हम चुनाव जीतेंगे, बशर्ते आप सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्रों से कूड़े का उचित संग्रह और निपटान हो, जो कि एक बहुत ही बुनियादी बात है।

10-11 अक्तूबर को पीएम मोदी करेंगे लाओस का दौरा

*** यह यात्रा प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर हो रही है**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-11 अक्तूबर को लाओस की राजधानी वियनतियाने की यात्रा पर रहेंगे। उनकी यह यात्रा लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। गौरतलब है कि लाओस वर्तमान में आसियान की अध्यक्षता कर रहा है।

कौन-कौन आसियान के सदस्य?

आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं। जयशंकर ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की और शिक्षा, कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशांत द्वीप समूह और क्रिकेट पर चर्चा की।

जुलाई में विदेश मंत्री जयशंकर ने किया था दौरा

इससे पहले जुलाई माह में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लाओस का दौरा किया था। जयशंकर दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी पहुंचे थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले मुइज्जू, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत दौरे पर हैं। उन्होंने सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि अपनाए गए विजन दस्तावेज दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। धनखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने भारत और मालदीव- व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी

के लिए एक दृष्टिकोण जारी किया। इस दस्तावेज में सुरक्षा और व्यापार समेत कई क्षेत्र में सहयोग की बात कही गई है। उपराष्ट्रपति के कार्यालय से किए गए पोस्ट में कहा गया, जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि आज अपनाया गया विजन दस्तावेज द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए एक रूपरेखा के रूप में काम करेगा। इसे एक व्यापक साझेदारी में बदल देगा जो भविष्य में दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। भारत मालदीव में आवाज परियोजनाओं में तेजी लाने में सहायता प्रदान करेगा। इसके साथ ही भारत ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना (जीएमसीपी) को समय से पूरा करने और थिलाफुशी और जिरावरु द्वीपों को जोड़ने में मदद के लिए अध्ययन में पूर्ण समर्थन देगा। दोनों पक्ष हनीमाधू और गान एयरपोर्ट की पूरी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर भी सहमत हुए। इनका विकास भारत की सहायता से किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने मालदीव के इहावंधिपपोलु और गाधू द्वीपों पर मालदीव आर्थिक गेटवे परियोजना में योगदान देने वाली 'ट्रांसशिपमेंट' सुविधाओं और बंकरिंग सेवाओं के विकास के लिए सहयोग की संभावना तलाशने को लेकर भी सहमति जताई। मालदीव के राष्ट्रपति ने भारतीयों से अपने देश की यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों के बीच आपसी संपर्क लंबे समय से भारत और मालदीव के बीच संबंधों की नींव रहे हैं।

जॉन जे. हॉपफील्ड और जेफ्री ई. हिंटन को भौतिकी का नोबेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

साल 2024 के नोबेल पुरस्कारों के तहत भौतिकी क्षेत्र के लिए अवॉर्ड का एलान मंगलवार को कर दिया गया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने जॉन जे. हॉपफील्ड और जेफ्री ई. हिंटन को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया। इन्हें कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम करने वाली मूलभूत खोजों और आविष्कारों के लिए यह पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। इससे पहले सोमवार को फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का एलान किया गया था। इस साल अमेरिका के विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया। दोनों को माइक्रो आरएनए की खोज के लिए यह सम्मान दिया गया।

इस श्रेणी में 2023 का नोबेल किसे मिला था?

इससे पहले इस श्रेणी में पिछले साल



यानी 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल%हुलियर को दिया गया था।

इतना मिलता है पुरस्कार

पुरस्कारों में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर यानी एक मिलियन अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया

इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया था। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया था, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी थीं। 2022 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से अलेन अस्पेक्ट, जॉन एफ क्लाउसर और एंटन जिलिंगर को दिया गया था।

इन वैज्ञानिकों को मिला था नोबेल पुरस्कार

पिछले साल स्यूकुरो मानेबे, क्लॉस होसेलमैन और जियोर्जियो पेरिसी को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार जटिल भौतिक प्रणालियों को लेकर हमारी समझ में विकसित करने के लिए दिया गया था। स्यूकुरो मानेबे और क्लॉस होसेलमैन ने यह पुरस्कार धरती की जलवायु की भौतिक मॉडलिंग और ग्लोबल वार्मिंग की भविष्यवाणी को मजबूत करने के लिए जीता था। वहीं पेरिसी को परमाणु से ग्रहों के पैमाने तक भौतिक प्रणालियों में उतार-चढ़ाव की क्रिया के खोज के लिए नोबल से सम्मानित किया गया था।

सात अक्तूबर से हुई शुरुआत

चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई थी। इसका एलान बीते दिन सात अक्तूबर यानी सोमवार को किया गया था। इसके बाद आठ अक्तूबर यानी मंगलवार को भौतिकी के नोबेल का एलान किया गया। अब बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा 14 अक्तूबर को की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)